सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 33 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,330.59 |
| निफ्टी | 25,019.80 |
| सोना | 92610 |
| चांदी | 95297 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




क्रिकेटर खुद के बारे में जानकर उठा सकते हैं अपनी क्षमता का अधिकतम लाभ: द्रविड़

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 19 मई 2025 | 6 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 140, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


### आज का मैच

लखनऊ vs हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (लखनऊ)

## न्यूज शॉर्ट्स

### इसरो का 101वां मिशन EOS-09 विफल



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक बड़ा मिशन शुरू किया। यह मिशन रविवार को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। यह इसरो का 101वां मिशन था। इस मिशन में एक सैटेलाइट EOS-09 को PSLV-C61 रॉकेट से भेजा गया। EOS-09 एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह था। इसे सूर्य की कक्षा में स्थापित किया जाना था, लेकिन दुर्भाग्य से यह मिशन सफल नहीं हो सका। इसरो के चीफ ने बताया कि PSLV रॉकेट के चार स्टेज होते हैं। पहले दो स्टेज तक सब कुछ ठीक था। तीसरे चरण में एक समस्या के कारण, मिशन पूरा नहीं हो सका। इसका मतलब है कि रॉकेट के तीसरे स्टेज में कुछ गड़बड़ हुई। इसी वजह से मिशन फेल हो गया। (अनंत ज्ञान)

### 17 सांसदों को मिलेगा 'संसद रत्न' पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संसद में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है। (अनंत ज्ञान)

### सेना पर कमेंट करने पर प्रोफेसर पर एफआईआर

**सोनीपत।** हरियाणा में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ सोनीपत पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले इस प्रोफेसर ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सुजानपुर में वाहन चालकों को मिलेगी पार्किंग की सुविधा -पेज 2
- 26 मेगावाट क्षमता की लारजी विद्युत परियोजना पुनः बहाल -पेज 3
- प्रदेश में दो दिन बारिश और ओलावृष्टि की संभावना -पेज 6
- प्रदेश सरकार के प्रोत्साहन से रक्षा देवी प्रतिमाह कमा रही एक लाख -पेज 9
- अवैध डंपिंग पर महिला मंडल ने आवाज की बुलंद -पेज 12


# भीषण आग ने ली 17 की जान

## हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में लगी आग, मरने वालों में 8 बच्चे

**एजेंसी, हैदराबाद**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार को एक इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में आठ बच्चों समेत कुल 17 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह आग शॉट सर्किट के कारण लगी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 6.30 बजे एक कॉल के जरिए घटना के बारे में बताया गया। वे मौके पर पहुंचे। कई लोग बेहोश पाए गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज हो रहा है।

राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आग की इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। (अनंत ज्ञान)



### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया गहरा दुख

**घटना** पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएम ने एक्स पर लिखा 'हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं।' उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

**मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की फौरी राहत देने की घोषणा**

### महाराष्ट्र के सोलापुर में फैक्टरी में लगी आग, आठ की मौत

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में रविवार तड़के एक फैक्टरी में लगी भीषण आग में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है। यह हादसा सोलापुर एमआईडीसी स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल फैक्टरी में सुबह करीब 3:45 बजे हुआ।


प्राथमिक जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। मृतकों में फैक्टरी के मालिक हाजी उस्मान हसनभाई मंसूरी, उनके परिवार के तीन सदस्य, जिनमें उनका डेढ़ वर्षीय पोता भी शामिल है। अग्निकांड में मरने वालों में चार श्रमिक शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि उसे



काबू में करने में दमकल विभाग को करीब पांच से छह घंटे लग गए। देर शाम तक आग बुझाने का काम जारी था। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत-बचाव कार्य जारी है। आग के कारण हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। (अनंत ज्ञान)

# लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



**सिंध में अज्ञात हमलावरों ने गोलियों से किया छलनी**

आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में एक के बाद एक आतंकवादियों की हत्या की जा रही है। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया। सैफुल्लाह को 2006 में नागपुर में आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले का मुख्य आरोपी बताया जाता है।

अबू सैफुल्लाह भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड बताया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैफुल्लाह बीते कई सालों से नेपाल में फर्जी नाम से रहकर लश्कर के कामों को ऑपरेट कर रहा था। उसने नेपाल में विनोद कुमार नाम रखकर नगमा बानू नाम की महिला से शादी भी की थी। (अनंत ज्ञान)

### पाक की गोलाबारी की आड़ में पुंछ में घुसपैठ करने की कोशिश

**पुंछ।** पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास गोलाबारी की है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इस गोलाबारी से आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश की गई है। पुंछ जिले की मंडी तहसील में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से सटे सावजियां सेक्टर के छंबर किनारी क्षेत्र में रविवार सुबह सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई उस समय शुरू की गई जब क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने की सूचना मिली। सूत्रों के अनुसार, पुंछ पुलिस, विशेष अभियान समूह, सेना और सीआरपीएफ ने सुबह नियंत्रण रेखा के पास संदिग्धों की हलचल देखने के बाद पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन को सैकड़ों सुरक्षाकर्मी के साथ एएसपी मोहन शर्मा ने नेतृत्व किया है।

# आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते : शाह

**एजेंसी, अहमदाबाद**



**गृह मंत्री का पाकिस्तान को दो टूक संदेश**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में रविवार को अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)

# न्यूगल में डूबकर दादा और 2 पोतों की मौत

## खड्ड में कपड़े धोने गए थे प्रकाश चंद, पोतों को भी ले गए थे साथ

**राकेश डोगरा, डरोह**

जिला कांगड़ा के धीरा के तहत पड़ने वाली पंचायत मूंढी के मैले गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में दादा सहित दो पोतों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकरी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार मैले गांव के प्रकाश चंद (70) अपने दो पोतों आरुष (8) व तरु (6) के साथ न्यूगल खड्ड में कपड़े धोने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि प्रकाश चंद जब खड्ड किनारे कपड़े धो रहे थे, तो उनके दोनों पोते खड्ड में नहाने लगे। नहाते हुए



दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

दोनों का शोर सुनकर दादा प्रकाश चंद उन्हें बचाने क लिए गहरे पानी में चले गए, जिसके कारण तीनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग खड्ड की तरफ भागे और उन्हें ढूंढने लगे। जानकारी मिलते ही पुलिस चौकी थुरल की टीम भी मौके पर पहुंच गई तथा तीनों के शवों को खड्ड से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बिहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**पटना।** बिहार के गयाजी जिले में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने समय रहते विफल कर दिया है। जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से लगाए गए तीन शक्तिशाली आईईडी बमों को सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद कर लिया और उन्हें सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर दिया। बरामद किए गए तीनों आईईडी बम 10-10 किलोग्राम वजनी थे और इन्हें जंगल में एक के बाद एक सीरियल पैटर्न में जमीन में दबाया गया था। अगर ये बम फटते, तो सुरक्षा बलों को भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था। (अनंत ज्ञान)

### हरियाणा में पूरा गांव खाली करने के आदेश

**कैथल।** हरियाणा में कैथल के एक गांव को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ग्रामीणों को कोर्ट का नोटिस भेजा है और कहा है कि जल्द से जल्द गांव खाली कर दो। इससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इस एएसआई गांव में खोदाई करना चाहता है। इसके आसपास पहले भी कई बार खोदाई हो चुकी है। अब एएसआई को वहां खोदाई करनी है, जहां घर बने हैं। दरअसल, विभाग को लगता है कि गांव में कई ऐतिहासिक चीजें मिल सकती हैं, क्योंकि यह भूमि रावण की जन्मस्थली है। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान की जिन चौकियों से गोली चली, उन्हें मिट्टी में मिलाया

## ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने जारी किया नया वीडियो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने रविवार को एक नया वीडियो जारी किया। इसमें बताया गया कि 10 मई को पाकिस्तान की जिन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन हुआ था, उन्हें जवाबी कार्रवाई में मिट्टी में मिला दिया गया।

वहीं, डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने राहुल गांधी के विदेश मंत्री पर लगाए आरोपों पर कहा कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी



दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इनकार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। विदेश मंत्रालय ने भी राहुल के आरोपों पर सफाई दी और कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने ऑपरेशन शुरू होने के बाद की बात की थी, न कि पहले की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा था, 'हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को जानकारी देना अपराध है। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माना है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इसके परिणामस्वरूप वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।' (अनंत ज्ञान)

### नए पोप लियो-14 ने 200 वर्ल्ड लीडर्स की मौजूदगी में ली शपथ



**एजेंसी, वेटिकन**

वेटिकन में सेंट पीटर स्क्वायर पर नए पोप लियो-14 का शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए दुनिया भर से 200 नेता वेटिकन पहुंचे। इस कार्यक्रम में हजारों लोग भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम भारतीय समयानुसार 1:30 बजे शुरू हुआ। नए पोप और अन्य कैथोलिक चर्च के नेता शपथ ग्रहण शुरू होने से पहले बेसिलिका के अंदर सेंट पीटर की कब्र पर गए और प्रार्थना किया। शपथ ग्रहण का पूरा कार्यक्रम करीब 2 घंटे तक चला। (अनंत ज्ञान)

# विदेश मंत्री आज से 24 मई तक विदेशी दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**नीदरलैंड डेनमार्क और जर्मनी की करेंगे यात्रा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री तीनों देशों के नेताओं से मिलेंगे। वह द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे, आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बात होगी। जर्मनी में नए चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने मई में पदभार संभाला है। जयशंकर की जर्मनी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रेडरिक मर्ज को बधाई दी थी। उन्होंने भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई थी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा था, 'फ्रेडरिक मर्ज को जर्मनी के संघीय चांसलर के रूप में पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। मैं भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।' (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान गई थी ज्योति

**एजेंसी, हिसार**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब तरह-तरह के खुलासे हो रहे हैं। कोर्ट ने शनिवार को ही उसे पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा और माना जा रहा था कि पूछताछ में कई तरह के खुलासे होंगे। इस कड़ी में अब एक नई बात सामने आ रही है। एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। इसके अलावा ज्योति प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम हमले से पहले भी पाकिस्तान में थी। (अनंत ज्ञान)

### 3 बार जा चुकी है पाक

**हिसार** के डीएसपी कमलजीत ने बताया कि न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाती है। जांच में पता चला है कि वह 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी। वहां उसकी मुलाकात एहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। इसके बाद उसने दानिश से फोन पर संपर्क शुरू कर दिया और तीन बार पाकिस्तान की यात्रा की। पाकिस्तान में दानिश के कहने पर उसके जानकार अली अहवान से मिली। अली अहवान ने ज्योति के ठहरने व घूमने का प्रबंध करने के साथ उसकी मुलाकात पाकिस्तानी इंटेलीजेंस के अधिकारियों से करवाई थी।

**सहारा** मुख्यमंत्री की कल्याणकारी सोच ने प्रदेश के गरीबों और वंचितों को दिया आर्थिक सहारा

# शिक्षा की नई राह दिखा रही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गरीबों और वंचितों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं। उनके हितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारी गई हैं और उनके क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

ऊना जिले की आशा पुरी बताती हैं, 'हम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अत्यंत आभारी हैं कि उनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप अब हमारे बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त करके अपने सपनों को उड़ान दे रहे हैं।' आशा पुरी ने इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के बारे में सीएम सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि हम ऐसी सरकार बार-बार देखना चाहते हैं। आशा ने करीब पांच साल पहले अपने बेटे को खो दिया था। तब से वह अपनी बहू



और दो पोतियों के साथ रह रही हैं। परिवार को लड़कियों की पढ़ाई का खर्च वहन करना तो दूर अपने दिनचर्या के खर्चे उठाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे कठिन समय में इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनी।

**लाभार्थी बोले कठिनाइयों से मिला छुटकारा, सपनों को मिली उड़ान**

आशा की बहू पूजा पुरी का कहना है कि पति की मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों की शिक्षा जारी रखना बहुत कठिन हो गया था। हमने इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत आवेदन किया और अब दोनों बेटियां राज्य सरकार से मासिक आर्थिक सहायता प्राप्त कर रही है। राज्य सरकार द्वारा उन्हें प्रतिमाह 1000-1000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। चंबा जिले की दूरस्थ पांगी घाटी के लुज गांव की वर्षा ने वर्ष 2014 में अपने पिता को खो दिया था। उनके पिता की मृत्यु के बाद परिवार की आय का मुख्य स्रोत समाप्त हो गया था, क्योंकि उनके पिता ही परिवार के अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे। वर्षा का कहना है कि पिता की मृत्यु के पश्चात मेरी मां शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकी। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए वर्षा ने कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना की मदद से अब हमें वित्तीय सहायता मिल रही है और मैं पढ़ाई कर पा रही हूं। (अनंत ज्ञान)

### सूबे के 3,347 विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

**योजना** के तहत उच्च शिक्षा के लिए सरकारी संस्थानों में डिग्री, डिप्लोमा या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकित 18 से 27 वर्ष की आयु के छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में पीजी आवास के लिए 3,000 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता दी जाती है। वर्तमान में 18 वर्ष तक की आयु के 21,288 बच्चे तथा 18 से 27 वर्ष की आयु तक के 3,347 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभार्थी के रूप में चिन्हित किया गया है।

### इस वित्त वर्ष में खर्च होंगे 28.23 करोड़



**प्रदेश** सरकार द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 28.23 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना की पात्रता के लिए आवेदक हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम होनी चाहिए।

### जेएसए परीक्षा देता पकड़ा फर्जी अभ्यर्थी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के भराड़ी स्थित एक स्कूल में जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट (जेएसए) परीक्षा के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। इस परीक्षा केंद्र में एक अभ्यर्थी की जगह दूसरा व्यक्ति परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा देने आए व्यक्ति के हस्ताक्षर व फोटो मूल अभ्यर्थी के फोटो से मेल नहीं खा रहे थे। इस कारण वह पकड़ में आ गया। जानकारी के अनुसार, परीक्षा केंद्र अधीक्षक नितिश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि परीक्षा के दौरान एक युवक की फोटो और हस्ताक्षर मूल अभ्यर्थी से मेल नहीं खा रहे थे। इस पर जब उन्होंने जब जांच करवाई तो जांच में पता चला कि हरियाणा के जींद जिले के थुआ गांव का रहने वाला 23 वर्षीय संदीप कुमार, अजय कुमार नामक अभ्यर्थी की जगह परीक्षा दे रहा था। अभ्यर्थी ने उक्त व्यक्ति को परीक्षा देने के लिए बुलाया था। (अनंत ज्ञान)

# प्लस टू के परिणाम में सरकारी स्कूलों का दबदबा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा घोषित 10+2 के परिणामों में सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से आगे निकल गए हैं। दसवीं के परिणाम में निजी स्कूलों का इस बार कब्जा अधिक रहा, मगर पिछले 5 वर्ष का आंकड़ा देखें तो सरकारी स्कूल इसमें भी अग्रणी रहे हैं। ऐसे में सरकारी स्कूलों में मेहनत कर गरीब तबके के बच्चों का भविष्य संवार रहे शिक्षक बधाई के हकदार हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव राकेश कंवर जी भी बधाई के पात्र हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षक वर्ग और सरकार को इस उपलब्धि हेतु विशेष रूप से बधाई दी है।




## सरकारी स्कूल बखूबी कर रहे कार्य

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा में हिमाचल की बेहतर स्थिति पहले ही साबित हो चुकी है। हीर ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि और आय का अगर सर्वेक्षण राज्य सरकार करवाती है तो सच सामने आ जाएगा कि सरकारी स्कूलों में अति निर्धन श्रेणी के अधिकतम विद्यार्थी पढ़ते हैं जिनको घर में ट्यूशन और पढ़ाई में मदद मिलना जटिल होता है। ऐसे में स्कूली शिक्षा में ही उनको पारंगत बनाते हुए स्पर्धा में सबको पछाड़ना एक चुनौती है जिसको हर वर्ष सरकारी स्कूल बखूबी कर रहे हैं।

## 15 सालों में निजी स्कूलों की संख्या तीन गुना बढ़ी

पिछले 15 साल में निजी स्कूलों की संख्या तीन गुना हो चुकी है जिसके कारण प्रतिस्पर्धा और बढ़ी है। सरकारी स्कूलों के शिक्षक हर तरह की ड्यूटियां निभाने और सेमिनार आदि भी में भी भाग लेते हैं। संघ ने कहा कि इस बार अनेकों मूल्यांकन केंद्रों में उचित तरीके से मूल्यांकन नहीं करने के कारण कुछ विषयों में बच्चों के काफी कम अंक आए हैं। अगले वर्ष केवल 10 से 15 वर्ष का नियमित शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षकों की ही मूल्यांकन में ड्यूटी लगाई जानी चाहिए। अगर ऐसा इस बार होता तो परिणाम बेहतर होता।

# भोरंज के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने मैरिट में बनाई जगह

अनंत ज्ञान, भोरंज

दसवीं और जमा दो कक्षा की बोर्ड परीक्षा परिणाम में पहली बार भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों का दबदबा रहा है। इसके लिए सरकारी स्कूलों में शुरू की गई नीट, जेईई व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी व निशुल्क कोचिंग को बच्चों के अभिभावक व स्वयं बच्चे सफलता का आधार मान रहे हैं।


मुख्यमंत्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में एक साथ दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में पलक शर्मा ने 8वां और सिम्मी ठाकुर ने 98.43 अंक लेकर हिमाचल प्रदेश में 10 वां स्थान पानी में कामयाबी हासिल की है।

## नीट, जेईई व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बनी सफलता का आधार

इसी तरह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधानी की छात्रा शिवानी ने 10 वी कक्षा की मैरिट लिस्ट में 8वां प्राप्त करके भोरंज विधानसभा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में मिल रही गुणात्मक व प्रतियोगात्म शिक्षा को परिचय दिया है। इसी तरह बीते शनिवार को निकले जमा दो कक्षा में विशेष कर विज्ञान संकाय में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के दो छात्रों ने वंशिका ठाकुर ने 95.6 अंक लेकर हिमाचल प्रदेश में मैरिट लिस्ट में 7वां व शिवांश ठाकुर ने 95 प्रतिशत अंक लेकर 10 स्थान पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहन्वीं की कृतिका शर्मा ने जमा दो कला संकाय की मैरिट लिस्ट में 8वां स्थान हासिल करके कीर्तिमान स्थापित किया है।

इसके अलावा अन्य सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम भी इस बार सराहनीय रहे हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में आर्टस और कामर्स का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है। जाहू, लदरौर, पटटा, मुंडखर, डेरा परोल, महल स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा है।

## शिक्षा में हुआ बड़ा सुधार : सुरेश कुमार



भोरंज विधायक सुरेश कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में बहुत बड़ा सुधार हुआ है। इसकी झलक बोर्ड परीक्षा के परिणामों में देखने को मिली है। उन्होंने भोरंज विस के स्कूल में आई मैरिट में खुशी जाहिर और मेधावी बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों और स्कूल मुखियों को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में आने वाले वाले समय में शिक्षा में और सुधार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने तिरंगा यात्रा के नाम पर लोग किए गुमराह : कौशल



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा पर तिरंगा यात्रा के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि 20-20 रुपए में देश का झंडा बेचने वाले और जिनके मूल संगठन ने कभी अपने कार्यालय अथवा कार्यक्रमों में तिरंगा नहीं फहराया वह अपनी विफलताओं के ऊपर पर्दा डालने के लिए तिरंगा यात्राएं निकाल कर देश के सम्मान, आन-बान तथा शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का भी राजनीतिक इस्तेमाल करने का कार्य कर रहे हैं। कौशल ने कहा कि भाजपा के नेता सेना का अपमान कर रहे हैं और सोफिया कुरेशी जैसी देश की बहादुर बेटी को धर्म से जोड़ कर घटिया टिप्पणी की जा रही है। परंतु पूरा भाजपा नेतृत्व उनको बचाने में लगा है। यहां तक कि अदालत के आदेशों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पहलगांव में निर्दोष देशवासियों की सामूहिक हत्या करने वाले आतंकवादियों का कोई नमो निशान नहीं है और भाजपाई तिरंगा यात्राएं निकाल कर जश्न मना रहे हैं। कौशल ने कहा कि भारत की सेना दुनियां की श्रेष्ठ सेनाओं में से एक है और तमाम देशवासियों को अपने देश की सेना पर गर्व है, क्योंकि हमारे सैनिक ही देश के तिरंगे को लहराते हुए सीमाओं और देशवासियों की रक्षा करने में अपने प्राण तक न्योछावर करने का साहस दिखाते हैं।

### निवेश के बहाने 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी

अनंत ज्ञान, भोरंज। थाना भोरंज में माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के न्यायालय के निर्देश पर निजी शिकायत में नेक्सा एवरग्रीन प्राइवेट लिमिटेड, सीकर (राजस्थान) के प्रतिनिधियों सहित 12 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता निवासी कंज्याण गांव तहसील भोरंज शशि कुमारी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे और अन्य लोगों को 'डोलेरा स्मार्ट सिटी' नामक एक धोखाधड़ी वाली रियल एस्टेट परियोजना में लगभग 20 लाख रुपए का निवेश करने के लिए धोखा दिया। जिसे अहमदाबाद, गुजरात के पास स्थित होने का झूठा दावा किया गया था। उसने खुद गलत ब्यानी और उच्च रिटर्न के झूठे वादों के आधार पर 11 लाख रुपए का निवेश किया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला को लिफ्ट देकर मारपीट कर किया बलात्कार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। महिला थाना हमीरपुर में एक महिला ने शिकायत की है कि पिछले कल समय करीब 10 बजे रात भोटा बस स्टैंड में एक व्यक्ति जिसको वह नाम नहीं जानती है। उस व्यक्ति ने कहा कि उसके पास स्कूटी है तथा जाहू की तरफ जा रहा है और शिकायतकर्ता को जाहू बस स्टैंड छोड़ देगा। इस पर शिकायतकर्ता स्कूटी में बैठ गई तथा स्कूटी सवार शिकायतकर्ता को स्कूटी में बिठाकर जंगल में ले गया, उनके साथ मारपीट की तथा शिकायतकर्ता के साथ बलात्कार किया व जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायतकर्ता की इस शिकायत पर तुरंत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### स्काउटिंग कर रही मानव भलाई के लिए कार्य



संजीव चौहान, टौणी देवी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटनौण की भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई ने अपने स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा के साथ निरंतर स्काउटिंग के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए प्रयासरत रहते हैं और आज इसी कड़ी में अपने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई के स्काउट्स एवं गाइड्स और सभी दानी सज्जनों और संस्था के सहयोगी सदस्यों सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक बलवीर राणा, रत्न रांगड़ा, मनोज चौहान, अश्वनी चौहान, ओंकार चौहान ने आज ग्राम पंचायत दरोगण पति कोट में लड़की की शादी में धाम का राशन दिया। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा का कहना है कि मानवता के लिए सेवा करने से बढ़कर और कोई भी पुण्य कार्य नहीं है इस तरह स्काउटिंग के माध्यम से मानव भलाई के लिए निरंतर प्रयास से इस अभियान को जरूरतमंद आदमी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बेटियां देश का है भविष्य : रणजीत सिंह

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर विधायक कै. रणजीत सिंह ने कहा कि बेटियां देश का भविष्य है यह बात जग जाहिर है और इस बार के परीक्षा परिणामों से ये बात स्पष्ट भी हो चुकी है। आज दसवीं कि बात हो या 12वीं की बाजी दोनों बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों ने ही मारी है। 10वीं की बेटी सपना कथयाल ने प्रदेश भर में 9वां स्थान प्राप्त किया है और 12वीं में भी मेरी विधानसभा की बेटियों ने अव्वल प्रदर्शन किया है, जिसमें दीक्षा चौथा स्थान, अभीता चंदेल 8वां स्थान, पायल रांगड़ा 9वां स्थान, सुहानी शर्मा चौथा स्थान व नितिन सयाल ने 7वां स्थान हासिल कर न कि अपने परिवार ने ही अपने गांव बल्कि पूरी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### बैंक की योजनाओं का लाभ उठाएं : सनी कुमार

शशि सोनल, नादौन। हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा नादौन द्वारा ग्राम पंचायत कल्लूर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हिमाचल ग्रामीण बैंक प्रबंधक सनी कुमार ने गांव वासियों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार व बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए अनेकों जनहित योजनाएं शुरू की हैं जिनका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित बैंक की विभिन्न बचत एवं ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

### बाल नादौन स्कूल का 12वीं का परिणाम रहा बेहतरीन



अनंत ज्ञान, नादौन। पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन का 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें विशाल कुमार महतो ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अंशुल कुमार धीमान ने 90 परसेंट अंक, अंशुल कुमार ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोस्वाल ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा उनके बेहतर भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सतीश शर्मा, प्रवक्ता वाणिज्य जोगिंदर सिंह, प्रवक्ता गणित अश्विनी पटेल, प्रवक्ता संस्कृत संजीव शर्मा, प्रवक्ता जीव विज्ञान शिव कुमार, बबीता, समिता, रिपन सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# शहर के कई इलाकों में पानी की दिक्कत

## नलों में नहीं प्रेशर, कई जगहों पर नई पाइपलाइनें अधूरी, लोग परेशान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर



भोटा चौक के पास यहीं पर डैमेज हुई है पाइपें।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**कहां जा रहा 83 लाख लीटर पानी, शहरवासी विभाग से कर रहे सवाल**

पेयजल के सही वितरण के अभाव में हमीरपुर के लिए 83 लाख लीटर पानी सप्लाई करने वाली योजना गर्मी का मौसम शुरू होते ही 'हिचकोले' खाने लगी है। शहर के कई इलाकों में पानी की दिक्कत है। नलों में पानी का प्रेशर बेहद कम है, जिस कारण छतों पर रखी गई टंकियों में पानी नहीं चढ़ पा रहा है।

अब असल समस्या यह है कि लोग शिकायत करें भी तो करें कहां? क्योंकि सुनवाई यहां हो नहीं रही। इसे चाहे स्टाफ की कमी माना जाए या फिर अधिकारियों की लापरवाही। वैसे यहां सत्ता के कमजोर प्रभाव की वजह से भी लोगों को परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। वहीं प्रताप नगर इलाके के लिए जिस चार या पांच इंच मोटे डाय की पाइपलाइन डाली जा रही थी, उसका काम 8 महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में भी पानी की कमी महसूस हो रही है।(अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर के वार्ड नंबर 11 के लिए पानी की व्यवस्था का कार्य कई महीनों से अधूरा

हमीरपुर शहर, खासकर वार्ड नंबर 11 के लिए जिस नई योजना के पानी को हीरानगर के टैंक से डिस्ट्रीब्यूशन में लाना था, वह काम कई महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। लग नहीं रहा, कि गर्मियों के इस मौसम में उसका रुका हुआ काम जारी होगा। इसी वजह से जब करोड़ों स्कीम पर अभी तक खर्च जा चुके है, मगर लोगों को क्या मिल रहा। गर्मी के इस मौसम में उन्हें तो किल्लत झेलनी पड़ रही है।

### गौड़ा क्षेत्र में भी लोग पानी को लेकर परेशान

गौड़ा क्षेत्र में भी पानी की दिक्कत है। वहां भी हल्के प्रेशर के साथ पेयजल की सप्लाई हो रही है। शहर में कई जगह नए टैंक भी बने हैं। लेकिन व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं हो रहा। जल मिशन पर इतना सारा करोड़ों का पैसा खर्चा जा रहा है, लेकिन लोगों को यदि सहूलियत ही नहीं मिलेगी? तो फिर सवाल तो उठेंगे ही। अब असल समस्या यह है कि विभाग इन सवालों का जवाब देने से पल्लू झाड़ रहा है।

### पाइपलाइन की मरम्मत न होने से नालियों में बह रहा पानी

भोटा चौक के पास बस स्टैंड की तरफ सड़क किनारे इन दिनों फुटपाथ के निर्माण का काम शुरू हुआ है। यहां जितनी पाइपलाइन थीं, वह अस्त व्यस्त हुई पड़ी हैं। उनकी मरम्मत कब होगी, इसकी कोई गारंटी नहीं। इसलिए आसपास के बड़े क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से पानी के लिए लोगों को अच्छी खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। यहां ज्यादातर पानी नाली में ही बह रहा है। क्योंकि पाइपों की मरम्मत युद्ध स्तर पर नहीं हुई है।

### समस्या का होगा समाधान : पंकज

इधर जूनियर इंजीनियर पंकज कटोच का कहना है कि कुछ पाइप भोटा चौक के पास फुटपाथ के काम की वजह से डैमेज हो गई थीं, उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। जहां-जहां पानी की दिक्कत आ रही है। वहां समस्या का हल निकालने का प्रयास जारी है।

# पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री मोदी व भारतीय सेना के साथ : नरेंद्र



अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पाकिस्तान द्वारा पोषित व संरक्षित आतंकवाद के खिलाफ, पूरा राष्ट्र, देश की सेना व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर निर्णय के साथ चट्टान की तरह अड़िग है, यह बात पूर्व में खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व कर चुके, भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने भलेठ, सुजानपुर में चौथी आदिशिव ओपन स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही।

नरेंद्र अत्री ने प्रदेशभर से आए बैडमिंटन खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों व स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के कोने-कोने में आम नागरिक देशभक्त देश प्रेमी, हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकाल कर जहां एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम के प्रति सम्मान, समर्थन व स्नेह प्रदर्शित कर रहे हैं, वहीं शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इससे पहले दाड़ला पंचायत पहुंचने पर

## नरेंद्र अत्री ने किया स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन

मुख्यातिथि नरेंद्र अत्री का पंचायत उपप्रधान जगन कटोच व आयोजन समिति के सदस्यों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौके पर फुटबॉल संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेश राणा, पंचायत प्रधान अनिल परमार, बीडीसी वाइस चेयरमैन राजेश ठाकुर, युवा मोर्चा महामंत्री रिशु, अक्षय सहित कई गणमान्य मारने मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रदेश के कोने-कोने से सभी वर्गों में लगभग 100 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रथम पुरस्कार 11000 द्वितीय पुरस्कार 7100 तृतीय पुरस्कार 5100, चौथा पुरस्कार 4100 रुपए है।

अत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य पर प्रकाश डाला, तो वहां मौजूद खिलाड़ियों, पूर्व सैनिकों, पंचायत प्रतिनिधियों व खेल प्रेमियों ने भारतीय सेना जिंदाबाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के गगन चुंबी नारे लगाए।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में सनी सिक्स अवाहदेवी टीम बनी विजेता

अनंत ज्ञान, भोरंज

खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक सशक्तता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बजड़ौह में परमार यूथ क्लब बजड़ौह द्वारा एक दिवसीय अंडर-19 वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस आयोजन के मुख्य संरक्षक परमार युवक मंडल बजड़ौह के जितेंद्र नगवाल ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान बजड़ौह टीम और नवाही टीम के बीच आमना-सामना हुआ। बजड़ौह की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए नवाही को सीधे सेटों में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में बधानी और सनी सिक्स अवाहदेवी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। उत्कृष्ट टीम समन्वय और रणनीति के दम पर सनी सिक्स अवाहदेवी ने बधानी को हराकर फाइनल का टिकट कटाया। जिसमें सनी सिक्स अवाहदेवी की टीम ने विजेता रही।

# चाणक्य द गुरु हमीरपुर ने 12वीं के परिणाम में बिखेरी चमक

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

चाणक्य द गुरु, हमीरपुर ने एक बार फिर 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर शैक्षणिक मानक को ऊंचा किया है। इस संस्थान के छात्रों ने मेडिकल और नॉन-मेडिकल दोनों स्ट्रीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार अंक प्राप्त किए हैं।

संस्थान की छात्रा सुनाक्षी ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। 11 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और सभी 40 छात्रों ने 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो संस्थान द्वारा पोषित प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। वहीं वंशिका ठाकुर और शुभांगी चौहान ने 467



अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान, नीकेतन अंगारिया ने 466 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया, जो मेडिकल स्ट्रीम में संस्थान के शीर्ष चार स्थानों की झलक देता है। मेडिकल स्ट्रीम में शीर्ष चार के अलावा, रिया शर्मा 462 और आर्ची गोरा 460 अंक लेकर बेहतर प्रदर्शन किया। नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में वानिका शर्मा ने 459 अंकों के साथ नॉन-मेडिकल स्ट्रीम का नेतृत्व किया और 7वां स्थान प्राप्त किया। अंशिता शर्मा और इशिता पाट्याल ने 458 अंकों के साथ क्रमश: 8वां और 9वां स्थान प्राप्त किया। अमिशी शर्मा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सभी 40 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिसमें स्नेहा शर्मा ने न्यूनतम 375 अंक प्राप्त किए।

वहीं संस्थान के निदेशक डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, स्कूल उन्नत मार्गदर्शन कार्यक्रमों और उद्योग-सरेखित कार्यशालाओं की योजना बना रहा है ताकि छात्रों की क्षमता को और ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

### छात्रों को सम्मानित करेगा भोरंज कला एवं खेल मंच

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज कला एवं खेल मंच ने भोरंज क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया करने का निर्णय लिया है।

मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह 25 मई को 10 बजे बस्सी के एक निजी होटल में होगा। यह जानकारी कला एवं खेल मंच के महासचिव एवं अधिवक्ता दिनेश संधू ने बताया कि यह आयोजन छात्रों के उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु किया जा रहा है। कला एवं खेल मंच भोरंज शिक्षा, संस्कृति और खेलों के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# पूर्व सीएम धूमल और उनकी भाभी को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के निवास स्थान पर जमली गो सेवा धाम समिति ने रविवार को समीरपुर में उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर के दौरान समिति ने प्रो. धूमल के स्व. बड़े भाई रूप सिंह धूमल की धर्मपत्नी गीता धूमल को भी सम्मानित किया गया। समिति के मुख्य प्रबंधक रसील सिंह, वरिष्ठ नेता प्यारेलाल शर्मा, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभय वीर सिंह सहित जमली धाम समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा बालक नाथ मंदिर बुंगा में मेले का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, भोरंज



उपमंडल भोरंज के ग्राम पंचायत अमरोह के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जय बाबा बालक नाथ बुगा मंदिर में रविवार से दो दिवसीय वार्षिक मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मेले का आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा भक्तों की आस्था एवं धार्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। शुभारंभ अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। मेले के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र गारला रहे, जिन्होंने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर मेले का उद्घाटन किया। मंदिर कमेटी के प्रधान जगदेव सिंह ठाकुर ने बताया कि यह मेला हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें न केवल स्थानीय लोग बल्कि आस-पास के गांवों से भी श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल होते हैं।

इस मौके पर कमेटी उपप्रधान ओमप्रकाश, पूर्व थानेदार अनंत राम, सचिव हेम राज विमल, कोषाध्यक्ष भरत राज, रिटायर्ड प्रिंसिपल मुख्तयार चंद, मेहर सिंह, ठाकुर राजेंद्र सिंह सहित समस्त ग्रामीणजन और गणमान्य व्यक्तित्व मौजूद रहे। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, भंडारा और चिकित्सा शिविर की भी व्यवस्था की गई थी। मंदिर कमेटी द्वारा सुरक्षा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**सहूलियत** टैक्सी और ट्राला स्टैंड 60 लाख रुपए की लागत से किया पक्का

# सुजानपुर में वाहन चालकों को मिलेगी पार्किंग की सुविधा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर शहर में पार्किंग की बनी ज्वलंत समस्या से निजात मिल जाएगी। नगर परिषद सुजानपुर द्वारा समस्या से निजात दिलाने को टैक्सी स्टैंड तथा ट्राला स्टैंड पक्का कर दिया गया है तथा आगे का कार्य चल हुआ है कुल 60 लाख के करीब धनराशि खर्च की जा रही है। पार्किंग स्थल का स्थान पक्का होने के साथ-साथ रात्रि लाइट व्यवस्था भी जगमगाती नजर आ रहीं हैं चौगान के किनारे वाकायदा से चार स्थानों को चयनित किया गया था जिन दो स्थान पक्के कर दिए गए है। सुजानपुर में दिन



प्रतिदिन पार्किंग की समस्या ज्वलंत बनती जा रही थी जिसको लेकर के हर दिन अक्सर यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है जहां सड़कों में खड़े बेहतर की ढंग से वाहनों के चलते अक्सर जाम लग रहता है।

नगर परिषद सुजानपुर ने शहर की इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर के योजनाबद्ध से चौगान के किनारे पार्किंग के लिए स्थान चयनित किया था जिसमें चार स्थानों पर वाहन पार्किंग किए जाएंगे जिनका निर्माण टैक्सी स्टैंड, ट्राला स्टैंड के पांच आदि स्थानों के चलते चौगान की रेलिंग के बाहर निर्माण किया जा रहा है चयनित स्थानों को बाकायदा से पार्किंग स्थल का रूप दिया जाएगा। जहां बाहर से आए वाहन चालकों के साथ-साथ वाहन मालिकों के लिए पार्किंग स्थल की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा।

### समस्या से मिली निजात

शहर में जिस तरह लाखों रुपए खर्च करके स्थान को पक्का किया जा रहा है, योजना बंद ढंग से वाहनों के लिए स्थान चिन्हित कर देने से काफी हद तक वाहन मालिक, चालकों को भी पार्किंग स्थल मिल जाएगा। सड़कों पर गलत ढंग से खड़े हुए वाहनों को न चालान का भय होगा चयनित पार्किंग स्थल मिल जाएगा वार्ड नंबर 2 में भी पार्किंग स्थल लेने समय पहले बनाया था लेकिन आज तक स्थानीय प्रशासन बैठकों में ही इसके उपयोग की बातें करता रहा जिसको आज तक उपयोग नहीं हो रहा है।

# कांग्रेस पार्टी को जिला हमीरपुर में मजबूती प्रदान करूंगा : विक्रम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला हमीरपुर के अध्यक्ष पद पर पुन:नियुक्ति के लिए विक्रम शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के दूरदर्शी, लोकप्रिय, माननीय मुख्यमंत्री सुक्खू, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पंवर, हिमाचल प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन मिरुपा व कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू व विधायक सुरेश कुमार का भी आभार प्रकट किया।

विक्रम ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि संगठन व माननीय मुख्यमंत्री जी ने पुन: मुझ पर जो विश्वास दिखाया है उस पर मैं सही उतरने का विश्वास दिलाता हूं व संगठन को सुदृढ़ कर कांग्रेस पार्टी को जिला हमीरपुर में मजबूती प्रदान करूंगा। विक्रम शर्मा ने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी व ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन माननीय मुख्यमंत्री के आदेशानुसार किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बल्ह में वोल्वो बस से 1.399 किलोग्राम चरस पकड़ी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के पुलिस थाना बल्ह की टीम ने एक व्यक्ति को मंडी-सुंदरनगर हाइवे पर नागचला में नाकाबंदी के दौरान 1.399 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बल्ह की टीम नाकाबंदी के दौरान नगाचला में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक वोल्वो बस नंबर डीडी- 01वाई- 9601 को चेकिंग के लिए रोका। वहीं, बस की तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति से चरस बरामद की गई है। मामले में बस चालक जगदीश कुमार गांव गोथला, जिला मंडी से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### हम हाइड्रोजन बम की धमकी से डरने वाले नहीं : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा संसद सुरेश कश्यप ने पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय



सेनाओं की तारीफ करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन इसी के साथ पीएम मोदी ने देश को सुरक्षित करने का भी काम किया। उन्होंने कहा, जब से पीएम मोदी ने सत्ता संभाली उसके बाद तीन बड़े हमले हुए और पीएम मोदी ने हर आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कश्यप ने कहा भारतीय सशस्त्र बलों ने शौर्य और साहस का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से पाकिस्तान डरा हुआ है और दुनिया हैरान होकर देख रही है। पाकिस्तान एक भी मिसाइल भारत की जमीन पर नहीं गिरा सका , एक भी ड्रोन भारत की सीमा पर नहीं गिर पाया।


### जखरोड़ा में महिला ने लगाया फंदा, मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना परवाणू में सूचना मिली कि गांव जखरोड़ा में एक महिला ने फंदा लगा लिया। जिसकी सूचना पर पुलिस थाना परवाणू की टीम मौके पर पंहुची। पुलिस ने उक्त महिला के परिजनों से घटना बारे तस्दीक की। उक्त महिला की पहचान बिमला देवी (28) पत्नी तरसेम लाल निवासी गांव जखरोड़ा, जिला सोलन के रूप में हुई है। पता चला है कि 16 मई को उक्त महिला का पति स्कूल से बच्चों को लाने गए थे और वापस आने पर उन्होंने अपनी पत्नी को अपने कमरे के अंदर फंदे से लटके हुए पाया। पुलिस ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान न पाए गए हैं। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम ईएसआई अस्पताल परवाणू करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 26 मेगावाट क्षमता की लारजी विद्युत परियोजना पुन : बहाल

## बिजली उत्पादन शुरू, सरकार के ठोस प्रयासों से दो वर्ष में पूरा हुआ कार्य

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में 126 मेगावाट क्षमता की लारजी जल विद्युत परियोजना को पूरी तरह बहाल कर दिया गया है और यह योजना कार्यशील हो गई है। यह परियोजना 9 और 10 जुलाई, 2023 को ब्यास नदी में आई बाढ़ के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस परियोजना को बहाल करने का कार्य दो वर्ष से भी कम समय में पूर्ण हुआ है। राज्य सरकार के दक्ष और मजबूत प्रयासों के कारण यह कार्य संभव हुआ, जिससे बड़े आर्थिक नुकसान से बचाव हो पाया है।

**तीनों टरबाइनों ने काम करना किया आरंभ**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में, सरकार द्वारा इस परियोजना के पुन: कार्यशील करने के लिए प्रारम्भ में 25 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई। इसके पश्चात 35 करोड़ रुपए और तत्पश्चात 185.87 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई।

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के इंजीनियरों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने इस परियोजना को बहाल करने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य किया है, उनके अथक प्रयासों से लारजी पॉवर प्रोजेक्ट के यूनिट-1 को 15 जनवरी, 2024 को फिर से शुरू किया गया और 2 मई, 2024 को पॉवर ग्रिड से जोड़ा गया। यूनिट-2 को 9 अगस्त, 2024 को तथा यूनिट-3 17 जनवरी, 2025 को शुरू की गई। वर्तमान में परियोजना के तीनों टरबाइन कार्यशील हैं और विद्युत उत्पादन आरम्भ कर दिया गया है। बाढ़ के कारण टरबाइन इकाइयों के अंदर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया था, जिससे वे कई महीनों तक काम नहीं कर पाए, क्योंकि तकनीकी रूप से मलबा हटाना संभव नहीं था, इसलिए मलबे को कार्य बल द्वारा साफ किया गया। (अनंत ज्ञान)

**प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को किए कई निवारक उपाय**

**भविष्य** में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए परियोजना की सुरक्षा के लिए कई निवारक उपाय किए गए हैं। ढलान स्थिरीकरण कार्य के लिए केबल जाल और रॉक-फॉल बैरियर स्थापित किए गए हैं। सर्ज शाफ्ट गेट के पास कार्य पूरा हो गया है और भूस्खलन और गिरने वाले मलबे के जोखिम को कम करने के लिए पॉवर हाउस के प्रवेश द्वार पर कार्य चल रहा है।

**प्रवेश सुरंग पर लगाया मजबूत गेट**

**इसके** अतिरिक्त, भारी बाढ़ के दौरान पानी के प्रवेश को रोकने के लिए प्रवेश सुरंग पर एक मजबूत गेट लगाया गया है। इस तरह के एक गेट का निर्माण आपातकालीन निकास सुरंग में भी किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षित व जलरोधी प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कार्य भी किए जा रहे हैं। बता दें कि 3 अगस्त, 1953 को ब्यास नदी पर स्थित लारजी जल विद्युत परियोजना में बड़ी बाढ़ आई थी। इस बाढ़ में 3838.37 क्यूमेक्स पानी का बहाव था, जबकि वर्ष 2023 में आई बाढ़ में 5600 क्यूमेक्स पानी का बहाव था, जो 1953 की बाढ़ की अपेक्षा काफी अधिक था।

# छात्रवृत्ति योजनाओं से 87 हजार से अधिक छात्रों की संवरी जिंदगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में शिक्षा का क्षेत्र बडे बदलाव के दौर से गुजर रहा है। शिक्षा में समावेशिता, अकादमिक उत्कृष्टता और संरचनात्मक सुधारों के दृष्टिगत अनेक क्रांतिकारी बदलाव लाए जा रहे हैं और इसे पुन: परिभाषित किया जा रहा है। मौजूदा सरकार सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का सपना साकार हो।

जानकारी के अनुसार पिछले अढ़ाई वर्षों में सरकार ने छात्रवृत्ति कार्यक्रमों को व्यापक विस्तार दिया है। विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से 87,000 से अधिक विद्यार्थियों को लगभग 92 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत उच्च शिक्षा और वंचित वर्गों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। इसका लाभ उठाकर बच्चे सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा और आरआईएमसी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित होने में सफल हुए हैं। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति के 22,500 से अधिक विद्यार्थियों को 4,049.70 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

**वैश्विक शिक्षा पद्धतियों के समावेश से शिक्षा क्षेत्र को मिला सशक्त आधार**

बताया गया है कि जनवरी, 2025 में जारी शिक्षा की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश पढ़ने और सीखने के स्तर की राष्ट्रीय रैंकिंग में 21वें स्थान से शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में हिमाचल के विद्यार्थियों को पढ़ने के कौशल के लिए देशभर में शीर्ष पर रखा गया है। प्रदेश में किए गए जा रहे सर्वेक्षण भी सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार को प्रदर्शित कर रहे हैं। केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना को सफलतापूर्वक लागू करने में हिमाचल, देशभर में शीर्ष स्थान पर रहा है।

वहीं, बच्चों और शिक्षकों को वैश्विक शिक्षा पद्धति से अवगत करवाने के लिए सरकार ने सिंगापुर, कंबोडिया और शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी राज्य केरल और अन्य राज्यों में मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक्सपोजर विजिट की सुविधा प्रदान की जा रही है ताकि उनका ज्ञानवर्धन हो सके।

**यूनेस्को के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

**प्रदेश** सरकार ने शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार के लिए यूनेस्को के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित किया है। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति को आधुनिक बनाना, मूल्यांकन की पद्धति में सुधार करना और विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशल में निपुण बनाना है। नीति, निवेश, नवाचार और समावेश के समग्र मिश्रण से, राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र का कायाकल्प किया है।

# कांग्रेस राज में चल रही आम जनता को परेशान करने की मुहिम : नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में केवल मात्र जन परेशानी वाली सरकार चल रही है, जहां भी जाओ हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में जनता वर्तमान कांग्रेस सरकार से परेशान है।



नंदा ने कहा कि अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना में रोगियों से पर्ची के पंजीकरण का 10 रुपए शुल्क वसूलना शुरू कर दिया है। कई मरीज अचानक से दस रुपए वसूलने को लेकर हैरत में भी पड़ रहे। अगर सबको याद होगा तो वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री ने कुछ शब्द इसको लेकर कहे थे। उन्होंने कहा था कि हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य लाभ के लिए पर्ची पर शुल्क लगना चाहिए, क्योंकि आम जनमानस अपनी पर्ची घुम कर देता है, शुल्क लगने के बाद पर्ची को व्यक्ति संभाल कर रखेगा। चमियाना अस्पताल में न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओपीडी चलती है। औसतन करीब पांच सौ से अधिक मरीज रोजाना अस्पताल में उपचार करवाने आते हैं।

**चमियाना में रोगियों से पर्ची के वसूले जा रहे 10 रुपए, मरीज परेशान**

वहीं, 19 मई को होने जा रही मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को लाया जा सकता है। अभी प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी महिलाओं को एचआरटीसी की बसों में किराये में 50 फीसदी की छूट दे रखी है। पथ परिवहन निगम की आय में बढ़ोतरी करने के लिए यह फैसला लिया जा सकता है। पहले ही पथ परिवहन निगम को घाटे से उभारने के लिए पहले न्यूनतम किराये को 5 से 10 रुपए किया है। इसके बाद लंबी दूरी के किराये में भी 15 फीसदी बढ़ोतरी की है।

नंदा ने बताया कि जहां शिमला से धर्मशाला पहले 535 रु लगते थे अब 615 रु लगेंगे। यानी ऐसी सुविधा जो जन सेवा के लिए बनी है, उसके घाटे में होने की आड़ में जनता पर बोझ बढ़ने का कार्य वर्तमान कांग्रेस सरकार कर रही है।

# हिमाचल परिवहन विभाग ने 912 करोड़ का राजस्व किया अर्जित : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि परिवहन विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 में 912 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 132 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने आगे बताया कि विभाग ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले एक वर्ष में प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख नई गाड़ियां पंजीकृत हुई हैं।

उन्होंने शिमला में रविवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि विभाग को लगातार दो वर्षों से केंद्र से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिल रहे हैं। विभाग ने आगामी वर्ष के लिए 1000 नए रूटों का सृजन करने का लक्ष्य रखा है। अगले एक वर्ष में 18 सीटर की 350 और 422 बड़ी गाड़ियों को रूट परमिट किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 3000 निजी वाहन हैं और विभाग अब तक 27,000 रूटों के परमिट जारी कर चुका है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने इन पर भी विशेष कर लगाया है, जिससे ट्रांसपोर्ट विभाग को करीब 17 करोड़ की आमदनी कर चुके है। इसको लेकर केंद्र से मतभेद चल रहा है। पहले इनके लिए केंद्र सरकार का पोर्टल था, लेकिन अब वह भी हटा दिया है, परंतु उसको रेगुलेट करने के लिए प्रदेश सरकार अपना पोर्टल शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग में स्क्रैपिंग प्रणाली को निजी लोगों के लिए भी खोलने का निर्णय ले लिया है। यदि कोई निजी व्यक्ति इसके लिए मंजूरी लेना चाहता है, तो विभाग इसके लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक गाड़ियों की पासिंग की व्यवस्था मैन्युअल थी, लेकिन अब ऑटोमैटिक पासिंग स्टेशन लग रहे है। हिमाचल में अभी 7 जगहों पर लगाए जा रहे है। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में सबसे बड़ा स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा 6 अन्य स्थानों पर लगाए जा रहे है। निजी क्षेत्र के लोग भी इसे लगा सकते हैं। इसके अलावा प्रदेश के 10 बैरियर पर इंटेलिजेंस मैनेजमेंट स्थापित किए जा चुके है जिससे अब तक करीब 2571 लोग इसकी पकड़ में आ चुके है। प्रदेश के 23 पेट्रोल पंप ई-चार्जिंग स्टेशन लग चुके हैं और ऑयल कंपनियों को पेट्रोल पंप पर ई-चार्जिंग स्टेशन लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष 88 नए स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

**6 ग्रीन को-ऑर्डिनेटर किए जा चुके हैं स्थापित**

**राज्य** में 6 ग्रीन को-ऑर्डिनेटर स्थापित कर चुके हैं, उसमें से 5 पर संचालन के लिए लोग मिल चुके हैं। वहीं, टूरिज्म विभाग के 65 होटल में भी ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे है। पहले चरण में 11 होटल में लगेंगे। दूसरे चरण में 45 होटल लगाए जाएंगे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का उद्घोष है तिरंगा यात्रा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



तिरंगा यात्रा में भाग लेते जयराम ठाकुर व गणमान्य लोग।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जिला कुल्लू का दौरा किया। इस दौरान वह कुल्लू के नगर स्थित 'साधना धाम आश्रम' भी गए और संत सुधांशु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके अनुयायियों को संबोधित किया।

उन्होंने सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से अवगत करवाया। उन्होंने लोगों को बताया कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई के साथ-साथ सरकार द्वारा और भी कदम उठाए गए हैं, जिसकी वजह से आने वाले समय में पाकिस्तान को आतंकवाद को प्रश्रय देने की कीमत पता चलेगी।

लोगों को संबोधित करने के पश्चात जयराम ठाकुर संत सुधांशु जी महराज के साथ 'विश्व जागृति मिशन' द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल भी शामिल हुए। जयराम ने कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकियों और आतंक परस्त सरकार को सबक सिखाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के बाद देश भर में विभिन्न सामाजिक संस्थानों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में देश भर में लोग जोर-शोर से शामिल हो रहे हैं। तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे लोगों की भावनाएं देखकर मन अत्यंत भाव-विभोर हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना और सरकार को देश के लोगों से मिल रहा अपार जन समर्थन हमारे देश की जीत को और भी महत्वपूर्ण बना देती है। तिरंगा यात्रा देशवासियों द्वारा देश के बहादुर जवानों को नमन करने, उनके प्रति अपना आदर भाव प्रकट करने के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उद्घोष भी है। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, उनकी पत्नी रजनी ठाकुर, विधायक सुरेंद्र शौरी, अमित सूद, अखिलेश कपूर, मनोज लार्जे आदि उपस्थित थे।

# ढयुंगली में विधायक विवेक शर्मा ने खेल मैदान को दी मंजूरी



विधायक विवेक शर्मा के साथ ढयुंगली के ग्रामीण।

**विनोद शर्मा, लठियानी**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला धरेत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान युवाओं की वर्षों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए खेल मैदान निर्माण की घोषणा की।

इस अवसर पर विधायक ने स्पष्ट किया कि युवाओं को खेलकूद के लिए उचित सुविधाएं मिलनी चाहिएं और जल्द ही धरेत स्कूल में खेल मैदान का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की पंचायतों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रधान कमल सिंह ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इस खेल मैदान से स्थानीय युवाओं को क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिलेगा। लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। मैदान का निर्माण कार्य शुरू होगा और उन्हें खेलने के लिए उचित मंच मिलेगा।

विधायक ने पड़ियोला में भी लोगों की समस्या सुनी और उन्होंने मौके पर ही अधिकारी को आदेश दिए। इस अवसर पर अश्विनी कुमार, रविंद्र सिंह, विभीषण सिंह जसवीर सिंह ,लक्ष्मण सिंह, कृष, तनुज, रवि कुमार आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# गर्भावस्था से वृद्धावस्था तक फिजियोथैरेपी कारगार : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राष्ट्रीय खेल 'हिमक्लेव-2' सम्मेलन में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि फिजियोथैरेपी स्वास्थ्य सेवा के लिए महत्वपूर्ण आयामों में से एक है और इसके माध्यम से रोगियों के उपचार एवं उन्हें स्वस्थ रखने में विशेष सहायता मिलती है। डॉ. शांडिल रविवार को कंडाघाट उपमंडल के वाकनाघाट स्थित बाहरा विश्वविद्यालय में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्टस द्वारा आयोजित विशेष राष्ट्रीय खेल 'हिमक्लेव-2' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में लगभग 500 प्रतिनिधियों, पेशेवर वक्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र समाज सेवा का सबसे बड़ा आयम है। उन्होंने कहा कि सभी फिजियोथैरेपिस्ट सौभाग्यशाली हैं जो इस व्यवसाय के माध्यम से जन-जन की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी पुराने रोगों को जड़ से खत्म करने का एक बेहतर विकल्प है और यह शरीर को और अधिक स्वस्थ एवं मजबूत बनाने में सहायक है।

स्वास्थ्य मंत्री ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट के सदस्यों से फिजियोथैरेपी का प्रचार करने के साथ-साथ लोगों को योग करने की सलाह देने को भी कहा। यह खेल चिकित्सा का एक आवश्यक घटक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन हमारे राज्य और राष्ट्र में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आग्रह भी किया और आयोजकों को सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने हिमक्लेव-2 की स्मारिका का विमोचन भी किया। फिजियोथेरेपी से संबंधित विभिन्न कंपनियों द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका स्वास्थ्य मंत्री ने अवलोकन किया। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्टस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव झा, महिला प्रकोष्ट की अध्यक्ष डॉ. रुचि, अध्यक्ष डॉ. अनूप, बाहरा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. आरएम भगत, रजिस्ट्रार विनीत कुमार, निदेशक मार्केटिंग अनुराग अवस्थी आदि उपस्थित थे।

# कृषि मंत्री चंद्र कुमार का पाकिस्तान प्रेम किस ओर कर रहा इशारा : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है। पहलगाम की नुशंस हत्याओं के बाद भारतीय सेनाओं ने पीएम मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर करारा जवाब दिया।

भारतीय सेना के अदम्य साहस और प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक इच्छा शक्ति को सलाम करते हुए प्रदेश में सब ओर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। चारों संसदीय क्षेत्रों शिमला, धर्मशाला, मंडी और हमीरपुर में बड़ी यात्राएं निकालने के बाद भाजपा प्रदेश के सभी मंडलों पर तिरंगा यात्रा निकालेगी। इसके अतिरिक्त भाजपा महिलाका मोर्चा द्वारा प्रदेश में सिंदूर यात्राएं निकाली जा रही हैं।

तिरंगा यात्रा पर बिंदल ने कहा कि देशभर में भारत की सफलता को लेकर बहुत बड़ा उत्साह, उमंग का वातावरण है और जो भारत की देशभक्ति का परिचायक है।

उन्होंने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हिमाचल से पाकिस्तानियों को बाहर निकालने का प्रयास प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अभी तक नहीं किया है जो कि चिंता का विषय है। भाजपा जानना चाहती है कि क्या वहज है जो प्रदेश सरकार हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानियों, बंगलादेशियों और रोहिंग्यों को ढूंढने में रुचि नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार बार-बार पाकिस्तान की तरफदारी का बयान जारी करके भारत की संप्रभुता और भारत के लोगों के प्रति अपना नजरिया स्पष्ट कर रहे हैं। पाकिस्तान प्रायोजित निर्मम हत्याएं धर्म पर आधारित करके जिहाद के तौर पर की गई और मंत्री जी पाकिस्तान की तरफदारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं।पूरा देश भारतीय सेनाओं के शौर्य, पराक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है और नरेन्द्र भाई मोदी की कूटनीति और राजनीतिक इच्छा शक्ति का पूरा देश कायल है, दूसरी तरफ कांग्रेस के मंत्री पाकिस्तान की हिमायत कर रहे हैं,।

## खुलासा — कोलकाता लैब की रिपोर्ट में दवा फेल, ड्रग्स विभाग ने मारा छापा

# रेबीज की दवा बोलस का सैंपल फेल, पशुपालन विभाग को नोटिस जारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

पशुपालन विभाग बिलासपुर में उपयोग की जा रही बोलस नामक दवा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में ड्रग्स विभाग बिलासपुर द्वारा की गई छापामारी में इस दवा के सैंपल लिए गए थे, जिनकी जांच रिपोर्ट कोलकाता की मान्यता प्राप्त लैब से फेल पाई गई है। इस गंभीर मामले को देखते हुए ड्रग्स विभाग ने पशुपालन विभाग को नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बोलस टैबलेट का उपयोग मुख्यत: रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित पशुओं के इलाज के लिए किया जाता है। यह दवा पशुओं के लिए बेहद संवेदनशील और जीवनरक्षक मानी जाती है। ऐसे में इसके सैंपल का फेल पाया जाना पशु चिकित्सा क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन गया है। ड्रग्स विभाग बिलासपुर ने कुछ समय पहले पशुपालन विभाग के विभिन्न गोदामों और दवा भंडारण स्थलों पर छापामारी कर कई सैंपल एकत्र किए थे। इन सैंपलों को विश्लेषण हेतु कोलकाता की एक प्रमाणित लैब में भेजा गया।

लैब से आई रिपोर्ट में बोलस टैबलेट की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, जिसे फेल करार दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्रग्स विभाग ने तत्काल प्रभाव से पशुपालन विभाग को नोटिस जारी कर दिया है। विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि जहां-जहां यह दवा स्टॉक में मौजूद है, उसे तुरंत सीज किया जाए। इसके अलावा जितनी भी खेप पहले वितरित की जा चुकी है, उसे वापिस मंगवाने की प्रक्रिया भी शुरू की जाए।

**ड्रग्स विभाग ने जारी किए स्टॉक सीज करने और वापस मंगवाने के आदेश**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

इस खबर की पुष्टि ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर दिनेश शर्मा ने स्वयं की है। उन्होंने बताया कि फेल पाई गई दवा की जानकारी मिलने के बाद विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। आगे की जांच के आधार पर संबंधित सप्लायर या निर्माता के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएंगे।


वहीं, इस घटना के सामने आने के बाद पशुपालकों में चिंता का माहौल है। कई पशुपालकों ने सवाल उठाए हैं कि जब यह दवा जानवरों की जान बचाने के लिए दी जाती है, तो इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने में लापरवाही कैसे बरती गई? यह भी जांच का विषय है कि दवा की आपूर्ति से पहले उसका गुणवत्ता परीक्षण स्थानीय स्तर पर क्यों नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार ड्रग्स विभाग अब पूरे स्टॉक का ऑडिट करने की योजना बना रहा है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि निर्माता कंपनी के खिलाफ ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा सकती है। पशुपालन विभाग से भी जवाब तलब किया गया है कि गुणवत्ता नियंत्रण के मानक क्यों नहीं अपनाए गए। (अनंत ज्ञान)

> **पशु** पालन विभाग बिलासपुर से एक दवा का सैंपल जांच के लिए भरा था। जिसकी रिपोर्ट फेल पाई गई है। पशु पालन विभाग को नोटिस जारी कर दिया है। विभागीय कार्रवाई की जा रही है।
>
> -दिनेश शर्मा, ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर।

# किशोरों में बढ़ रही लिवर से जुड़ी बीमारी

## फैटी लिवर के हो रहे शिकार




**राज्य** में तेजी से गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग फैल रहा है। पांच जिलों के 500 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से प्रचलित हो रहा है। इसमें किशोरावस्था के युवा भी शामिल हैं। सोलन, सिरमौर, शिमला, बिलासपुर और किन्नौर जिलों के 500 निवासियों पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से प्रचलित हो रहा है। सोलन स्थित संजीवनी अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक गैस्ट्रो सर्जन डॉ. संजय अग्रवाल ने एक अध्ययन में पाया कि एक तिहाई मरीज शहरी क्षेत्रों से थे और बाकी ग्रामीण क्षेत्रों से थे। यह पाया गया कि जो लोग शराब का सेवन नहीं कर रहे थे वे भी फैटी लीवर के विभिन्न चरणों से पीड़ित थे। शरीर को स्वस्थ रखने और विषाक्त पदार्थों को निकालने में लिवर की अहम भूमिका होती है।

## लिवर में खराबी आने से दूसरे अंग भी होते प्रभावित

**लिवर** में खराबी आने से शरीर के दूसरे अंग भी बुरी तरह से प्रभावित होते हैं। लिवर की बीमारी सिर्फ बड़ों में नहीं बल्कि बच्चों में भी तेजी से पनपने लगी है। खराब हो रही लाइफस्टाइल का असर बच्चों की लिवर हेल्थ पर पड़ रहा है। बच्चों में बढ़ रही लिवर की बीमारियों के पीछे कई अहम कारण हैं, अगर शुरुआत में ही बच्चों में दिख रही लिवर की बीमारी और उनके लक्षणों की पहचान कर ली जाए, तो बेहतर इलाज संभव है।

## लिवर की बीमारी के लक्षण और बचाव

**पीलिया** (त्वचा और आंखों का पीला पड़ना), पेट में दर्द या सूजन, थकान महसूस होना, भूख में कमी आना, नॉजिया और उल्टी, गहरे रंग का टॉयलेट या पीला मल, बच्चों में फैटी लिवर की बीमारी। डॉक्टर ने बताया कि बच्चों में फैटी लिवर की समस्या आजकल काफी कॉमन है। इसका कारण बच्चों में मोटापा, कम फिजिकल एक्टिविटी, बैठे रहना की आदत और खराब खानपान है। इसके कारण नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर होने लगा है। इसके अलावा विल्सन डिजीज भी काफी कॉमन हो गई है। ये डिजीज कुछ जेनेटिक कारणों की वजह से भी होती हैं। इसके लिए बच्चों में हेपेटाइटिस-ए और हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन समय पर लगवाएं। बच्चों की मेटाबॉलिक स्क्रीनिंग कम उम्र पर और जन्म के बाद करके जन्म की बीमारियों से बचा जा सकता है।


-डॉ. संजय अग्रवाल लेप्रोस्कोपिक गैस्ट्रो सर्जन, संजीवनी अस्पताल, सोलन।

## इंफेक्शन कम लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां बढ़ी

**बच्चों** में बढ़ रही लिवर की बीमारी आजकल बच्चों में लिवर की बीमारियां बढ़ रही हैं, लेकिन इसमें एक नया ट्रेंड देखा जा रहा है कि इंफेक्शन तो कम हो रहे हैं और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। जैसे पहले बच्चों में इंफेक्शन ज्यादा होते थे। जैसे लिवर सिरोसिस पहले बहुत आम था, लेकिन अब इसके मामले बहुत कम हो गए हैं। क्रोनिक लिवर डिजीज जो कि आजकल बच्चों में भी देखी जाती है। इसमें मेटाबॉलिक डिसऑर्डर (विल्सन्स डिजीज) बिलियरी एट्रेसिया और नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज मुख्य रूप से होने लगी है। बच्चों में हेपेटाइटिस-ए खासतौर से अंडर प्रिवलेज बच्चों में अभी भी कॉमन है। ये लिवर फेलियर का मुख्य कारण है। इसके वैक्सीन लगवाकर हेपेटाइटिस को प्रिवेंट किया जा सकता है।

# मसूड़ों में खून

*मसूड़ों से खून आना, जिसे चिकित्सकीय रूप से जिंजाइवल ब्लीडिंग कहा जाता है। यह अकसर मसूड़े की बीमारी का सबसे पहला लक्षण होता है। ब्रश या फ्लॉस करते समय या कभी-कभी बिना किसी कारण के भी मसूड़ों से खून आ सकता है।*





## मसूड़ों से खून आने के प्रमुख कारण

***मसूड़ों** से खून आना आमतौर पर जिंजिवाइटिस के कारण होता है, जो मसूड़ों की बीमारी का प्रारंभिक चरण है और प्लाक जमने के कारण होता है। इसके अलावा भी कई कारण हो सकते हैं।*

**1. जिंजिवाइटिस**
प्लाक जब मसूड़ों की रेखा पर जमा हो जाता है, तो वह सूजन पैदा करता है। इससे मसूड़े संवेदनशील हो जाते हैं और हल्के ब्रश से भी खून आने लगता है।

**2. पीरियोडोंटाइटिस**
जिंजिवाइटिस का इलाज नहीं किया जाए, तो यह पीरियोडोंटाइटिस में बदल सकता है। यह मसूड़ों और जबड़े की हड्डी को नुकसान पहुंचाने वाली गंभीर बीमारी है, जिससे दांत हिल सकते हैं और मसूड़ों से खून आ सकता है।

**3. खराब मौखिक स्वच्छता**
अगर आप सही तरीके से ब्रश और फ्लॉस नहीं करते, तो प्लाक और टार्टर जमने लगते हैं, जिससे मसूड़ों में जलन होती है और खून आने लगता है।

**4. विटामिन की कमी**
**विटामिन सीः** इसकी कमी से स्कर्वी जैसी बीमारी हो सकती है, जिससे मसूड़े कमजोर हो जाते हैं।
**विटामिन के :** इसकी कमी से रक्त का थक्का बनने की प्रक्रिया प्रभावित होती है, जिससे ज्यादा खून आ सकता है।

**5. हार्मोनल बदलाव**
किशोरावस्था, गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान हार्मोन में बदलाव होता है, जिससे मसूड़े अधिक संवेदनशील हो जाते हैं और खून आने लगता है।

**6. दवाएं**
ब्लड थिनर्स (जैसे Aspirin, Warfarin)ः ये खून को पतला करते हैं और मसूड़ों से खून आने की संभावना बढ़ाते हैं। कुछ अन्य दवाएं भी लार का प्रवाह कम कर सकती हैं, जिससे मुंह सूखता है और मसूड़े प्रभावित होते हैं।

## मसूड़ों से खून आने के अन्य कारण



- कठोर ब्रश से ब्रश करना
- गलत फिटिंग वाले दांत या डेंचर
- कुछ चिकित्सकीय स्थितियांः जैसे ब्लड डिसऑर्डर, डायबिटीज, ल्यूकेमिया आदि
- जिन्जीवाइटिस की वजह से खून के अलावा नीचे दिए गए लक्षण भी देखने मिलते है।

1. लाल, सूजे और संवेदनशील मसूड़े (ed, Swollen, and Tender Gums) : स्वस्थ मसूड़े हल्के गुलाबी और मजबूत होते हैं, जबकि संक्रमित मसूड़े लाल, फूल गए और छूने पर दर्दनाक होते हैं।

2. दांतों में संवेदनशीलता : गर्म, ठंडा या मीठा खाने पर दांतों में चुभन जैसा दर्द महसूस हो सकता है। यह दांतों की जड़ों के खुलने के कारण होता है।

3. ढीले या हिलते हुए दांत

4. मुंह में धातु जैसा स्वाद : गंभीर संक्रमण या सूजन के दौरान मुंह में अजीब या धातु जैसा स्वाद महसूस हो सकता है।

5. दुर्गंध, 6. मवाद आना : मसूड़ों और दांतों के बीच मवाद निकलना गंभीर संक्रमण को दर्शाता है। यहां दी गई होम्योपैथिक औषधियां मसूड़ों की समस्याओं, दांतों के दर्द, और दंत चिकित्सा से जुड़ी स्थितियों में सहायक हो सकती हैं।



**1. केलैन्डयुला**
**उपयोग :** सूजन, संक्रमण और घाव के लिए
**लाभ :** यह औषधि शरीर की सूजन और संक्रमण से लड़ने में मदद करती है। टिंचर के रूप में मसूड़ों पर लगाने से यह संक्रमण को रोकती है और ऊतकों को भरने में मदद करती है।

**2. अर्निका मोंटाना**
**उपयोग :** चोट, सूजन और दर्द के लिए
**लाभ :** यह औषधि किसी भी प्रकार की चोट, सर्जरी या अत्यधिक मेहनत के बाद आई सूजन और दर्द को कम करने में मदद करती है।

**3. कैमोमाइल**
**उपयोग :** अत्यधिक दर्द की संवेदनशीलता के लिए
**लाभ :** यह उन लोगों के लिए उपयोगी है जो दर्द को सहन नहीं कर पाते, विशेष रूप से डेंटल ट्रीटमेंट के बाद। जब सामान्य पेनकिलर काम नहीं करते, तब यह औषधि सहायक होती है।

**4. मर्क्यूरियस सोलुबिलिस**
**उपयोग :** सूजे हुए, खून बहते मसूड़े, मुंह के छाले
**लाभ :** यह दवा खून बहने वाले मसूड़ों, ढीले होते दांतों और मुंह की दुर्गंध जैसी समस्याओं में उपयोगी है। लक्षण रात में अधिक होते हैं।


-डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम, कच्छ (गुजरात)

**5.फास्फोरस**
**उपयोगः** बार-बार खून निकलने की प्रवृत्ति (नाक, मसूड़े)
**लाभ :** यह औषधि मामूली लेकिन बार-बार खून निकलने की समस्या, जैसे नाक या मसूड़ों से खून आना, में सहायक होती है।

***नोटः किसी भी होम्योपैथिक दवा का सेवन करने से पहले प्रशिक्षित होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है, क्योंकि उपचार व्यक्ति की पूरी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर आधारित होता है।***

# जल बचाने का करो जतन, यह है जीवन का अमूल्य रत्न

***जल प्रदूषण एक गंभीर समस्या है, जिसके कई कारण हैं, जैसे औद्योगिक अपशिष्ट, कृषि रसायन और अनुपचारित सीवेज सीधे नदियों नालों में फेंके जा रहे हैं, जिससे वहां के जीव जंतु और जल पर निर्भर रहने वाले जनमानुष प्रभावित हो रहे हैं। जल प्रदूषण से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्तर पर कूड़ा-कचरा सही ढंग से निपटाना, पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करना और रासायनिक पदार्थों का उचित निपटान करना महत्वपूर्ण है। उद्योगों को भी अपशिष्ट जल का उपचार करना और सीवेज का उचित प्रबंधन करना चाहिए। सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और जल संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षा देना भी आवश्यक है।***




**स्वस्थ शरीर के निर्माण में पानी की भूमिका : पानी** जीवन के लिए एक आवश्यक तत्व है। निर्जलीकरण की रोकथाम जीवित रहने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। पानी के बिना मनुष्य केवल कुछ दिनों तक जीवित रह सकता है। चूंकि पानी कोशिका के अंदर सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला अणु है, इसलिए यह मनुष्यों के शरीर के वजन का अधिकांश हिस्सा होता है, शिशुओं में शरीर के द्रव्यमान का लगभग 75 फीसदी और बुजुर्गों में शरीर के द्रव्यमान का 55 फीसदी होता है। हालांकि, मनुष्य लगातार पानी खो रहा है, इसलिए पानी के होमोस्टेसिस को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

**जल होमियोस्टेसिस क्या है? :** मानव शरीर में पानी प्लाज्मा और आंत में पाया जाता है, लेकिन अधिकांश पानी कोशिकाओं में पाया जाता है। चूंकि मनुष्य लगातार मूत्र और मल, पसीने और श्वसन के माध्यम से पानी खोता है, इसलिए पानी के स्तर को बनाए रखने के लिए शारीरिक नियंत्रण का एक संतुलित और संवेदनशील नेटवर्क आवश्यक है। यह शरीर में पानी का होमियोस्टेसिस है, जिसे प्यास द्वारा तरल पदार्थ के सेवन को उत्तेजित करके बनाए रखा जाता है। प्यास एक जैविक प्रवृत्ति है, जो ऑस्मोरसेप्टर्स नामक संवेदी रिसेप्टर्स की ओर से मध्यस्थता करती है। ये रिसेप्टर्स हाइपोथैलेमस में स्थित होते हैं और रक्त प्लाज्मा में परिवर्तन का पता लगाते हैं। जब वे कम रक्त की मात्रा का पता लगाते हैं, तो वे हाइपोथैलेमस को संकेत देते हैं, जो बदले में प्यास की अनुभूति उत्पन्न करता है। यह होमोस्टैटिक नियंत्रण तंत्र द्रव हानि और द्रव सेवन के बीच संतुलन सुनिश्चित करता है।

**निर्जलीकरणः** निर्जलीकरण शब्द का अर्थ शरीर से पानी की कमी और आदर्श हाइड्रेटेड अवस्था से विचलन दोनों है। यह तब होता है, जब खोए हुए तरल पदार्थ की भरपाई नहीं की जाती है, जिससे शरीर सामान्य कार्य करने में असमर्थ हो जाता है। हालांकि निर्जलीकरण किसी को भी प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह छोटे बच्चों में विशेष रूप से खतरनाक है, जो दस्त और उल्टी के बाद गंभीर रूप से निर्जलित हो सकते हैं और बड़े वयस्कों में जिनके शरीर में पानी की मात्रा कम होती है। इसका मतलब है कि छोटी-मोटी बीमारियां या पुरानी बीमारियां भी बुजुर्गों में निर्जलीकरण का कारण बन सकती हैं, जबकि हल्के से मध्यम निर्जलीकरण को तरल पदार्थ के सेवन से ठीक किया जा सकता है।


डॉ. चिराग ठाकुर, मेडिकल ऑफिसर आयुष सिविल हॉस्पिटल रत्ती डिस्ट्रिक्ट मंडी हिमाचल प्रदेश।

### निर्जलीकरण से हो सकती हैं गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं

**तापजन्य चोट :** जब पसीने या व्यायाम के माध्यम से द्रव की हानि की पूर्ति नहीं की जाती है, तो तापजन्य चोटें हल्की तापजन्य ऐंठन से लेकर तापजन्य थकावट या जानलेवा तापघात तक हो सकती हैं।

**दौरेः** निर्जलीकरण की स्थिति भी इलेक्ट्रोलाइट असामान्यताओं से जुड़ी होती है। पोटेशियम और सोडियम सहित इलेक्ट्रोलाइट्स कोशिकाओं के बीच विद्युत संकेतन में सहायता करते हैं। इलेक्ट्रोलाइट असामान्यता कोशिकाओं के बीच गलत फायरिंग का कारण बन सकती है, जिससे अनैच्छिक मांसपेशी संकुचन या चेतना की हानि हो सकती है। मिर्गी जैसे पहले से मौजूद दौरे के विकार वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं।

**मूत्र और गुर्दे की समस्याएंः** निर्जलीकरण के गंभीर या बार-बार होने वाले हल्के दौरों से शरीर में अपशिष्ट और एसिड का निर्माण होता है, जो बदले में गुर्दे को मायोग्लोबिन की अधिकता के संपर्क में लाता है। गुर्दे रक्त से मायोग्लोबिन को हटाने के लिए जिम्मेदार होते हैं, लेकिन अधिक मात्रा में मायोग्लोबिन गुर्दे को नुकसान पहुंचा सकता है और गुर्दे की विफलता का कारण बन सकता है।

**हाइपोवॉल्मिक शॉकः** एक जानलेवा स्थिति जो शरीर के रक्त या तरल पदार्थ की आपूर्ति के 20 फीसदी से अधिक के नुकसान के कारण होती है। गंभीर नुकसान शरीर के चारों ओर पर्याप्त रक्त पंप करने की हृदय की क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे अंग क्षति और मृत्यु हो जाती है।

**हाइड्रेशनः** शरीर का तापमान विनियमनः मनुष्य शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। खासकर जब वह गर्म जलवायु या व्यायाम के दौरान गर्म परिस्थितियों के संपर्क में आता है। त्वचा के माध्यम से पानी का नुकसान (पसीना) शरीर को ठंडा करता है और हीमोस्टेटिक तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।

**शरीर से अपशिष्ट पदार्थ निकालनाः** चयापचय प्रक्रियाओं से अपशिष्ट पदार्थ उत्पन्न होते हैं, जो शरीर में जमा होने पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। पानी अपशिष्ट पदार्थों के लिए विलायक के रूप में कार्य करता है, उन्हें घोलता है और मूत्र और पसीने के माध्यम से शरीर से बाहर निकलने देता है।

**कितने पानी की आवश्यकता है? :** हालांकि, ज्यादातर लोगों को नियमित रूप से प्यास लगती है, इसलिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए, फिर भी उन्हें कितनी मात्रा में तरल पदार्थ पीना चाहिए। पुरुषों को प्रतिदिन लगभग 3.7 लीटर तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए, जबकि महिलाओं को प्रतिदिन लगभग 2.7 लीटर तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए।

# बिच्छू बूटी का आयुर्वेदिक उपयोग

**बिच्छू** बूटी जिसे हिंदी में बिच्छू घास और वैज्ञानिक भाषा में Urtica dioica कहा जाता है, एक औषधीय पौधा है, जो मुख्यतः पहाड़ी और ठंडे क्षेत्रों में पाया जाता है। इसके पत्तों में महीन कांटेदार बाल होते हैं, जो त्वचा से संपर्क में आने पर जलन और खुजली पैदा करते हैं। हालांकि, यह पौधा पहली नजर में खतरनाक लगता है, लेकिन आयुर्वेद में इसका उपयोग अनेक रोगों के उपचार में किया जाता है। बिच्छू बूटी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट और दर्द निवारक गुण प्रचुर मात्रा में होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, बिच्छू बूटी का स्वाद कड़वा और कसैला होता है तथा यह हल्का और शुष्क गुणों वाला होता है। इसका सेवन वात और कफ दोष को शांत करने में सहायक होता है। इसमें विटामिन ए, सी, के के साथ-साथ आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।


-डॉ. रंजना कपूर, जोगिंद्रनगर (मंडी)।

## गठिया, जोड़ों के दर्द के लिए लाभकारी

गठिया, जोड़ों के दर्द और सूजन जैसी समस्याओं में बिच्छू बूटी लाभकारी मानी जाती है। इसके पत्तों का काढ़ा बनाकर सेवन करने से सूजन और दर्द में राहत मिलती है। बाल झड़ने की समस्या और डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए इसके पत्तों से बना तेल बालों में लगाने से अच्छे परिणाम मिलते हैं। इसमें मौजूद आयरन की अधिकता के कारण यह एनीमिया यानी खून की कमी के इलाज में भी सहायक होता है।

## त्वचा रोग के लिए फायदेमंद

**त्वचा** रोग जैसे एक्जिमा, फोड़े-फुंसी और खुजली में बिच्छू बूटी के पत्तों का लेप उपयोगी होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ गैस और अपच की समस्याओं को भी दूर करता है। मूत्र विकारों में भी इसका सेवन लाभदायक है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से मूत्रवर्धक होता है और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसका प्रयोग विभिन्न रूपों में किया जा सकता है, जैसे काढ़ा, चूर्ण, लेप या तेल के रूप में। सूखे पत्तों को उबालकर बनाए गए काढ़े का सेवन करना, या ताजे पत्तों का पेस्ट बनाकर त्वचा पर लगाना आम प्रचलन है। बालों के लिए इसके पत्तों को तेल में उबालकर तैयार किया गया तेल बहुत असरदार माना गया है।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी से हर वर्ग के लोगों का इलाज



**इलेक्ट्रो** होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है, जिसका उपयोग कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है और यह लोगों को पसंद आ रही है। यह प्रणाली विद्युत चिकित्सा के सिद्धांतों पर आधारित है।

सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर बगली डॉ. सुरेंद्र ठाकुर के अनुसार, इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में पेड़-पौधों और वनस्पतियों के अर्क से रोगों का इलाज किया जाता है। इस चिकित्सा पद्धति में कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है, जिसका पद्धति के जानकार दावा करते हैं। दरअसल इलेक्ट्रो होम्योपैथी पद्धति में रोगों की जानकारी के लिए केवल आंखों का रेटिना देखकर ही पूरे शरीर में होने वाली बीमारियों का पता लगाया जाता है। जानकारों का कहना है कि इस इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से बच्चों से लेकर वृद्ध यानी हर वर्ग के व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। हाइपरटेंशन, कैंसर, शुगर जैसे रोगों का भी इस पद्धति से इलाज किया जा रहा है।

डॉ. सुरेंद्र ठाकुर का कहना है कि देश में प्रचलित अन्य चिकित्सा पद्धतियों से इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति भिन्न है। इस पद्धति से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। यह पूर्ण रूप से हर्बल स्पेजरिक पर आधारित है। इस पद्धति का रोग निदान आधुनिक चिकित्सा पद्धति से एकदम भिन्न है। यह हानिकारक नहीं है। इसके विकास के लिए प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक प्रयास किया जा रहा है। इस विद्या का शासकीय संरक्षण जरूरी है। हर्बल आधारित इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति हर प्रकार के रोगियों के लिए आशा की किरण बन गई है।


-डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर बगली।

**इस पद्धति का रोग निदान आधुनिक चिकित्सा पद्धति से भिन्न**

## शोध और अनुसंधान से बढ़ा इलेक्ट्रोपैथी का उपचार में दायरा

डॉ. सुरेंद्र ठाकुर के अनुसार, यह पद्धति काफी कारगर है। इसके दुष्प्रभाव नहीं हैं। शोध और अनुसंधान से इलेक्ट्रोपैथी का उपचार में दायरा बढ़ा है। चर्मरोग, कैंसर, डायबिटीज, माइग्रेन, मानसिक रोग, पथरी, गठिया, आंतों में संक्रमण, फैटी लीवर, स्त्री एवं प्रसूति और एलर्जी समेत दूसरी बीमारियों का इलाज होम्योपैथ में उपलब्ध है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टरों को बेहतर दवाएं उपलब्ध कराई हैं। दवाओं का नया उत्पाद अब आम लोगों के इस्तेमाल के लिए काउंटर पर उपलब्ध है। इन दवाओं का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। सस्ती होने के साथ ये दवाएं बीमारी को जड़ से खत्म करने में भी सहायक हैं। यह प्रणाली वनस्पति उपयोगिता को बनाए रखती है, जो ध्रुवता के नियम, उचित उपचार और जीवित प्राणियों के बीच इलेक्ट्रो (सकारात्मक और नकारात्मक) संबंध और जैविक कार्य के अनुपात के साथ दवा की ताकत की समानता के सिद्धांत पर आधारित है। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक उपचारों में अधिकतम उपचारात्मक क्षमता होती है और लसीका और रक्त को विनियमित करने और उन्हें शुद्ध रखने की क्षमता भी होती है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज है, जो आधुनिक और कुशल है। इंग्लैंड, अमेरिका, जर्मनी, इटली और स्विटजरलैंड जैसे उन्नत देशों में भी यह एक अच्छी तरह से स्वीकृत और लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति रही है। भारत में इलेक्ट्रो होम्योपैथ को पहले से कहीं अधिक संरक्षण और महत्व दिया जा रहा है। यह उपचार की एक ऐसी प्रणाली है, जो बहुत ही कुशल है और फिर भी सस्ती है। इसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है। यहां तक कि अन्य उपचार प्रणालियों के अनुयायी भी अब इलेक्ट्रो होम्योपैथी की समय सिद्ध अवधारणा को अपना रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रेखा कुमारी बनी स्कूल समिति की अध्यक्ष

**पिंकी, डाडासीबा।** देहरा उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीहण में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का चुनाव हुआ। इसमें 70 अभिभावकों ने भाग लिया। रेखा कुमारी को सर्वसम्मति से दूसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। उनका नाम आशा देवी ने प्रस्तावित किया, जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन देकर स्वीकार किया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार को समिति का सचिव नियुक्त किया गया। समिति में अनिता, नीलम, दर्शना कुमारी, मोनिका, वंदना, प्रवीण कुमारी, नीलम कुमारी, रीना देवी, आशा देवी, अनिता कुमारी, मीना कुमारी, वीना देवी, राधा देवी, इंचार्ज जगमोहन व अनिल को सदस्य व सलामदीन को समन्वयक सदस्य चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### किरण कुमार को फिर चुना प्रधान



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** भगवान वाल्मीकि मंदिर कांगड़ा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त समुदाय ने किरण कुमार के कार्यकाल में किए गए सराहनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें आगामी पांच वर्ष के लिए फिर से प्रधान चुना गया। समुदाय के सभी सदस्यों ने एक स्वर में किरण कुमार के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया और उनके भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। किरण कुमार ने समुदाय के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे हमेशा समुदाय के हित में कार्य करेंगे और अपने पद की गरिमा को बनाए रखेंगे। इस अवसर पर समुदाय की एकता और समर्थन का प्रदर्शन किया गया, जो कि समाज के विकास और उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। समुदाय के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर किरण कुमार के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया और उनके साथ मिलकर समाज के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

### भाली और मस्तगढ़ में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, कोटला।** विद्युत उपमंडल कोटला के तहत आने वाले 33/11 केवी सब स्टेशन की मरम्मत व रखरखाव के चलते 20 मई को भाली फीडर, सोलधा फीडर, मस्तगढ़ फीडर, बग्गा फीडर, कोटला फीडर, बग्गा फीडर के तहत आने वाले गांवों भाली, मस्तगढ़, बग्गा, कुठेड़, जांगल, दुगली, सिरमनी, सिहुनी, जोल, दुराना, रजोल, कोटला, त्रिलोकपुर, सोलधा, तखनाड़, बोहरका, 32 मील आदि गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। विद्युत उप मंडल कोटला के सहायक अभियंता इंजीनियर कुंदन सिंह ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### सुरेंद्र कुमार उपाध्यक्ष और नरेश राणा सेक्रेटरी

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजपूत कल्याण सभा धीरा इकाई की बैठक रविवार को किशोरी लाल मेहता मुख्य सलाहकार, कंवर भान राणा कानूनी सलाहकार व अध्यक्ष ध्यान सिंह पटियाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मेहता की उपस्थिति में हुई। इसमें पहलगाम हमले की निंदा की गई, सिंदूर ऑपरेशन में मारे गए हमारे सैनिकों व सभा के चार सदस्यों स्व. दीपराज मेहता कुहाना, हरिश्चंद्र थरकेड़, गोंदा देवी पत्नी मिलाप चंद व रमेश चंद काहनफट की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती जो 29 मई को महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिर पठियार म मनाई जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से सूबेदार नरेश कुमार राणा धीरा निवासी को सेक्रेटरी, दिलीप सिंह पटियाल नौरा को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, सुरेश कुमार काहनफट व सुरेंद्र कुमार लाहड को उपाध्यक्ष और भूप सिंह राणा गगल को राज्य कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रदेश सरकार से मांग की गई की अंतरजातीय विवाह पर प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, उसे तुरंत बंद किया जाए तथा आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू हो। (अनंत ज्ञान)

### ढाटी स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी में दसवीं व जमा दो बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने बताया कि दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्रा प्राची ने 94 प्रतिशत, सलोनी ने 85 प्रतिशत और मुस्कान ने 84 प्रतिशत अंक लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है। जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा है। दीपाली ने 84.8 प्रतिशत, निधि ने 84.6 प्रतिशत और हिमानी ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### बैजनाथ में जिला कराटे चैंपियनशिप



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जिला कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को महाराजा पैलेस बैजनाथ में सब जूनियर (6-13 वर्ष), कैडेट (14-15 वर्ष) तथा जूनियर (16-17 वर्ष) वर्गों के लिए जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की मेजबानी यूनिवर्सल मार्शल आर्ट्स स्टूडियो बैजनाथ की ओर से की गई। प्रतियोगिता में जिले के पांच प्रमुख क्लबों के 145 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला कराटे एसोसिएशन कांगड़ा के चेयरमैन हांसी जनकराज जम्वाल (ब्लैक बेल्ट 9वीं डिग्री) ने बताया कि जिला चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश जूनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे, जिसका आयोजन 31 मई से 1 जून तक किया जाएगा।

### कुमारी सलोनी ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के तहत पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डरोह की 12वीं कक्षा की छात्रा कुमारी सलोनी ने साइंस संकाय में 500 में से 470 अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया है। वाणिज्य संकाय में आर्यन ने 500 में से 464 अंक हासिल कर पहला व कला संकाय में कुमारी तृषा ने 500 में से 430 अंक हासिल करके पहला स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य में उत्कर्ष अवस्थिया ने 447 अंक लेकर दूसरा व अर्पण नाग ने 416 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया है। विज्ञान में रूद्रांशी ने 460 अंक लेकर दूसरा व निखिल ने 458 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया है। कला संकाय में साक्षी ने 406 अंक प्राप्त कर दूसरा व पलक और प्रवीण ने 381 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया है। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री ने बधाई दी है।

# नैहरनपुखर के गांवों में 3 माह से पानी नहीं, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## जलशक्ति विभाग को दी चेतावनी, एक सप्ताह में पानी नहीं आया तो होगा घेराव

**शिवम शर्मा, परागपुर**

**जलशक्ति** विभाग की लापरवाही और अनदेखी के खिलाफ नैहरनपुखर के हार मिटां दयाल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। तीन महीने से लगातार पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे ग्रामीणों ने रविवार को चनौता रोड पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने विभाग को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि एक सप्ताह में जल संकट का स्थायी हल नहीं निकाला गया, तो वे जलशक्ति विभाग का घेराव करने और सड़कों पर चक्का जाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही नल सूख गए हैं और लोग कई किलोमीटर दूर से सिर पर पानी ढोने को मजबूर हैं। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं चलेगा। टैंकर भेजने या वैकल्पिक व्यवस्था के बजाए विभाग को ठोस योजना बनाकर स्थायी समाधान करना होगा। यदि विभाग ने अब भी नहीं जागा तो जनआंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जलशक्ति विभाग की होगी। (अनंत ज्ञान)



तीन माह से नलों में पानी न आने से खफा हार मिटां दयाल के लोग।

### मंडापरा पेयजल योजना को डब्ल्यूएसएस हार पुखर स्कीम से जोड़ा जाए

**अनंत ज्ञान, परागपुर ।** डब्ल्यूएसएस हार पुखर पेयजल योजना पर आश्रित दयाल, नैहरनपुखर, हार मिटां, धजाग, लोहा नालियां, परागपुर और भजनाथ जैसे क्षेत्रों की पांच पंचायतों को मंडापरा से शुरू हुई नई पेयजल योजना से जोड़ा जाता है तो पेयजल संकट से निजात मिल सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मंडापरा योजना को डब्ल्यूएसएस हार पुखर स्कीम से शीघ्र जोड़ा जाए, ताकि क्षेत्र की 10 हजार से अधिक आबादी को पेयजल संकट से राहत मिल सके और वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# पीएम मोदी 22 को करेंगे बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन का उद्घाटन





बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन।

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**अमृत** भारत स्टेशन योजना के तहत जम्मू मंडल के बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास पूरा हो चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे जम्मू उचित सिंघल ने बताया कि यह उद्घाटन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए आमंत्रित हैं। चक्की पुल जून माह अंत तक यातायात के लिए तैयार हो जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है। पुनर्विकसित बैजनाथ-पपरोला स्टेशन में वाई-फाई, स्वच्छ शौचालय, वाटर एटीएम, फूड कोर्ट और शॉपिंग क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा, स्टेशन को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है, जिसमें रैंप, व्हीलचेयर के लिए सुलभ शौचालय, समर्पित जल बूथ, ब्रेल लिपि संकेत और फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) जैसी सुविधाएं शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### एमएस बिट्टा 21 को जाएंगे शहीद पवन के घर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा 21 मई को शाहपुर में शहीद पवन कुमार के परिजनों से मिलकर अमर शहीद को नमन करेंगे। ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के कांगड़ा जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि एमएस बिट्टा 20 मई को हिमाचल आएंगे। इस दौरान वह शक्तिपीठों चिंतपूर्णी, ज्वालामुखी, बगलामुखी, बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में माथा टेक सकते हैं। 21 को शाहपुर उपमंडल के झुलाड़ गांव में शहीद पवन कुमार के परिजनों से मिलेंगे। 22 मई को वह चामुंडा व नयनादेवी मंदिर में माथा टेकेंगे। बबलू ने कहा कि एमएस बिट्टा हमेशा आतंक के खिलाफ आवाज उठाते हैं। हम सब उनके दिखाए मार्ग पर हमेशा आतंक का विरोध करते हैं।

### सिद्धबाड़ी, तंगरोटी में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, योल।** योल विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह 9:30 बजे से मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया 11 केवी योल फीडर और 11 केवी एमईएस योल फीडर के तहत आने वाले के क्षेत्र सिद्धबाड़ी, योल बाजार, नरवाना, स्लेट गोदाम, वनरोड़ू, गेटो मिनिस्ट्री, चतैहर, जालोह, तंगरोटी, उत्थडाग्रां ठेरू, खुलूई, रक्कड़, जगोरी, दरूनी माता आदि के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

# कांग्रेसी नेता दलीप सिंह ने छोड़ी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवा-परागपुर के वरिष्ठ नेता दलीप सिंह वर्मा ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की है। वर्मा ने स्पष्ट किया कि उन्होंने यह फैसला कांग्रेस सरकार की नीतियों और पार्टी के भीतर कुछ नेताओं के तानाशाही रवैये को देखते हुए लिया है।



उन्होंने कहा कि वह पिछले 45 से 50 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमने जीवन का अधिकांश समय कांग्रेस की सेवा में लगाया, लेकिन आज पार्टी में कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। कुछ नेता पार्टी को अपने निजी स्वार्थ का साधन बना बैठे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर चलती है और जमीनी कार्यकर्ताओं व ग्रामीण समाज के हित में कार्य करती है। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता की भी तारीफ की और कहा कि कि पीएम मोदी ने देश और विदेश में भारत की सशक्त पहचान बनाई है, जो आज हर नागरिक को गौरवान्वित करती है। दलीप सिंह वर्मा 1971 से कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और पार्टी के विभिन्न बड़े पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने किया आंखों के कैंप का शुभारंभ



बजरंगबली मंदिर तलवाड़ में आंखों के कैंप का शुभारंभ करते जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**जन** कल्याण संस्था तलवाड़ के सौजन्य से गर्ग आई हॉस्पिटल पालमपुर की ओर से बजरंगबली मंदिर तलवाड़ में आंखों का निशुल्क कैंप लगाया गया।

इसका शुभारंभ जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने किया। नेत्र जांच कैंप में आंखों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर रवि गर्ग व डॉक्टर शिल्पा सूद से 160 लोगों ने आंखों की जांच करवाई। इस अवसर पर आंखों की जांच करवाने वाले लोगों के लिए संस्था की ओर से ठंडे पानी की छबील भी लगाई गई। इस मौके पर जन कल्याण संस्था तलवाड़ संस्थापक कुलदीप ठाकुर, बीडीसी अध्यक्ष कुलवंत राणा, जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कांगड़ा वैली स्कूल के होनहार छाए





**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगडा वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल शीला चौक, धर्मशाला का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। आर्ट्स स्ट्रीम में कृष्मा नेगी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त हासिल किया है। सोनम छुकित ने 88.4 प्रतिशत और हर्षित ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स स्ट्रीम में रिंगजिन छोमो ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। रोहान ने 92 प्रतिशत और जानवी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। साइंस स्ट्रीम में आंचल ने 92 प्रतिशत, अंशित ने 87 प्रतिशत और महक ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य कपिल वालिया व अध्यापकों ने सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पठानकोट गोलीकांड में घायल हुए मयंक महाजन की मौत

## परिजनों ने माइनिंग माफिया पर लगाया हत्या का आरोप

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

**पठानकोट** में शनिवार को हुए गोलीकांड में घायल मयंक महाजन की देर रात मौत हो गई है। मयंक महाजन के रिश्तेदारों ने माइनिंग माफिया पर मयंक की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के रिश्तेदारों ने बताया कि मयंक माफिया के खिलाफ आवाज उठाता था और ऐसे में वह सरकार वह प्रशासन का काम कर पुलिस का सहयोग कर रहा था।

उन्होंने बताया कि माइनिंग माफिया कुछ दिन पहले भी मयंक को धमकी दी थी कि तुम हमारे खिलाफ जो आवाज उठा रहे हो वह सब नोटकर रहे हैं और समय आने पर इसका परिणाम भी भुगतना पड़ेगा।

ऐसे में मयंक शनिवार सुबह 11:00 बजे जब अपनी कर में सवार होकर घर वापस आ रहा था तो रास्ते में ही दो हथियारबंद लोगों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। पीड़ित रिश्तेदार और परिवार सदस्यों ने इंसाफ की गुहार लगाते हुए कहा कि हमलावरों के खिलाफ और माफिया के लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें इंसाफ दिलाया जाए। रिश्तेदार एडवोकेट मीणा तरनाच और आरटीआई एक्सपर्ट सुरेंद्र मानस ने कहा कि उनकी जान को भी खतरा है और पुलिस उन्हें भी सुरक्षा सुरक्षा मुहैया करवाए।

### पुलिस ने दबोचे 2 लोग, रिवॉल्वर डबल बैरल बंदूक की बरामद

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** वरिष्ठ पुलिस कप्तान पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि शनिवार को दो बाइक सवारों ने कार में सवार मंयक महाजन, जो फाइनेंस का कार्य करता था, उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। अज्ञात आरोपियों की पहचान संजीव सिंह उर्फ बंटी निवासी भटोआ, जिला गुरदासपुर और जतिंदर कुमार उर्फ लट्टू निवासी गांव बनी लोढ़ी, थाना सुजानपुर के रूप में की गई। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए 10 अलग-अलग पुलिस पार्टियां गठित कर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इंटेलिजेंस की मदद से संजीव सिंह व उसे पनाह देने के आरोप में उसके चाचा के बेटा वरुण ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। जतिंदर को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों की ओर से वारदात में प्रयोग किया 32 बोर का रिवॉल्वर व 4 जिंदा कारतूस, डबल बैरल बंदूक और वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल नंबर पीबी-06-बीके-1074 बरामद कर ली है।

### जाइका परियोजना डोंडू कूहल किसानों को समर्पित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** किसानों की आय बढ़ाने और फसलों को बाजार तक पहुंचाने की दिशा में जाइका परियोजना अहम भूमिका निभा रही है। खंड परियोजना प्रबंधक शाहपुर स्थित गोरडा डॉ. अंकिता शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिले के धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के तहत बहाव सिंचाई योजना डोंडू कूहल का कार्य पूर्ण होने पर यह परियोजना संबंधित कृषक विकास समूह को शिल्पी बैकटा एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट धर्मशाला की ओर से हस्तांतरित की गई और साथ ही उन्होंने टूलकीट्स का वितरण भी किसानों को किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से 29.04 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की गई। इस योजना के तहत 262 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इस कूहल के अंतर्गत लगभग दो किलोमीटर लंबी कूहल का निर्माण किया है, जिसके ऊपर लगभग 49 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधन पालमपुर की ओर से डॉ. रजनीश शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों को नकदी फसल उगाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान पंचयात प्रधान सुषमा देवी, कृषक विकास संघ की प्रधान निशा देवी, सचिव रीना देवी, प्रबंधक समिति के सदस्य, इंजीनियर अधिकारी व प्रसार अधिकारीगण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस योजना के लिए प्रशासन और परियोजना अधिकारियों का आभार जताया।

### आशीष पटियाल ने थामा कांग्रेस का दामन



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** भाजपा के संगठनात्मक जिला देहरा के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष और अपर परागपुर पंचायत के उपप्रधान आशीष पटियाल (आशु) ने रविवार को सावीर सिंह, रघुबीर सिंह और महिंदर सिंह के साथ भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामा। डाडासीबा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरिंद्र मनकोटिया ने हार पहनाकर सभी का स्वागत किया। आशीष पटियाल ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों, अमेरिकी दबाव में लिए जा रहे निर्णयों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'एक्स' पर ही भारत की ओर से सीजफायर मान लेने जैसे निर्णयों ने उन्हें पार्टी से मोहभंग करने पर मजबूर कर दिया।

### अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान : सुरेश

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भारतीय किसान संघ कांगड़ा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग नरसिंह सरस्वती विद्या मंदिर फतेहपुर में संपन्न हुआ। इसमें कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना के किसान संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन समारोह में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर तथा अखिल भारतीय मंत्री डॉ. सोमदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। किसान संघ की कार्य पद्धति काम का स्वरूप व बैठक पद्धति के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश के संगठन मंत्री हरि राम पवार व दिलबाग सिंह, जगदेव ठाकुर, होशियार सिंह पठानिया, जगन्नाथ शर्मा, रोशन लाल, शक्ति चंद, सोमदत्त, बलवंत सिंह, करतार सिंह आदि मौजूद रहे।

**मदद** टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक भिक्षु जामयांग ने स्लम वेलफेयर प्रोग्राम के तहत लोगों को बांटे चेक

# झुग्गियों में रहने वाले 42 परिवारों का साकार हुआ घर का सपना

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**झुग्गियों** में रहने वाले लोगों का घर का सपना साकार हो रहा है। टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने केंद्र सरकार की समेकित आवास एवं स्लम विकास योजना के तहत धर्मशाला नगर निगम के सहयोग से चैतड़ू और सलांगड़ी के ऐसे दर्जनों गरीब लोगों को घर लेने में आर्थिक संबल एवं अन्य सहयोग प्रदान किया, जो कई पीढ़ियों से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे।

टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक भिक्षु जामयांग ने बताया कि उन्होंने संस्था की ओर से चिन्हित 29 झुग्गीवासियों में से 10 को अपने स्लम वेलफेयर प्रोग्राम के तहत 25-25 हजार रुपए के चेक दिए। शेष 19 को जल्द ही यह राशि दी जाएगी। इससे पहले टोंगलेन की सहायता से 42 परिवार झुग्गी से निकल कर अपने घर में रह रहे हैं। टोंगलेन उन्हें गैस स्टोव एवं सिलेंडर, किचन के लिए आवश्यक बर्तन और बिस्तर उपहार में देता है। 1.50 लाख रुपए कीमत का मकान झुग्गी में रहने वाले लोगों को दिया जाता है। इसमें एक बेडरूम एक लिविंग रूम किचन और टॉयलेट और बिजली पानी की सुविधा होती है। केंद्र सरकार की यह योजना धर्मशाला नगर निगम बेहतरीन ढंग से लागू कर रहा है।

टोंगलेन हर मकान के लिए 25 हजार रुपए दे रहा है। झुग्गीवासी इसमें 25 हजार रुपए जोड़कर मकान ले सकता है। शेष एक लाख रुपए जुटाने के लिए भिक्षु जामयांग बैंक से लोन दिलाने अथवा अन्य स्रोतों से प्रबंध के लिए प्रयास करते हैं। मकान के हकदार बने ज्यादातर लोगों को टोंगलेन के प्रयास से धर्मशाला नगर निगम में आउटसोर्स पर सफाई का काम मिला है। इससे वे बैंक की किस्त चुका सकते हैं। भिक्षु जामयांग के अनुसार, केंद्र सरकार की योजना को धर्मशाला नगर निगम बेहतरीन ढंग से लागू कर रहा है। सबसे ज्यादा मुश्किल दशकों से झुग्गी में रह रहे मराठी और राजस्थानी मूल के लोगों के दस्तावेज तैयार करना होता है। टोंगलेन की टीम ने लगातार कोशिश करके उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड एवं अन्य कागज तैयार कराए, ताकि उन्हें मकान मिल सके। टोंगलेन की सहायता झुग्गीवासियों को सिर्फ घर दिलाने तक सीमित नहीं है। संस्था की टीम उन्हें गैस स्टोव और टॉयलेट उपयोग करने की जानकारी भी देती है। मकान मिलने के 6 महीने तक उनके लिए संस्था की हेल्पलाइन चालू रहती है, ताकि कोई दिक्कत आने पर जरूरी रिपेयर या अन्य सहायता की जा सके। (अनंत ज्ञान)



झुग्गियों में रहने वाले लोगों के साथ टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक भिक्षु जामयांग।

### कभी सोचा भी नहीं था मैं अपने घर में रहूंगा : सुलीचंद

**टोंगलेन** की सहायता से मकान मिलने के बाद बुजुर्ग सुलीचंद ने भावुक होकर कहा कि मैं 40 साल से झुग्गी में रह रहा था। कभी सोचा भी नहीं था कि मैं अपने घर में रहूंगा। मेरे जैसे बहुत से लोगों और उनके बच्चों को नई जिंदगी मिली है। जन्म से झुग्गियों में रह रहीं नीलम कल्पना और लताशा तो भिक्षु जामयांग से 25-25 हजार रुपए के चेक लेते हुए रो पड़ी। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास ही नहीं हो रहा कि अब हम जल्द ही अपने घर में शिफ्ट हो जाएंगी। अब हम बच्चों की परवरिश और पढ़ाई ठीक ढंग से करा सकेंगे। इसके लिए जामयांग गुरु जी का शुक्रिया।

# कंडवाल टोल प्लाजा को लेकर लोग और ठेकेदार आमने-सामने

**नूरपुर, भूषण शर्मा**

**कंडवाल** टोल प्लाजा को लेकर स्थानीय लोगों व ठेकेदार में ठन गई है। इसके चलते विधायक रणवीर सिंह ने अपने आवास पर एक्साइज अधिकारियों, टोल प्लाजा के ठेकेदार, स्थानीय ट्रांसपोर्टर के साथ बैठक की। पहली बार ऐसा हुआ है जब हिमाचल के प्रवेश द्वार कंडवाल में टोल प्लाजा का नाका किसी बाहरी प्रदेश के फर्म ने करीब 16 करोड़ में लिया है। यह बैरियर चक्की पुल की सीमा से करीब 500 मीटर दूर हिमाचल के भाग में स्थित है तथा इसी 500 गज में हिमाचल वाले भाग में नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह का आवास कार्यालय व पारिवारिक होटल स्थित है। यही नहीं 500 गज वाले भाग में श्मशानघाट तथा नीचे स्थित चक्की दरिया से रेत, बजरी लाने के लिए क्रशर भी लगे हैं।

लोगों का कहना है कि प्रदेशों में पंजीकृत वाहन, विधायक, होटल या श्मशानघाट तक जाएंगे। वापसी पर इस नाके पर टोल टैक्स अदा करने के लिए विवश हो रहे हैं। पहले स्थानीय लोगों से टोल वसूली नहीं की जाती थी, क्योंकि बैरियर से 5 किलोमीटर तक के लोगों को इस प्रकार के पंजीकृत वाहनों पर टोल टैक्स में छूट का प्रावधान है। पंचायत के प्रधान का टिप्पर भी जब चक्की क्रशर से वापस आया तो उसको भी टोल फीस जड़ दी गई। स्थानीय लोगों में इस फर्म के खिलाफ गुस्सा है। उन्होंने कंडवाल चौकी में इसकी शिकायत की है। स्थानीय प्रशासन को भी इस आक्रोश से अवगत करवा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### स्थानीय लोगों से टोल वसूलना गैरकानूनी

**राजेश** पठानिया सह निदेशक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ ने बताया की अपने ही प्रदेश के क्षेत्र में जाने आने पर कंडवाल के स्थानीय लोगों से टोल वसूला जाना निंदनीय वह गैरकानूनी है। टोल प्लाजा फर्म की ओर से स्थानीय लोगों के अधिकारों को कुचला जा रहा है और धमकाया भी जा रहा है। इसे सहन नहीं किया जा सकता।

### महंगाई भत्ता न देने पर सरकार की निंदा

**कोहली, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ब्लॉक रैत की बैठक पवन धीमान प्रधान की अध्यक्षता में लदबाड़ा पंचायत मंजगरान में हुई। इसमें जिला अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, जिला महासचिव रविंदर राणा शामिल हुए। बैठक में पेंशनर्स की मांगों व इसके सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संशोधित कम्युटेशन, लीव इन कैशमेंट और गेज्युटी की अदायगी न करने के बारे में चर्चा की गई। 8 प्रतिशत महंगाई भत्ता न देने पर सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से अपील की कि पेंशनर्स की उपरोक्त मांगों को तुरंत माना जाए और अधिसूचना जारी की जाए। प्रदेश के चुनाव कराने के लिए सुरेश ठाकुर को सभी ने अधिकृत किया कि प्रदेश कार्यकारणी के चुना इसी महीने में करवा दिए जाएं, ताकि पेंशनर्स की मांगों के बारे में रूपरेखा बनाई जा सके। पवन धीमान प्रधान रैत ब्लॉक, कुलदीप शर्मा, महासचिव रैत ब्लॉक, कुलजीत राणा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़गी स्कूल के 27 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में दाड़गी स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया की परीक्षा में कुल 28 विद्यार्थी बैठे थे जिसमें 27 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए और एक विद्यार्थी की कंपार्टमेंट आई। इस प्रकार स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम 96.4 फीसदी रहा। कक्षा के तरुण ठाकुर ने 500 में से 458 अंक लेकर प्रथम, हिना 452 अंक लेकर द्वितीय और मुस्कान 448 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तरुण ठाकुर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते हैं तो वहीं हिना, मुस्कान, नेहा और संतोष शिक्षिका बनना चाहती हैं। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता खूब राम और एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी अध्यापकों को बधाई दी।

### आत्मा के लिए प्रार्थना जरूरीः साध्वी भारती



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सत्संग का आयोजन रविवार को हुआ। सत्संग की शुरुवात प्रार्थना से की गई, जिसका गायन गुरुभाई अंशुल ने किया। साध्वी सुनीता भारती ने अपने विचारों में कहा कि जिस प्रकार शरीर के लिए अन्न अनिवार्य है, ठीक वैसे ही आत्मा के लिए प्रार्थना जरूरी है। वास्तविकता यह है कि शरीर के लिए अन्न से भी जरूरी आत्मा के लिए प्रार्थना करना है।शरीर को स्वस्थ रखने के लिए निराहार रहना भी आवश्यक है। साध्वी मीनू भारती ने कहा कि गुरु की कृपा को पाने के लिए गुरुदेव के सिद्धांतों को आंतरिक जगत में धारण करना बहुत जरूरी है। एक शिष्य जब गुरु के सिद्धांतों पर चलता है तो वह सदैव ही उच्च विचार व पद को हासिल कर जाता है। जैसे एक खिलाड़ी खेल के सभी नियमों को अपनाता है तो वह एक योग्य खिलाड़ी बन जाता है, ठीक इसी प्रकार जब एक साधक गुरु की आज्ञा में चलता है तो वह शिष्यत्व की पूर्णता को प्राप्त कर लेता है।

### डॉ. वाईएस परमार विवि के कुलपति के खिलाफ आज युवा कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति को दी गई अनुचित एक्सटेंशन और शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ते भगवाकरण के खिलाफ सोमवार को एक विरोध मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह मार्च हमारे शैक्षणिक संस्थानों की स्वायत्तता, अकादमिक गरिमा और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए एक निर्णायक कदम है। हमें गर्व है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता, राष्ट्रीय महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश के प्रभारी विनीत कंबोज भी हमारे साथ उपस्थित रहेंगे, जो इस आंदोलन को और मजबूती प्रदान करेंगे।

### माता बगलामुखी जयंती पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोअर बाजार शिमला में माता बगलामुखी जयंती पर भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन बगलामुखी माता ट्रस्ट रामा स्टोर इकाई द्वारा किया गया था जिसमें सनी लखनपाल, गगन लखनपाल, राजू लखनपाल उपस्थित रहे। भंडारे वितरण में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने विशेष रूप से भाग लिया।

# शिलगिरी बिशु मेले का आगाज

## कोटेश्वर महादेव व अन्य स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद की मेले की शुरुआत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**जिला** शिमला की कोटखाई में चगांव परगना में ऐतिहासिक शिलगिरी बिशु मेला का शुभारंभ धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्साह के साथ आरंभ हुआ। कोटेश्वर महादेव एवं अन्य स्थानीय देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात मेले की शुरुआत की गई। यह प्राचीन मेला क्षेत्र की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो कई दशकों से लगातार स्थानीय जनसहयोग से आयोजित होता आ रहा है। इसमें दर्जनों गांव के लोगों ने भाग लिया।

इस वर्ष मेले में कलजार मतियाना और नगारू ठियोग के प्रतिष्ठित ठोडा दलों ने भाग लिया। साथ ही हिमरी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। महिला मंडलों के बीच आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता ने मेले में खास उत्साह भर दिया।

कड़ेहल, हिमरी, भड़ेच, घुण्डा, खतरोट, पाली, टिकरी, झंगरोली, कोटला, थर्मला सहित अन्य गांवों और आसपास की पंचायतों से आए लोगों ने पूरे जोश के साथ मेले में भाग लिया।

मेला समिति ने सभी के सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। मेले का मुख्य आकर्षण ठोडा खेल रहा, जो पारंपरिक धनुष-बाण युद्धकला का प्रदर्शन है। पाशी और शाठी दलों ने इस ऐतिहासिक कला का जीवंत प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह खेल महाभारत काल की वीर परंपराओं से जुड़ा है और आज भी स्थानीय युवाओं में उत्साह और अनुशासन का संचार करता है। (अनंत ज्ञान)



### सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का प्रयास

**गौरतलब** है कि शिलगिरी मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह क्षेत्रीय एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता की मिसाल भी है। इस आयोजन के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का एक सशक्त प्रयास किया जा रहा है।

### इतिहास से जोड़ते मेले : राजीव मैहता

**हिमरी** पंचायत के पूर्व प्रधान राजीव मैहता ने कहा कि ठोडा केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। यह हमें हमारे इतिहास, परंपरा और मूल्यों से जोड़ता है। ऐसे आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। शिलगिरी बिशु मेला हमारी एकता, संस्कृति और लोकशक्ति का प्रतीक है, जिसे हमें मिलकर आगे बढ़ाना है।

# निहरी की बेटी ने बारहवीं में पूरे प्रदेश में प्राप्त किया 10वां स्थान

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

**जिला** शिमला के साथ सट्टे मंडी की तहसील निहरी की ग्राम पंचायत जरल के दूरदराज गांव मांगन की होनहार बेटी बबली ने बारहवीं के परीक्षा परिणाम में प्रदेशभर में दसवां स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व



तहसील निहरी, ग्राम पंचायत का नाम रोशन किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जरल की बारहवीं की छात्रा बबली ने 500 में से 472 अंक हासिल किए। बबली एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखती है। उनके पिता पेशे से किसान व माता गृहणी है। बबली प्रतिदिन अपने घर से स्कूल के लिए दो घंटे का सफर तय करती है जो अपने आप में एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल करना काबिले तारीफ है।

### कोटी स्कूल की तमन्ना फर्स्ट व भावना सेकेंड



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटी का 12वीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा परिणाम काफी संतोषजनक रहा। जिनमें विज्ञान व वाणिज्य संकाय का 100 प्रतिशत व कला संकाय का 98 प्रतिशत रहा । प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने बताया कि पाठशाला की छात्रा तम्मना ने 420 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि भावना ने 413 अंक लेकर दूसरा तथा महक और मोहित 409 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे । उन्होने बताया कि पाठशाला के 41 विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड की परीक्षा दी थी जिनमें 34 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की है ।

# बालूगंज में कार में मिला व्यक्ति का शव, नशे से मौत की आशंका

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**राजधानी** शिमला में नशे की चपेट में युवाओं की मौत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला बालूगंज थाना क्षेत्र का है। यहां एक 38 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवक का शव एक कार में मिला और आशंका जताई जा रही है कि उसने किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया था।

शनिवार की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि बालूगंज थाना अंतर्गत कुमार हाउस के पास (एचपी 01ए-9543) नंबर की एक कार सड़क किनारे खड़ी है और उसमें एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कार की चालक सीट पीछे की ओर झुकी हुई थी और युवक मृत अवस्था में था। उसकी पहचान रोशन लाल (38) पुत्र लायकराम निवासी पीपलूघाट जिला सोलन के रूप में हुई।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि युवक की मौत नशीला पदार्थ निगलने से हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मौत किस कारण हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई अमल में लाई है।

बता दें कि शिमला में नशे विशेषकर चिट्टे की ओवरडोज से मौत के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। शिमला पुलिस की नशा तस्करों के ख़िला.फ़ ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है और आये दिन चिट्टे के साथ तस्करों को दबोच जा रहा है।

### विस्फोटक पदार्थ के खुलासे में क्यों हो रही देरी : भाटिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं समाजिक कार्यकर्ता कर्म चंद भाटिया ने कहा है कि मिडल बाजार स्थित हिमाचल रसोई में हुए शहर को दहला देने बाले ब्लास्ट की एक ही मामले में दो रिपोर्टों फॉरेंसिक लैब जुनगा में साधारण गैस लीकेज पुष्टि व एनएसजी जांच रिपोर्ट पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। विस्फोटक पदार्थ क्या था, के खुलासे की सच्चाई को जल्द सामने लाकर आरोपियों को गिरफ्तार करें।

भाटिया ने कहा की एनएसजी जांच में विस्फोटक पदार्थ, जो उस वक्त पुलिस ने आतंकी घटना करार दिया था, को राज्य गुप्तचर विभाग ने आज तक खुलासा सर्वजनिक क्यों नहीं किया। भाटिया ने राज्य के डीजीपी सीआईडी एवं क्राइम से आग्रह किया है कि इस मामले की रिपोर्ट व जांच जल्द पूरी कर दोषियों के खिलाफ पूरी करें और इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को मजबूर ना करें।

# प्रदेश में दो दिन बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

## मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 19 व 20 के लिए येलो व ऑरेंज अलर्ट किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में मौसम फिर से बिगड़ने वाला है। राज्य के कई जिलों में आने वाले दो दिनों तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 19 व 20 मई के लिए यलो व ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके तहत कई जिलों में तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की आशंका जताई गई है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

अगले 24 घण्टों में यानी 19 मई को सबसे अधिक असर रहने की संभावना है। इस दिन कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में ओरेंज अलर्ट रहेगा। इसके तहत ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं जिनकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होगी और झोंकों में यह 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा और किन्नौर में येलो अलर्ट के तहत गरज-चमक के साथ बारिश और आंधी-तूफान की संभावना है। 20 मई को भी यह स्थिति बनी रहेगी लेकिन कुछ जिलों में थोड़ी राहत मिल सकती है। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर और सोलन में उस दिन कोई विशेष चेतावनी नहीं दी गई है जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

ऊना जिले में 19 मई को तेज आंधी और बिजली गिरने की आशंका है जबकि इसके बाद मौसम सामान्य रहेगा। बिलासपुर और हमीरपुर में 19 और 20 मई को मौसम खराब रहने वाला है फिर 21 और 22 मई को कोई चेतावनी नहीं है। चंबा जिले में 19 व 20 मई को लगातार तूफान, बिजली गिरने और बारिश की स्थिति बनी रह सकती है। कांगड़ा में भी दो दिनों तक मौसम खराब रहने का अनुमान है। शिमला, कुल्लू, मंडी में 19 और 20 मई तक लगातार तेज गर्जना, बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

सोलन जिले में 19 मई को आंधी की चेतावनी है लेकिन 20 से मौसम शांत हो जाएगा। सिरमौर में 19 मई को ओलावृष्टि, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है जबकि 20 मई को भी तेज हवाएं चलेंगी। किन्नौर और लाहौल-स्पीति में 19 व 20 मई को तेज हवाएं चलने का अनुमान है जबकि 21 और 22 को मौसम सामान्य रहेगा।

### ऊना का तापमान पहुंचा 41 डिग्री सेल्सियस

**इस** बीच रविवार को भी पूरे प्रदेश में तेज धूप खिली, जिससे तापमान में उछाल आया। ऊना सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान सर्वाधिक 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शिमला में तापमान 27 डिग्री, सुंदरनगर में 37 डिग्री, भुंतर में 36.3, धर्मशाला में 35, मनाली में 28 और नेरी में 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# नयना देवी मंदिर में 25 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा

## सुबह 4:00 बजे दर्शनों के लिए खोल दिए थे मंदिर के कपाट, फ्लाईओवर तक पहुंच गई श्रद्धालुओं की भीड़



शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर के बाहर लाइनों में लगकर दर्शनों के लिए जाते भक्त।

**मुकेश शर्मा, नयना देवी**

**विश्व** विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में भारत-पाकिस्तान विवाद के बाद श्रद्धालुओं की संख्या मे इजाफा हुआ है। रविवार को लगभग 25000 श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए और घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से सुबह से ही श्रद्धालुओं का क्रम जारी हो गया। मंदिर के कपाट सुबह 4:00 बजे दर्शनों के लिए खोल दिए गए थे, लेकिन दोपहर की आरती के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ फ्लाईओवर को पार कर गई। मंदिर के बाहर जहां होमगार्ड के जवानों ने मोर्चा संभाल के रखा। वहीं, लाइनों में ही श्रद्धालुओं को माता जी के दर्शनों के लिए भेजा गया। श्रद्धालुओं ने माता जी के प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डालीं। मंदिर के निकासी और मुख्य द्वार के पास पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं ने ठंडे पानी की छबील लगाई। (अनंत ज्ञान)

### शाहतलाई में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के शाहतलाई क्षेत्र में स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचे। सुबह से ही लोग मंदिर में आना शुरू हो गए थे। शाहतलाई में स्थित गरूणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में करीब 5000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका।

सुबह पांच बजे से ही भीड़ मंदिर में दर्शन करने पहुंची। श्रद्धालुओं के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में लंगर की व्यवस्था की गई है। अब तक मंदिर में लगभग 50,000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। मंदिर परिसर में जगह-जगह सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने बताया कि सुबह से ही लोग बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में दर्शनों के लिए पहुंचे।




शाहतलाई में लाइनों में लगकर बाबा बालक नाथ के दर्शन करते श्रद्धालु।

# दकड़ी चौक में छह माह से शौचालय बना शोपीस

## महिलाओं और यात्रियों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**नगर** परिषद घुमारवीं के तहत दकड़ी चौक में बना सार्वजनिक शौचालय पिछले छह महीनों से शोपीस बनकर रह गया है। मरम्मत के नाम पर इसे बंद कर ताला लटका दिया था और दावा किया था कि एक महीने में कार्य पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन छह महीने बाद भी शौचालय बंद पड़ा हुआ है। इसकी मरम्मत का ठेका दिया गया था और ठेकेदार ने एक महीने पहले ही अपना कार्य पूरा कर लिया है। इसके बावजूद अब तक इसे दोबारा शुरू नहीं किया गया।

दकड़ी चौक पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। बस ठहराव होने के कारण यहां हजारों यात्री भी रुकते हैं, लेकिन शौचालय की अनुपलब्धता से आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि यात्रियों और राहगीरों के लिए यह शौचालय बहुत जरूरी है। महिलाओं को विशेष तौर पर असहजता का सामना करना पड़ता है, क्योंकि आसपास कोई और सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। एक साधारण मरम्मत कार्य में छह महीने से ज्यादा समय लगना परिषद की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता, जबकि परिषद नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के दावे करती है और टैक्स भी वसूलती है। वहीं, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी खेम चंद वर्मा ने बताया कि शौचालय की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है, जल्द शौचालय को चालू कर दिया जाएगा। (अनत ज्ञान)



दकड़ी चौक में बने सार्वजनिक शौचालय में लगाया ताला।

### गेहड़वीं में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के तहत गेहड़वीं स्थित नर सिंह मंदिर में ब्रह्मलीन महंत केवल गिरि महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर नर सिंह मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। इस आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई।

महंत गोपाल गिरि एवं सागर चंदेल ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 25 मई तक किया जाएगा। कथा वाचन की जिम्मेदारी उधव स्वरूप ब्रह्मचारी जी (दिल्ली वाले) निभा रहे हैं। कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# घुमारवीं में कूड़े के निष्पादन को नहीं हुई स्थायी व्यवस्था

**अनंत ज्ञान,घुमारवीं**

**सात** वार्डों वाली घुमारवीं नगर परिषद का कूड़ा अस्थायी व्यवस्था के सहारे ठिकाने लगाया जा रहा है। नगर परिषद के गठन को 30 वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन में कूड़े के निष्पादन की स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है। सात वार्डों वाला यह नगर क्षेत्र आज भी अस्थायी डंपिंग स्थलों के सहारे है। करीब 17 साल पहले एक करोड़ रुपए का बजट इस कार्य के लिए मंजूर हुआ था। नगर परिषद के खाते में यह राशि आज भी जस की तस पड़ी है, लेकिन भूमि चयन और स्थानीय विरोधों के चलते आज तक संयंत्र धरातल पर नहीं उतार सका है।

पहले बजोहा वार्ड में संयंत्र लगाने की योजना बनी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के चलते यह योजना विफल हो गई। नगर परिषद ने भदशी गांव के समीप एक निजी भूमि पर कूड़ा डालना शुरू किया, लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप और स्थानीय विरोध के चलते यह स्थान भी हाथ से निकल गया। कूड़े के निष्पादन के लिए मेला ग्राउंड और सीरखड्ड जैसे अन्य स्थान भी अस्थायी रूप से प्रयोग में लाए गए, लेकिन वहां भी कानूनी और सामाजिक बाधाएं उत्पन्न हुईं। वर्तमान में नगर परिषद के पास कोई भी स्थायी स्थान नहीं है, जहां शहर से निकलने वाले हजारों टन कूड़े का निष्पादन किया जा सके। कूड़े की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है और अस्थायी उपाय अब कारगर नहीं सिद्ध हो रहे हैं। यदि शीघ्र ही इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

> **कूड़ा** संयंत्र के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। पहले संबंधित ग्राम पंचायत की एनओसी नहीं मिल रही थी, लेकिन अब एनओसी मिल चुकी है तथा फाइल वन संरक्षण अधिनियम के पास अप्रूवल के लिए भेजी गई है, जैसे ही अप्रूवल मिलेगी कूड़ा संयंत्र का काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-खेमचंद वर्मा, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद घुमारवीं।**

**जागरण** एसडीएम राजेंद्र गौतम ने किया 33वां विशाल भगवती जागरण का शुभारंभ

# 'रौनका लगियां दातिए' से लूटी वाहवाही

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के बरठीं में श्री नवदुर्गा माता मंदिर सेवा संस्थान खरोटा की ओर से 33वां विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां नवदुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जागरण का शुभारंभ एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम, तहसीलदार झंडूता कुनिका अर्ष और विकास खंड अधिकारी घुमारवीं अभिषेक कुमार ने ज्योति प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर हिमाचल की लोकप्रिय गायिका वंदना धीमान, वॉइस ऑफ पंजाब से सम्मानित गौरव कौंडल और पंजाब के मशहूर गायक जोगेंद्र जोशीला ने मां की महिमा का मनमोहक गुणगान कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंदना धीमान ने रौनका लगियां दातिए, चूड़ा लाल रंग दा, प्यारी लगदी मैंनो कांगड़ा वाली माता जैसे भजनों से समां बांधा। गौरव कौंडल ने सुन माये नी शेरावालिये, चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है जैसे भजनों से समां बांधा। जोगेंद्र जोशीला ने माता के मंदिर को सोने का बनाना है, जैसे भजनों के साथ मंदिर निर्माण के लिए भक्तों को सहयोग के लिए प्रेरित किया। लुधियाना के बृजेश राही ने तारा रानी जी की कथा सुनाकर जागरण को पूर्णता प्रदान की। मंदिर कमेटी के प्रधान भगत पूरनचंद नयियर, सचिव विपिन सिंगला, उपप्रधान सुदर्शन शर्मा, कोषाध्यक्ष सरवन सिंह, प्रेस सचिव जितेंद्र गौतम सहित अन्य सदस्यों ने विशिष्ट अतिथियों और भक्तों को माला, चुनरी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कमेटी ने मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए भक्तों और कलाकारों की सराहना की। इस अवसर पर कमेटी के सभी सदस्यों और स्थानीय लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। (अनत ज्ञान)



झंडूता उपमंडल के बरठीं में श्री नवदुर्गा माता मंदिर सेवा संस्थान खरोटा की ओर से आयोजित भगवती जागरण में उमड़ लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### माता भटालवा मंदिर परिसर में की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के प्रसिद्ध माता भटालवा मंदिर परिसर में 'प्रयास एक जरिया' संस्था द्वारा एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान मंदिर परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया। इस सराहनीय पहल में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर मंदिर के आंगन, मार्गो और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा पर्यावरण की स्वच्छता को लेकर जागरूकता का संदेश भी फैलाया। इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी स्वयंसेवकों का 'प्रयास एक जरिया' परिवार तहे दिल से आभार व्यक्त करता है। इस अभियान में मोहित, दीक्षा, करण, सीमा, आस्था, तितिक्षा, रमायरा, यश, हर्ष, पूरव, अंकुश, शाहबुद्दीन, वीणा, रक्षित और अभिषेक शामिल रहे।

### ककीरा आश्रम में महारुद्र यज्ञ महोत्सव शुरू

**बबलू पठानिया, बकलोह।** स्वामी हरि गिरी जी महाराज के ककीरा स्थित सन्यास आश्रम में पांच दिवसीय 59वां महारुद्र यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य जजमान गोविंद भाई ओझा व उनके परिवार द्वारा इस यज्ञ का आयोजन किया गया, जो 1969 से निरंतर होता आ रहा है। सुबह 9 बजे आश्रम से स्वामी जी की पालकी के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो ककीरा बाजार के प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंची। इस यज्ञ में विशेष प्रकार की जड़ी-बूटियां, देसी घी, तिल, गुड़, चीनी, शहद और विभिन्न प्रकार की सुगंधित सामग्रियां आहुति स्वरूप डाली जा रही हैं। आयोजकों का मानना है कि महारुद्र यज्ञ से वातावरण की शुद्धि होती है, रोगों से मुक्ति मिलती है और यह विश्व शांति की दिशा में एक अहम प्रयास है। पांच दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। समापन दिवस पर पूर्णाहुति के साथ यज्ञ पूर्ण होगा। आयोजकों का कहना है कि यह यज्ञ वातावरण शुद्धि, रोग मुक्ति व विश्व शांति के लिए किया जा रहा है।

### धर्मपुर में नशे के खिलाफ दौड़ 11 को : भूप्पी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशामुक्त अभियान के तहत धर्मपुर क्षेत्र नशामुक्ति अभियान कमेटी की बैठक व्यापार मंडल के अध्यक्ष राज कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने रोड रन के लिए दो हजार की राशि भी दान की दी। इस बैठक में खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी और मंडी साक्षरता समिति की सचिव सुनीता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में तय किया कि युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने व नशे से दूर रखने के उद्देश्य 11 जून को अंडर 16 आयु 18 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों के लिए 2 व 4 किलोमीटर दौड़ का आयोजन धर्मपुर से चकवाण के बीच किया जाएगा। इसमें केवल धर्मपुर के नजदीकी इलाके के धावक ही भाग ले सकते हैं। दौड़ में पहले पांच स्थानों तक पहुंचने वालों को नगद ईनाम दिया जाएगा।इसके लिए सभी औपचारिकताएं जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। खंड अध्यक्ष व अंतराष्ट्रीय एथेलेटिक्स कोच भूपिंदर सिंह भूप्पी ने बताया कि पिछले महीने टिहरा में राज्य स्तरीय मिनी मैराथन दौड़ अजोजित की गई थी और अब क्षेत्रीय स्तर पर इनका आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत सजाओ में 25 मई तथा संधोल, बरोटी, चोलथरा और टिहरा में अगले एक महीने में इनका आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए आजकल बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठक में राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर के प्रिंसिपल सुरेंद्र सकलानी, न्यू विम्म पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य विमला, डी पी एस सविता ठाकुर, आई टी आई से सुभंम शर्मा डाक्टर विजय मैमोरियल स्कूल से राजेश कुमार,ज्ञान विज्ञानं समिति मंडी की सचिव कंचना देवी, आजीविका मिशन की क्लस्टर इंचार्जसोमा देवी एफ़पीओ धर्मपुर महिला फेडरेशन की सचिव कंचना देवी,मीनू सपना, रीनू पुष्पलता सरोज आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# जनसेवा ही मेरा कर्तव्य और धर्म : नीरज नैय्यर

## विधायक ने जनसमस्याओं को शीघ्र हल करने के लिए निर्देश

**आरके सहगल, चंबा**



विधायक नीरज नैय्यर अपने निवास स्थान में जन समस्याएं सुनते हुए।

**चंबा** सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने रविवार को अपने निवास पर जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए रविवार को भी जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में लोगों से मुलाकात की, व्यक्तिगत, सामाजिक और क्षेत्रीय समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने का संकल्प लिया।

नैय्यर ने कहा कि आपकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। जनसेवा ही मेरा कर्तव्य और धर्म है। जनसुनवाई में वृद्धावस्था पेंशन, सड़क मरम्मत, बिजली-पानी की आपूर्ति, राजस्व प्रकरण और शिक्षा से जुड़ी अनेक शिकायतें सामने आईं, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। आपकी सेवा में सदैव समर्पित हूं यह सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि चंबा विधायक नीरज नैय्यर का जीवंत संकल्प बन चुका है, जिसे उन्होंने रविवार जैसे अवकाश के दिन भी निभाकर साबित किया है। (अनंत ज्ञान)

# दो डॉक्टरों के सहारे चल रहा सीएचसी तीसा

## लोगों को इलाज करवाने के लिए करना पड़ रहा घंटों इंतजार

**अनंत ज्ञान, चुराह**

**प्रदेश** के जनजातीय क्षेत्र चुराह विधानसभा की स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों गंभीर संकट की स्थिति में हैं। एक से डेढ़ लाख की आबादी वाला यह क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम है, जहां अधिकांश लोग दूरदराज गांवों में रहते हैं और आर्थिक रूप से भी कमजोर हैं। ऐसे में पूरे चुराह की चिकित्सा व्यवस्था का बोझ तीसा स्थित एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर है, जिसकी स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जा रही है।

सीडी राणा ने बताया कि तीसा सीएचसी में कुल 16 चिकित्सा अधिकारियों के पद स्वीकृत हैं, परंतु वर्तमान में केवल एक या दो डॉक्टर ही कार्यरत हैं। इससे मरीजों की संख्या के अनुपात में चिकित्सा सेवाएं नाकाफी साबित हो रही हैं और लोगों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल में न तो सीटी स्कैन, न अल्ट्रासाउंड और न ही एक्स-रे जैसी जरूरी जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### दोनों शौचालय की हालत खराब: सीडी राणा



**सीडी राणा** ने बताया कि अस्पताल परिसर में केवल दो शौचालय हैं और उनकी स्थिति भी अत्यंत खराब है। गंदगी के कारण खासकर महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। सीडी राणा का कहना है कि यह केवल अस्पताल की व्यवस्था का नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य के अधिकारों और सम्मान का भी विषय है, जिस पर सरकार को तत्परता से कार्य करना चाहिए।

### दवाइयों की आपूर्ति भी सिविल सप्लाई के माध्यम से लंबे समय से बाधित

इसके साथ ही, दवाइयों की आपूर्ति भी सिविल सप्लाई के माध्यम से लंबे समय से बाधित है, जिससे मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। पूरे चुराह क्षेत्र के लिए सिर्फ एक एंबुलेंस ही उपलब्ध है, जो आपातकालीन स्थितियों में अपर्याप्त साबित हो रही है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि तीसा अस्पताल की स्थिति को गंभीरता से लिया जाए। डॉक्टरों की शीघ्र नियुक्ति, दवाइयों की नियमित आपूर्ति और अत्यावश्यक चिकित्सा मशीनों की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके संवैधानिक अधिकारों के अनुसार मिल सकें।

# भरमौर-चंबा एनएच पर कार व बाइक की टक्कर, एक घायल



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भरमौर**-चंबा राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जब मैहला पुल से कुछ दूरी पहले और जांघी के आगे एक कार और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज़ थी कि बाइक सवार मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक और कार सवार दोनों को चम्बा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि कार सवार को भी हल्की चोटें आई हैं।

हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है ताकि दुर्घटना के कारणों का सही पता लगाया जा सके। स्थानीय प्रशासन ने एक बार फिर लोगों से अपील की है कि वे सड़कों पर सावधानी बरतें व गति सीमा का पालन करें, ताकि ऐसे दुखद हादसों से बचा जा सके।

# बच्चों के भाषा व गणित में बुनियादी कौशल को सुदृढ़ करने का प्रयास

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**गर्मियों** की छुट्टियों को अब केवल मौज-मस्ती तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि बच्चों की सीखने की यात्रा को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, जो 1995 से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है, इस वर्ष एक राष्ट्रव्यापी पहल के तहत 'कमाल का कैंप-समर कैंपेन 2025' का आयोजन कर रहा है। इस अभिनव कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों के भाषा और गणित में बुनियादी कौशल को सुदृढ़ करना है।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन जो वर्तमान में हिमाचल प्रदेश सहित देश के 23 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय है, इस कैंप के माध्यम से कोविड-19 के दौरान हुई शिक्षा हानि को पूरा करने का सार्थक प्रयास कर रहा है।



### बच्चों के लिए सीखने का सुनहरा अवसर

**कैंप** विशेष रूप से उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो 2020-22 के कोविड काल में सीखने की कमी से जूझ रहे हैं। कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गणितीय और भाषाई गतिविधियों के माध्यम से सीखने के प्रति उत्साहित करना और उन्हें बुनियादी शिक्षा में मजबूत बनाना है।

### चंबा में जागरूकता और प्रशिक्षण की लहर

**चंबा** ज़िले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में इस कार्यक्रम के लिए स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इन संस्थानों में चंबा मिलेनियम बी.एड कॉलेज चनेड, प्रियदर्शिनी बी.एड कॉलेज, चुवाड़ी, पीजी कॉलेज चंबा, डाइट सरू, पहल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, मां ज्वाला आई.टी.आई, भद्रम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आगामी चरणों में जिले के सभी डिग्री कॉलेजों, कंप्यूटर सेंटरों, युवक मंडलों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और पंचायत समिति सदस्यों को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा।

# चंबा में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर की चर्चा



### प्रदेश स्तरीय कृषि बैठक में एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** की प्रगतिशील सोच और सतत विकास की दिशा में एक और सशक्त पहल करते हुए रविवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कृषि विभाग की प्रदेश स्तरीय उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया, जो चंबा जिले के किसानों के हितों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। इस अवसर पर एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने चंबा क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं, किसानों की आवश्यकताओं और मंडियों से सीधी जोड़ पर चर्चा करते हुए सरकार की नीतियों की सराहना की।

उन्होंने आश्वासन दिया कि एपीएमसी चंबा प्राकृतिक खेती के मिशन को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगा। यह बैठक न केवल नीतिगत दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही, बल्कि यह हिमाचल के किसानों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में एक दृढ़ और निर्णायक कदम के रूप में देखी जा रही है।

# भटालवां में 45 प्रशिक्षुओं ने कराटे में दिखाया दमखम

## मार्शल आर्ट्स अकादमी चंबा ने आयोजित किया विशेष ग्रेडिंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**अकादमी** ऑफ मार्शल आर्ट्स चंबा द्वारा रविवार को जालपा माता मंदिर, भटालवां परिसर में कराटे प्रशिक्षुओं के लिए एक विशेष ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राइसो तेकी गोजू रियु कराटे के चयनित कराटे परीक्षक सेंसेई रणधीर ठाकुर (5वीं डिग्री ब्लैक बेल्ट) ने मुख्य परीक्षा निरीक्षक की भूमिका निभाई। इस टेस्ट में कुल 45 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और विभिन्न कलर बेल्ट प्राप्त करने के लिए अपने कराटे कौशल का दमदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं को परीक्षा पास करने के लिए कठोर शारीरिक और मानसिक परीक्षणों से गुजरना पड़ा, जिसमें सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की।

मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई रणधीर ठाकुर ने सभी सफल बच्चों और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कराटे केवल आत्मरक्षा की तकनीक नहीं, बल्कि यह जीवन को संतुलित, अनुशासित और सशक्त बनाने वाली जीवन शैली है। कराटे से न केवल शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह आत्मविश्वास, आत्म-नियंत्रण और समय प्रबंधन की कला भी सिखाता है।

उन्होंने बताया कि मार्शल आर्ट्स बच्चों के मानसिक, सामाजिक और आत्मिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना साहस और संतुलन के साथ कर सकते हैं। इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए सीनियर ब्लैक बेल्ट सहयोगियों कर्ण ठाकुर, केवल कृष्ण, रवि ठाकुर, मीर प्रकाश नेगी और पवन गक्खड़ सहित मंदिर समिति और अभिभावकों का विशेष धन्यवाद किया गया।

### बेल्ट ग्रेडिंग विवरण

| | |
|---|---|
| - येलो-I | 5 प्रशिक्षु |
| - येलो-II | 6 प्रशिक्षु |
| -ऑरेंज बेल्ट | 4 प्रशिक्षु |
| -ग्रीन बेल्ट | 8 प्रशिक्षु |
| - ब्लू बेल्ट | 8 प्रशिक्षु |
| - ब्राउन-I | 7 प्रशिक्षु |
| -ब्राउन-II | 2 प्रशिक्षु |
| - ब्राउन-III | 2 प्रशिक्षु |

### सूडोकु नवताल- 7434

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 7433 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# मजदूरों की मौत की मुआवजा राशि जारी नहीं कर रहा है बोर्ड

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड ने पांच सौ पंजीकृत मजदूरों की मौत होने पर उनके आश्रितों को मिलने वाली दाह संस्कार और मौत की वित्तीय सहायता जारी नहीं कर रहा है जबकि दूसरी तरफ की सहायता राशि तो अरबों रुपये की लंबित है, लेकिन उसे जारी करने के लिए केवल समय सीमा ही निर्धारित की जाती है। बोर्ड सदस्य व मजदूर संगठन सीटू से सबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह ने बोर्ड की इस मजदूर विरोधी कार्यप्रणाली की कड़ी निंदा और आलोचना की है और इसे तुरंत जारी करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बोर्ड राज्य कार्यालय हमीरपुर में ही पौने दो सौ मजदूरों की मृत्यु के क्लेम पेंडिंग पड़े हैं।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

सोमवार, 19 मई 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत बैशाख, **तिथि** षष्ठी (08:04): **नक्षत्र** स्वाति (06:17), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : ब्यतीपात (04:59), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (07:29-09:07)।

### विशेष दिन

19 मई 2025: संत तारणतरण गुरु पर्व आज।

**मेषः** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृषः** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुनः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क**: सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंहः** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्याः** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था के लिए जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें।

**तुलाः** पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिकः** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनुः** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकरः** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभः** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीनः** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

अनंत Classifieds

## सार्वजनिक सूचना

**मैं, नरेंद्र सिंह पठानिया** (78) पुत्र स्व. श्री कमान सिंह गांव सूरजपुर झिकला तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा का रहने वाला हूं कि मैंने दिनांक 27-09-2021 को अपने बेटे नरिपजीत सिंह पठानिया और उसकी पत्नी श्रीमति मोनिका को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल किया था। अतः अब मैं घोषणा करता हूं कि मैं 27-09-2021 की बेदखली को रद्द करता हूं। संबंधित नोट करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पंजाहडा
### विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज दिनांक16/05/2025 को ग्राम पंचायत पंजाहडा की बैठक प्रधान श्रीमति नरेश कुमारी जी की अध्यक्षता में बुलाई गई। अतः बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत पंजाहड़ा के लिये सामग्री उपलब्ध करवाने के लिये निविदाएं मांगी जानी है । अंत बैठक में चर्चा उपरांत पास हुआ की निविदाएं डाक द्वारा दिनांक 25/05/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। दिनांक 25/05/2025 को समय 12 बजे निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों/कमेटी द्वारा खोली जाएगी । वर्ष (2025-2026)

| क्रं.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य बांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रशर | प्रतिCUM |
| 2. | बजरी क्रशर | प्रतिCUM |
| 3. | बोल्डर पत्थर | प्रतिCUM |
| 4. | कट स्टोन) तोडोवां पत्थर | प्रतिCUM |
| 5. | शटरिंग | प्रति वर्ग फुट |
| 6. | पानी टैंक | प्रति टैंक |
| 7. | ढुलाई सीमेंट नूरपुर से कार्य तक लोडिंग व अनलोडिंग सहित | प्रति बैग |
| 8. | ईंट अबल | प्रति ईंट |
| 9. | साईन बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 10. | मिक्स्चर मशीन | प्रति दिन |

**नोट**- निविदाता के पास जीएसटी नंबर होना जरुरी है। बिना जीएसटी नंबर के निविदा को रद्द किया जायेगा । जीएसटी नंवर की प्रति साथ में सलंग्न करें। निविदा पास होने पर सप्लाई ना देने पर 25000/- तक का जुर्माना हो सकता है। ग्राम पंचायत के पास निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा सम्बंधी शर्ते निविदा खोलने से पूर्व सुनाई जाएगी।

**प्रधान सचिव, ग्राम पंचायत पंजाहडा**
**विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल, विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**ग्राम** पंचायत बग्गी तुंगल विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यक्तानुसार बिक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 23-05-2025 को दोपहर 2 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यालय में स्वीकार की जाएगी। निविदाएं दिनांक 23-05-2025 को दोपहर 2 बजे के बाद ग्राम पंचायत पदाधिकारियों व निविदादाओं के समक्ष पंचायत कार्यालय बग्गी तुंगल में खोली जाएगी।

सामग्री का विवरण मात्रा, जिसमें मूल्य वांछित है:- 1. रेत (KANSA QUERRY) Per cubic meter 2. रेत (CRUSHER) Per cubic meter 3. बजरी (KANSA QUERRY) Per cubic meter 4. बजरी 10, 20,40mm (CRUSHER) Per cubic meter 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर - Per cubic meter 6. पत्थर (Cut Stone) Per cubic meter 7. ईंट- प्रति ईंट, 8. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe, 9. जेसीबी Per Hours, 10. सटरिंग - Per Square Meter, 11. सीमेंट ढुलाई, 12. सुचना पट्ट -4*4 फुट।

**शर्तेः** 1.निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री Per Bag मंडी से बग्गी तुंगल कार्य स्थल तक ठेकेदार/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7.सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8.) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जाएगी अन्यथा सप्लाईकर्ता स्वयं उतरदायी होगा। 9. निविदादाताओं को 20000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। 10 निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान, ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल, विकास खंड सदर मंडी।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुठेड
### विकास खंड खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**ग्राम** पंचायत कुठेड विकास खंड नगरोटा सुरियां जिला कांगड़ा द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेतायों से मुहर बंद निविदाएं हि.प्र.पंचायाती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम, 2002 के नियम 67 (5) क तथा ख के अंतर्गत आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 22-05-2025 को सांय पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कुठेड में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 23-05-2025 को 12 बजे ग्राम पंचायत की कमेटी निविदितायों या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय कुठेड में खोली जाएगी। सामग्री व मात्रा का विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. रेता बजरी (खड्डु/नदी का)-प्रति घन मीटर, 2. रेता (क्रशर का)-प्रति घन मीटर 3. बजरी 10MM (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 4. बजरी 20MM (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40MM (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 6. बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 7. कटे पत्थर-प्रति घन मीटर, 8. सीमेंट ढुलाई किराया पुहाड़ा से कार्य तक-प्रति बैग, 9. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर, 10. मिक्सचर मशीन तेल सहित-प्रति घंटा, 11. वाटर टैंक-प्रति दिन, 12. साईन बोर्ड 3'*2' feet, 13.पक्की ईंटे -प्रति हजार, 14.रोड़ी 63 MM,-प्रति घन मीटर, 15. Water cooler-No.s, 16. Dustbin-No.s, 17. Laptop + printer -No.s, 18. अलमारी-संख्या।

**नियम व शर्तेः**- 1. निविदाता के पास अपना पंजीकरण GST नंबर होना अवश्यक है। 2. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X व W जमा करवाने होंगे। X व W उपलव्ध न करबाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी भुगतान नहीं किया जायेगा। 3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होंगी। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 5. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की कोई अदायगी देय नही होगी। 6. निविदाता यदि सामग्री आपूर्ति समानुसार नही कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नही किया जाएगा। 7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदातायों के लिए कार्य आदेश निर्गत करने,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 8. GST रेट भी मेंशन किया जाए।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत कुठेड**
**विकास खंड खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भाली
### विकास खंड खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**ग्राम** पंचायत भाली विकास खंड नगरोटा सुरियां जिला कांगड़ा द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेतायों से मुहर बंद निविदाएं हि.प्र.पंचायाती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम, 2002 के नियम 67 (5) क तथा ख के अंतर्गत आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 24-05-2025 को सांय पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भाली में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 25-05-2025 को 12 बजे ग्राम पंचायत की कमेटी निविदितायों या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय कुठेड में खोली जाएगी। सामग्री व मात्रा का विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. रेता बजरी (खड्डु/नदी का)-प्रति घन मीटर, 2. रेता (क्रशर का)-प्रति घन मीटर 3. बजरी 10MM (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 4. बजरी 20MM (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40MM (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 6. बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 7. कटे पत्थर-प्रति घन मीटर, 8. सीमेंट ढुलाई किराया पुहाड़ा से कार्य तक-प्रति बैग, 9. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर, 10. मिक्सचर मशीन तेल सहित-प्रति घंटा, 11. वाटर टैंक-प्रति दिन, 12. साईन बोर्ड 3'*2' feet, 13.पक्की ईंटे -प्रति हजार, 14.रोड़ी 63 MM,-प्रति घन मीटर, 15. Water cooler-No.s, 16. Dustbin-No.s, 17. Laptop + printer -No.s, 18. अलमारी-संख्या।

**नियम व शर्तेः**- 1. निविदाता के पास अपना पंजीकरण GST नंबर होना अवश्यक है। 2. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X व W जमा करवाने होंगे। X व W उपलब्ध न करबाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी भुगतान नहीं किया जायेगा। 3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होंगी। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 5. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की कोई अदायगी देय नही होगी। 6. निविदाता यदि सामग्री आपूर्ति समानुसार नही कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नही किया जाएगा। 7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदातायों के लिए कार्य आदेश निर्गत करने,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 8. GST रेट भी मेंशन किया जाए।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत भाली**
**विकास खंड खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**एक** छात्र का सबसे महत्वपूर्ण गुण यह है कि वह हमेशा अपने अध्यापक से सवाल पूछे। **-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौती

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए हालिया आतंकी हमले ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया है। इस कायराना हमले में निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाबलों को निशाना बनाया गया, जिससे समूचे देश में आक्रोश और दुख की लहर फैल गई। जैसे ही हमले की खबर सामने आई, हर कोने से आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की आवाज उठने लगी। केंद्र सरकार ने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं आम जनता से लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन देने की घोषणा की। संसद से लेकर सड़कों तक, मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक-हर तरफ सिर्फ एक ही स्वर था-आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई और राष्ट्रीय एकता, लेकिन उसी समय सामने आई एक हैरान करने वाली खबर। जहां पूरा देश आतंकवाद के विरुद्ध संगठित हो रहा था, वहीं हरियाणा की एक यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ सामने आई खबर ने सभी को चौंका दिया। आरोप है कि ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रही थी और देश की संवेदनशील सूचनाएं दुश्मन तक पहुंचा रही थी। ज्योति मल्होत्रा एक लोकप्रिय यूट्यूब चैनल चलाती थी, जिसके जरिए उसने सोशल मीडिया पर अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल कर ली थी, लेकिन जांच एजेंसियों को उसके संदिग्ध संपर्कों और गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उस पर निगरानी रखी गई।

शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वह कथित रूप से आर्थिक प्रलोभन के चलते पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही थी। यह खबर सामने आते ही पूरे देश में आक्रोश की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर लोग यह सवाल उठाने लगे कि जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा है, तब देश के अंदर ही कुछ लोग पैसे और लालच के लिए ऐसी घातक हरकतें कर रहे हैं। देश पहले का नारा देने वाले भारत में इस तरह का कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह नैतिक रूप से भी राष्ट्रविरोधी और बेहद शर्मनाक भी है। कई लोगों ने इसे दूसरा चेहरा बताया-जहां एक ओर भारत के जवान अपनी जान की बाजी लगाकर सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग आभासी दुनिया में देश की पीठ में छुरा घोंप रहे हैं। इस मुद्दे पर विपक्षी दलों ने भी सरकार का समर्थन किया है। कांग्रेस, एनसीपी, आम आदमी पार्टी और अन्य दलों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह के कृत्यों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। कांग्रेस कहती है कि वह इस मुद्दे पर सरकार के साथ है।

जो भी देशद्रोही गतिविधियों में लिप्त पाया जाए, चाहे वह कोई भी हो, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ज्योति मल्होत्रा का मामला केवल एक व्यक्ति की गद्दारी नहीं है, बल्कि यह सोशल मीडिया के जरिए फैलते खतरे की गंभीर चेतावनी भी है। बीते कुछ वर्षों में देखा गया है कि दुश्मन देश सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर भारत में अपने एजेंटों की भर्ती, प्रचार और जासूसी के लिए कर रहे हैं। भावनात्मक तौर पर लोगों को फंसाया जाता है, लालच दिया जाता है और फिर धीरे-धीरे वे देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हो जाते हैं। जांच एजेंसियों ने पहले भी कई ऐसे मामलों का खुलासा किया है, जहां सामान्य दिखने वाले लोग सोशल मीडिया के जरिए आईएसआई जैसे संगठनों के संपर्क में आए और देश को नुकसान पहुंचाया। इस मामले में लोगों की सबसे बड़ी मांग यही है कि दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। भारतीय दंड संहिता और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत देशद्रोह और जासूसी के मामलों में कठोरतम सजा का प्रावधान है, लेकिन कई बार कानूनी प्रक्रिया की धीमी गति न्याय में देरी करती है। सामान्य जनता का कहना है कि ऐसे अपराधों के लिए तेज और सार्वजनिक रूप से उदाहरण बनने वाले फैसले लिए जाएं, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे। रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं केवल सुरक्षा बलों का नहीं, पूरे समाज का अपमान हैं।

हमें सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी और लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है । अब यह सवाला उठना स्वाभाविक है कि आखिर ऐसे संवेदनशील मामलों में क्या किया जाना चाहिए ? सबसे पहले तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी और ज्यादा बढ़ाई जानी चाहिए। विदेशी एजेंटों की पहचान और संवाद रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग होना चाहिए । साइबर साक्षरता अभियान चलाए जाएं। युवाओं को बताया जाए कि कैसे दुश्मन राष्ट्र सोशल मीडिया के जरिए उन्हें फंसा सकते हैं। गद्दारों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई बिना देरी किए, कोर्ट में मामलों की सुनवाई और सजा सुनिश्चित हो। इसके अलावा, जनता सतर्क और जागरूक बने । पहलगाम आतंकी हमले के बाद जो राष्ट्रीय एकता देखने को मिली, वह हमारी ताकत है, लेकिन अगर हमारे ही बीच से कोई इस ताकत को कमजोर करने की कोशिश करे, तो यह केवल सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि हमारी आत्मा पर हमला है। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का मामला हमें चेतावनी देता है कि सतर्कता और एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ढाल है। सरकार, एजेंसियों और आम नागरिकों-सभी को मिलकर इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोलना होगा, क्योंकि जब तक घर के अंदर से कोई दरवाजा न खोले, दुश्मन अंदर नहीं आ सकता। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के छठे राष्ट्रपति

**नीलम** संजीव रेड्डी भारत के छठे राष्ट्रपति के रूप में जाने जाते है। नीलम संजीव रेड्डी भारत के ऐसे राष्ट्रपति थे जिन्हें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होते हुए प्रथम बार विफलता प्राप्त हुई और दूसरी बार उम्मीदवार बनाए जाने पर राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। प्रथम बार इन्हें वीवी गिरि के कारण बहुत कम अंतर से हार स्वीकार करनी पड़ी थी। तब यह कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनाए गए थे और अप्रत्याशित रूप से हार गए। दूसरी बार गैर कांग्रेसियों ने इन्हें प्रत्याशी बनाया और यह विजयी हुए। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब वीवी गिरि को राष्ट्रपति चुनाव जीतने में सफलता प्रदान कराई, तब यह लगा था कि नीलम संजीव रेड्डी ने एक ऐसा मौका गंवा दिया है, जो अब उनकी जिंदगी में कभी नहीं आएगा। लेकिन राजनीति के पंडितों के अनुमान और दावे धरे रह गए। भाग्य की शुभ करवट ने नीलम संजीव रेड्डी जैसे हारे हुए योद्धा को विजयी योद्धा के रूप में परिवर्तित कर दिया। यह भारतीय राजनीति के ऐसे अध्याय बनकर सामने आए, जो अनिश्चितता का प्रतिनिधित्व करते नजर आते हैं। संजीव रेड्डी भारत के एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे, जो निर्विरोध निर्वाचित हुए। ■


नीलम संजीव रेड्डी
जन्म : 19 मई, 1913
मृत्यु : 1 जून, 1996



कविता

### तुर्कीये पर ना करना भरोसा...!

*संजय एम तराणेकर*

*अब कोई तुर्कीये पर न करना भरोसा,*
*मित्रता के नाम पर हथियार है परोसा।*
*तुर्कीये में भूकंप का कहर बरसा गुरु,*
*भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' किया शुरू।*
*रेस्क्यू टीमों ने बाहर निकालने में मदद,*
*मलबे में दबे लोगों को खोज रहें सतत।*
*अब कोई तुर्कीये पर न करना भरोसा,*
*मित्रता के नाम पर हथियार है परोसा।*
*जब-जब भी तुर्की पर मुसीबत हैं आई,*
*तब-तब भारत ने सहयोग, जानें बचाई।*
*तुर्कीये अहसान न मानने वाला देश हैं,*
*दुश्मन का साथ देने वाले मित्र क्लेश हैं।*
*अब कोई तुर्कीये पर न करना भरोसा,*
*मित्रता के नाम पर हथियार है परोसा।*
*जागो तुर्की का करों आर्थिक बहिष्कार,*
*न खरीदो उसका सामान रोकों रफ्तार।*
*अब कभी यात्रा की कोई योजना बनाएं,*
*तुर्कीये-अजरबेजान को छोड़ कहीं जाएं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# धर्मशाला प्रशासनिक गतिविधियों का नया केंद्र

शिमला से सरकारी दफ्तरों को दूसरी राजधानी धर्मशाला में शिफ्ट करने का सिलसिला जैसे चल निकला है। पहले हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम का हेड क्वार्टर, फिर वन विभाग का वाइल्ड लाइफ विंग धर्मशाला शिफ्ट किए। अब हिमाचल प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी कमीशन यानी रेरा और राज्य सूचना आयोग का दफ्तर भी धर्मशाला पहुंचाने की तैयारी है। चर्चा तो यह भी है कि शिक्षा निदेशालय भी धर्मशाला ही पहुंच जाएगा, लेकिन सरकार ने इसकी पुष्टि नहीं की। शिमला से धर्मशाला के लिए एक-एक करके सरकारी दफ्तरों का शिफ्ट होना भविष्य में पैदा होने वाले संकट के दृष्टिगत सही प्रतीत होता है । यह समय की मांग भी है। राजधानी शिमला से सरकारी दफ्तरों का बोझ कम होने से 'हिल्स क्वीन' अब नए रंग-रूप में निखरेगी। दूसरी ओर, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की दूसरी सत्ता नगरी के रूप में तेजी से उभर रहा है। धर्मशाला अब सिर्फ क्रिकेट और पर्यटन तक सीमित नहीं रहा। शिमला से स्थानांतरित हो रहे सरकारी दफ्तरों के चलते यह शहर अब राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों का नया केंद्र बनता जा रहा है। अंग्रेजों ने जब शिमला को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था तब वहां सिर्फ 6000 लोग निवास करते थे, लेकिन अब इतने सालों में राजधानी में बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि हो गई है, लिहाजा सरकारी दफ्तरों को शिफ्ट करके शिमला का भार घटाना एक अच्छी शुरुआत मानी जा सकती है। तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने 2017 में धर्मशाला को हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी घोषित किया था।

अब जबकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार है तो वह भी इस घोषणा को आगे बढ़ते हुए धर्मशाला को राजधानी जैसी सुविधाएं देने की ओर अग्रसर है। अगर धर्मशाला को राजधानी घोषित कर दिया गया है तो यहां शिमला से उठाकर कुछ विभागों का शिफ्ट किया जाना स्वागत योग्य कदम है। वैसे भी सर्दियों में यहां शीतकालीन सत्र लगता है तो यहां आने वाले लोगों को उस दौरान अपने काम करवाने में आसानी होगी, क्योंकि जब धर्मशाला में ज्यादा दफ्तर होंगे, तो लोगों को शिमला के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे उनका समय भी बचेगा और धन भी। चूंकि हिमाचल प्रदेश एक पर्वतीय राज्य है जिसकी भौगोलिक स्थितियां विभिन्न प्रशासनिक चुनौतियां उत्पन्न करती हैं। शिमला आज भी राज्य की प्रमुख प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र है, परंतु समय के साथ यह महसूस किया गया कि राज्य के कुछ क्षेत्र जैसे चंबा, कांगड़ा, ऊना और हमीरपुर जैसे जिलों के लिए शिमला की दूरी एक बड़ी बाधा बन रही है। इन्हीं कारणों के चलते धर्मशाला को हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी घोषित किया था। यह निर्णय केवल एक राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि




क्षेत्रीय संतुलन, प्रशासनिक सुविधा और नागरिकों की अपेक्षाओं की पूर्ति की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास था। शिमला तक पहुंचने के लिए लोगों को लंबी यात्रा करनी पड़ती है। इससे समय, श्रम और संसाधनों की बर्बादी होती थी। धर्मशाला को राजधानी बनाने से इन जिलों के नागरिकों को एक नजदीकी प्रशासनिक केंद्र मिलेगा।केवल एक ही राजधानी होने से सरकारी कार्यों और योजनाओं का अधिक बोझ एक ही स्थान पर होता है। धर्मशाला को राजधानी बनाना प्रशासनिक जिम्मेदारियों को साझा करने और अधिक कुशल प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में कदम है। क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिए यह जरूरी था कि राज्य के दूसरे हिस्से को भी राजधानी जैसी सुविधाएं दी जाएं, जिससे सभी जिलों को समान प्रतिनिधित्व का अहसास हो।

धर्मशाला को राजधानी घोषित करने के पीछे यह भी देखा गया कि यह शहर कई मायनों में इसके योग्य था। धर्मशाला भारतीय सेना की इकाइयों और सीमा के नजदीकी क्षेत्रों के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह शहर तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का निवास स्थान है और यहां हर वर्ष हजारों विदेशी पर्यटक आते हैं। इससे धर्मशाला एक अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुका है। धर्मशाला में पहले से ही स्टेडियम, हवाई अड्डा (गगल), शिक्षा संस्थान और पर्यटन सुविधाएं मौजूद हैं, जो राजधानी के लिए उपयुक्त माहौल बनाते हैं। धर्मशाला में शीतकालीन विधानसभा सत्र की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि यहां बुनियादी

**यथार्थ**


लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

ढांचा और प्रशासनिक व्यवस्था पहले से ही सुदृढ़ है।

सुक्खू सरकार धर्मशाला को प्रशासनिक दृष्टिकोण से और मजबूत बनाने के प्रयासों में लगी है। यह प्रयास विभिन्न रूपों में सामने आ रहे हैं। अभी तो धर्मशाला में कुछ ही विभागों के क्षेत्रीय कार्यालय खोले गए हैं। भविष्य में और भी कई कार्यालयों को यहां शिफ्ट करने की योजना है। सरकार धर्मशाला को डिजिटल हब बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है जिससे ई-गवर्नेंस और ऑनलाइन सेवाओं को मजबूती मिले। धर्मशाला को राजधानी जैसे दर्जे देने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। धर्मशाला के आसपास रहने वाले नागरिकों को अब शिमला जाकर सरकारी काम करवाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह समय और धन दोनों की बचत करेगा। जब विभागीय प्रमुख और कर्मचारी पास के क्षेत्र में होंगे, तो फाइलों की गति, निर्णय लेने की प्रक्रिया और सेवाओं की डिलीवरी में तेजी आएगी। राजधानी जैसे दर्जे से धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। होटल, परिवहन, शिक्षा और सेवाओं से संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एक राजधानी केंद्रित विकास की बजाय, जब दो केंद्र होंगे तो राज्य का संतुलित विकास संभव होगा। अब सवाल उठता है कि क्या शिमला से कुछ विभागों को धर्मशाला स्थानांतरित किया जाना वाकई सही कदम है? इसके पक्ष में तर्क यह दिया जाता है कि कुछ विशेष विभाग जैसे ग्रामीण विकास, पर्यटन, वन, आदिवासी कल्याण इत्यादि को धर्मशाला शिफ्ट करना तर्कसंगत होगा, क्योंकि इनका कार्यक्षेत्र उत्तरी जिलों में अधिक है। इससे दो स्थानों पर प्रशासनिक दबाव कम होगा और कर्मचारी भी स्थानीय स्तर पर बेहतर काम कर सकेंगे।

मौजूदा डिजिटल युग में अधिकांश फाइल वर्क ऑनलाइन हो चुका है, जिससे स्थान का प्रभाव घट गया है। वहीं, विपक्ष में तर्क यह दिया जाता है कि शिमला राज्य की पारंपरिक राजधानी रही है और वहां का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही स्थापित है। विभागों के स्थानांतरण में समय, संसाधन और प्रशासनिक समन्वय की बड़ी चुनौतियां हैं। दो स्थानों पर कामकाज बंटने से कई बार समन्वय की समस्याएं हो सकती हैं। जनता और विशेषज्ञों की मानें तो कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिलों के निवासी इस कदम का स्वागत करते हैं। उनका मानना है कि इससे उनकी आवाज प्रशासन तक जल्द पहुंचेगी और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। वहीं, कुछ प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि राजधानी जैसी व्यवस्था के लिए केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि ठोस कार्यान्वयन की आवश्यकता है जिसमें प्रशासनिक इच्छाशक्ति, बजट और नीति स्पष्टता होनी चाहिए। धर्मशाला को राजधानी के रूप में स्थापित करना केवल प्रतीकात्मक न होकर वास्तविक लाभकारी बने, इसके लिए स्थायी सचिवालय भवन का निर्माण होना जरूरी है, जो यहां पहले से ही है। यहां नियमित प्रशासनिक बैठकें होने की जगह भी उपलब्ध है। सभी प्रमुख सेवाओं के लिए लोक सेवा केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन सेवाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें। आईटी और टेली-कम्युनिकेशन नेटवर्क को मजबूत करना चाहिए, ताकि राजधानी के रूप में धर्मशाला की दक्षता बढ़ाई जा सके और डिजिटली सशक्त प्रशासन लागू हो। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी सड़क, रेल और हवाई मार्गों को और अधिक सुगम बनाया जाए, ताकि धर्मशाला तक राज्य के किसी भी कोने से आसान पहुंच हो। बहरहाल, धर्मशाला को हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी घोषित करना एक दूरदर्शी और व्यवहारिक निर्णय था। यह केवल राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि एक प्रशासनिक सुधार का संकेत था। वर्तमान सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में स्थायी ढांचे और नीतिगत समर्थन प्रदान करे ताकि यह निर्णय वास्तविक लाभ में बदल सके। जब तक प्रशासनिक दृष्टिकोण से धर्मशाला को पूरी तरह राजधानी के समकक्ष सुविधाएं नहीं मिलतीं, तब तक यह निर्णय केवल घोषणा बनकर रह जाएगा, लेकिन यदि सरकार इस दिशा में निरंतर ठोस कदम उठाए, तो यह परिवर्तन हिमाचल प्रदेश के लिए एक नया युग लाने में सबसे आगे होगा।

**रिस्पांस करें:editoranantgyaan@gmail.com**

# कृतघ्न तुर्किये को दिया जाए कठोर से कठोर संदेश

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा। उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किए, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, लेकिन जिस तरह देशवासियों ने खुद ही तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी-2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे और इमारतें मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था।


लेखक : डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई। वह भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके बाद भी तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। चार मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत



टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया।

तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है, क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता, बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया। जिसके चलते कुछ ही समय में मालदीव के नेता घुटने टेकने के लिए विवश हो गए। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था। लिहाजा अब बारी तुर्की की है।

पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घूमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गए थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था, लेकिन आपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरुद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है। पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था।

वह तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी में हैं। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी, लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है, क्योंकि समूचे विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि—लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए, तो हमारे दिल में 'नेशन फर्स्ट' का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव, विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नारी के शौर्य को धर्म के आधार पर देखना दुर्भाग्यपूर्ण

भारतीय संस्कृति में नारी को हमेशा से शक्ति, सम्मान और मातृरूप में पूजा गया है। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' का सूत्र हमारी सांस्कृतिक धरोहर का आधार है, जो यह दर्शाता है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां समृद्धि और खुशहाली निवास करती है। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी महिलाएं इस सांस्कृतिक मूल्य को जीवित रखती हैं, जो न केवल अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं, बल्कि देश की रक्षा में पुरुषों के साथ समान रूप से योगदान देती हैं। ऑपरेशन 'सिंदूर' जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में उनकी भूमिका यह सिद्ध करती है कि नारी शक्ति केवल मिथक नहीं, बल्कि वास्तविकता है।

हमें इन नारियों के पराक्रम को धर्म, जाति या लिंग के चश्मे से नहीं, बल्कि उनके समर्पण और देशभक्ति के प्रकाश में देखना चाहिए। समाज को एकजुट होकर ऐसी मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है, जो नारी की अस्मिता पर प्रश्न उठाती है। कर्नल कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी महिलाओं के योगदान को न केवल स्वीकार करना होगा, बल्कि इसे प्रेरणा के रूप में अपनाना होगा। सरकार और समाज को मिलकर ऐसी शिक्षा और जागरूक रक्षा मंत्रालय द्वारा महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपना एक स्वागत योग्य कदम है। प्रत्येक भारतीय को चाहिए कि वे नारी के इस शौर्य को गर्व के साथ अपनाए और एक ऐसे समाज का निर्माण करे, जहां हर महिला को बिना किसी भेदभाव के अपनी पहचान और सम्मान प्राप्त हो। यह एकता ही हमें एक सशक्त और समावेशी राष्ट्र की ओर ले जाएगी। हाल ही के भारत-पाक युद्ध के वाद एक बार फिर जाति-धर्म लिंग के आधार पर नारी की अस्मिता पर उंगली उठना आरंभ क्यों हो चला है।


लेखिका : रेखा चंदेल
झंडूता, बिलासपुर

नारी के शौर्य को धर्म के आधार पर आंकना या उसके पराक्रम को आतंकवाद से जोड़कर देखना कितना ही दुर्भाग्यपूर्ण है, वह भी उस सैनिक महिला को लेकर जो सेना में पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर अपनी सेवाएं देश के प्रति अर्पित कर रही हो। इससे अधिक और देश के प्रति समर्पण क्या हो सकता है, जिसका पति व परिवार भी सेना में अपनी सेवाएं दे रहा हो। ऑपरेशन 'सिंदूर' के संचालन से जुड़ी सेना की यह बहुत ही बहादुर कर्नल सोफिया कुरैशी व इनके साथ दूसरी महिला विंग कमांडर व्योमिका सिंह जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में प्रेस सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता और पूरे विश्व को जानकारी दी। इससे पहले यह कार्य पुरुष सैन्य अधिकारी किया करते थे। ये दोनों



महिला सैन्य अधिकारी विश्व भर में चर्चित रहे। पुरुष प्रधान समाज में विकृत सोच के मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रहे, विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक सार्वजनिक सभा में जो विवादित बयान दिया, उससे सारा भारत और विश्व को स्तब्ध कर गया है।

शाह को पहले तो आतंकियों की बहन बताया फिर जब भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उनकी इस टिप्पणी पर गहरा एतराज जताया और आम जनता ने उनके इस बयान पर सोशल मीडिया के माध्यम से गुस्सा जताया, तो मंत्री शाह ने माफी मांगते हुए कर्नल कुरैशी को अपनी बहन बना लिया। 'पहले पगड़ी उतारो फिर माफी मांगों' यह रीत पुरानी है और पुरुष मानसिकता का प्रभाव भी है। महिला चाहे किसी भी समाज, धर्म की हो क्या सब एक समान नहीं? हमें गर्व होना चाहिए कि विश्व की इतना महत्वपूर्ण कार्य का निपटान करने के लिए भारत सरकार रक्षा मंत्रालय ने महिलाओं को सौंपा था। पहलगाम में हुए निहत्थे देशवासियों पर हुए, अप्रत्याशित हमला जिस में 26 लोगों की जान ले ली गई, बहुत ही निंदनीय व जघन्य अपराध है। इसकी विश्वव्यापी निंदा हुई है। आतंकवादियों को सबक सिखाने जरूरी है। उन महान सैनिकों व शहीदों को नमन जिन्होंने अपनी जान पर खेलकर देश की रक्षा की और जीवन का बलिदान दिया। देश की सेना में कार्यरत सैनिकों में पुरुष भी हैं और महिलाएं भी। फिर जाति व धर्म विशेष की महिलाओं पर ऊंगली उठाना कहां तक उचित है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सूखे पेड़ ने ली स्कूटी सवार की जान

## जोगिंद्रनगर में शनिवार को तूफान से सड़क पर गिरे पेड़ के कारण घायल स्कूटी सवार ने टांडा में तोड़ा दम

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



मृतक राजमल की फाइल फोटो।

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल में शनिवार को जो हादसा हुआ, उसने न केवल एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि प्रशासन की घोर लापरवाही और उदासीनता की कलई भी खोलकर रख दी। तेज तूफान के बीच भड्डा में एक सूखा पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा, जिससे स्कूटी पर सवार राजमल ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। नाजुक हालत में उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

छपरोट निवासी राजमल ठाकुर बस्सी स्कूल में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। वह रात की ड्यूटी पर जा रहे थे, लेकिन इसी बीच यह अनहोनी हो गई। वे अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। कुछ ही महीने पहले उनके भाई की भी मृत्यु हुई थी, जिससे परिवार पहले से ही संकट में था। अब इस हादसे ने उनके घर में मातम की एक और लहर दौड़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने विभाग को कई बार इस बारे में अवगत कराया था कि इस क्षेत्र में कई सूखे पेड़ किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई सूखे पेड़ बने खतरा: मनोज



**स्थानीय** निवासी मनोज ठाकुर ने बताया कि हादसे के वक्त वह उसी स्थान पर मौजूद थे। उन्होंने ही अन्य लोगों के साथ मिलकर घायल को बाहर निकाला था। उन्होंने बताया कि यहां अभी भी करीब एक दर्जन सूखे पेड़ हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। यहीं से स्कूल के दर्जनों बच्चे आते-जाते हैं, ऐसे में हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन पेड़ों को हटाकर यहां पर नए पौधे लगाए जा सकते हैं।

### विभाग नहीं लेता सूखे पेड़ों की सुध



**स्थानीय** निवासी कुकी कुमार व प्रवीण कुमार का कहना है कि इन्हीं पेड़ों की वजह से एक हादसा हुआ है। विभाग इन पेड़ों की कोई सुध नहीं लेता है। विभाग को समय-समय पर पेड़ों की टहनियों की कटाई करते रहना चाहिए और सूखे पेड़ों को काटना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसा कोई और हादसा न हो। उन्होंने बताया कि यहां स्कूली बच्चे पैदल जाते हैं, तो इन पेड़ों से लगातार हादसे का डर बना रहता है।

### प्रशासन समय रहते काटे सूखे पेड़: मनीष



**ग्राम** पंचायत मसौली उपप्रधान मनीष चौधरी ने कहा कि सड़क किनारे जितने भी पेड़ हैं, उनका रखरखाव सही तरीके से किया जाना चाहिए। प्रशासन को सूखे पेड़ों को समय रहते काट देना चाहिए।

# उमेश ने जीता मलथेहड़ दंगल



विजेता पहलवान को सम्मानित करते मुख्यातिथि जगदीश ठाकुर और कमेटी सदस्य।

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

बल्ह के कांडी मलथेहड़ में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में समाजसेवी व प्रदेश क्रशर संघ के उपाध्यक्ष जगदीश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। एक बजे के आसपास शुरू हुआ दंगल रात के आठ बजे तक चला जिसमें नामी गिरामी पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। मुख्य मुकाबला उमेश धवाला और विजय दियारगी के मध्य कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें उमेश धवाला विजेता और विजय दियारगी उप विजेता रहे। मुख्यातिथि द्वारा विजेता पहलवान को गुर्ज और 21000 हजार रुपए नगद तथा उपविजेता विजय कर को 11000 रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छिंज कमेटी भगत राम, उप प्रधान गुलाब सिंह,पंचायत प्रधान कमल, उप प्रधान भादर नायक और सदस्य शिव राम, नंद लाल, सुनील सहित कई उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## बलदेव प्रधान व दास चौधरी बने सचिव

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** गुरुद्वारा कमेटी टावां बल्ह की एक महत्वपूर्ण बैठक देवी रूप की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बलदेव चौधरी को कमेटी का प्रधान, मस्त राम को उपप्रधान, देवी रूप को मुख्य सलाहकार, पन्नालाल को महासचिव, पूर्ण चंद को कोषाध्यक्ष और प्रेम दास चौधरी को सचिव चुना गया। इसके अलावा प्रेम सिंह, पूर्ण चंद, जयलाल, रतन चंद, कर्म चंद और रामू फौजी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 मई को भव्य जगराते और 28 मई को विशाल भंडारे का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। सचिव प्रेम चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अपर थना गांव में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** डैहर पुलिस चौकी के दल ने गशत के दौरान एक व्यक्ति से 2750 मिली लीटर अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना के तहत डैहर पुलिस चौकी का दल अपर थना गांव में गशत पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने कार्य करता है। जिस पर पुलिस ने छापामारी कर परस राम निवासी गांव अपर थला डाकघर बायला के मकान से 2750 मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### बाइक चोरी की कोशिश कर भागे युवक

**अनंत ज्ञान, लेदा।** लेदा बाजार में बीती रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच दो बाइकों पर सवार पांच युवक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इन युवकों ने बाजार में कई चक्कर लगाए और फिर मेन चौक में खड़ी एक बाइक को चुराने की कोशिश की। हालांकि, स्थानीय लोगों के जागने और हलचल बढ़ने के कारण सभी युवक मौके से भाग निकले और बल्हड़ा-बलद्वाड़ा की ओर चले गए। बताया जा रहा है कि सभी युवक करीब 18 से 20 वर्ष की उम्र के थे। इनकी गतिविधियां नशेड़ी प्रवृत्ति की प्रतीत होती हैं और आशंका जताई जा रही है कि नशे की पूर्ति के लिए ये युवक चोरी या लूट जैसी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से अपील की गई है कि ऐसे संदिग्ध तत्वों पर निगरानी बढ़ाई जाए। साथ ही, आम जनता से भी अनुरोध है कि सतर्क रहें, विशेषकर वे लोग जिनकी गाड़ियां सड़कों के किनारे खड़ी रहती हैं, उन्हें सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय करने की आवश्यकता है।

### रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता नाबालिग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गया है। जब उसका कोई सुराग न मिला तो परिजनों ने थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में लाल सिंह निवासी साध राम निवासी गांव द्रमण डाकघर चांबी तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि इसका बेचा सूरज शुक्रवार को सुबह 11 बजे बिना बताए कहीं चला गया है। जिसकी हर संभावित जगह पर तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग न मिल पाया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### त्रैम्बली-कोलंग सड़क के लिए 10 लाख मंजूर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत त्रैम्बली और कोलंग के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वर्षों से खस्ताहाल रही चौक गलू से गदयाड़ा, अंतोला संपर्क सड़क को अब पक्की सड़क में बदला जाएगा। इस पहल का मुख्य श्रेय कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर को जाता है, जिनके प्रयासों से सीएम सुक्खू ने इस योजना को हरी झंडी दी। स्थानीय महिला मंडल गदयाड़ा और चौक गांव के निवासियों ने सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण की मांग जीवन ठाकुर के समक्ष रखी थी। जीवन ठाकुर ने तत्परता दिखाते हुए इस विषय को मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समक्ष रखा। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक के निर्देशन में सड़क का एस्टीमेट तैयार किया गया। विभाग ने जनता की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए बजट में इसे सम्मिलित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। बीएएसपी योजना से मिली 10 लाख की राशि सीएम ने इस सड़क के पक्कीकरण के लिए बीएएसपी योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये की राशि डीसी मंडी के माध्यम से मंजूर की है। इससे अब निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। इस घोषणा के बाद त्रैम्बली और कोलंग पंचायतों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 29 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला बॉल बैडमिंटन संघ की बैठक रविवार को सेरी प्लाजा रेस्टोरेंट हॉल, सरकारा जिला मंडी में बीएल गौयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के महेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, सतीश कुमार शर्मा, जोगिंद्र सिंह, मदन सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, कोच मदनलाल, सतीश कुमार, आकांक्षा व नवेद देवी ने भाग लिया। इस बैठक में कार्यकारिणी ने वर्ष 2025-26 में बॉल बैडमिंटन की विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया। बैठक में मंडी जिला की दूसरी जिला स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 29 मई को बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नबाही में करवाने का निर्णय लिया गया। इस प्रतियोगिता में 02 जनवरी 2006 के बाद जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र टूर्नामेंट कमेटी को दिखाना अनिवार्य होगा।

### विशाल जागरण 22 को और भंडारा 23 को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत शतित स्थित महाकाली जालपा भगवती माता मंदिर में हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 मई को भव्य जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक तनीषा सेठी, विवेक सुनील चौहान, रिकू परपगा और सुरेश सुरेली अपनी मधुर वाणी से महामाई का गुणगान करेंगे। मंदिर के पुजारी मनी राम ने बताया कि 22 मई की रात को महामाई जालपा भगवती के जागरण के साथ-साथ भव्य झांकियां भी निकाली जाएंगी। इसके उपरांत 23 मई को भक्तजनों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तों से इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# उपायुक्त अपूर्व देवगन 25 मई को करेंगे प्रसिद्ध माता मुरारी देवी मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**एपीएमसी मंडी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया होंगे मेले के समापन में मुख्य अतिथि**

**जिला** मंडी के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक शक्तिपीठ माता मुरारी देवी मुरारीधार का तीन दिवसीय मेला 25 से 27 मई तक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए माता मुरारी देवी सेवा समिति के प्रधान बृजलाल ठाकुर एवं सचिव ख्याली राम ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि 25 मई रविवार को सुबह 11 बजे उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन बतौर मुख्य अतिथि मेले में शिरकत करेंगे तथा पूजा अर्चना के साथ माता मुरारी देवी के प्रसिद्ध तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगे।

इसी बीच मशहूर हिमाचली कलाकार भी अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं एवं दर्शकों भजनों व भेंटों से मंत्रमुग्ध करेंगे। इनमें से 25 मई को कुलदीप कुमार बल्ह, सुरेश सोहेल, रमा धीमान सहित रोशन लाल एंड पार्टी मुरारी धार अपना धार्मिक संगीतमई कार्यक्रम पेश करेंगे। वहीं 26 मई सोमवार को गायक कलाकार रिंकू बरपग्गा तथा रंजना शर्मा व 27 मई मंगलवार को प्रसिद्ध भजन गायिका सपना गुप्ता व रोशन लाल ठाकुर अपनी आवाज से श्रोताओं को निहाल करेंगे। कमेटी सदस्यों ने बताया कि 27 मई मंगलवार को मुरारी धार में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल दंगल का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें हिमाचल के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत से नामी पहलवान अपनी कुश्ती की कला का प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 27 मई को ही माता मुरारी देवी तीन दिवसीय मेले का समापन सायं 5 बजे एपीएमसी मंडी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया द्वारा किया जाएगा। कमेटी प्रधान बृजलाल ठाकुर एवं सचिव ख्याली राम ठाकुर ने बताया कि मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं जनता को निमंत्रण देते हुए कहा है कि सभी परिवार सहित मेले में पधार कर मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाएं तथा माता मुरारी देवी का आशीर्वाद ग्रहण करें।

## दो पक्षों में मारपीट क्रॉस प्राथमिकी दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना सुंदरनगर में दो पक्षों में पेड़ की टहनियां काटने को लेकर हुई मारपीट पर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में प्रकाश चंद निवासी सलापड़ डाकघर सुदाहण ने कहा है कि शनिवार को मंगला देवी को इसकी पत्नी फूला देवी ने कहा कि वह पेड़ की टहनियों को क्यों काट रही है इस बारे न्यायालय में केस चल रहा है। जिसके हक में जमीन आएगी न्यायालय का फैसला मंजूर होगा। जिस पर मंगला देवी ने इसके साथ मारपीटी की। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से प्राथमिकी में नरेश कुमार पुत्र हरि सिंह निवासी गांव घोड़ी डाकघर सुदाहण ने कहा है कि जब वह अपने खेत में मंगला और अपने मां के साथ पेड़ की टहनियां काट रहा था तो फूला देवी पत्नी प्रकाश चंद ने आकर गाली गलौज की और उनके साथ मारपीट की। डीएसपी भारत भूषण ने दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

# कोयला माता मंदिर महादेव में बेसहारा पशुओं का आतंक

**भीम बसेडू, महादेव**



**कोयला** माता मंदिर महादेव से घांघल, अप्पर बैहली आदि ग्राम पंचायतों के लिए जाती पगडंडी में बेसहारा पशुओं से किसानों एवं माता के भक्तों सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में जहां बेसहारा पशुओं की तादाद इस बार चौगुनी हो गई है। वहीं ग्राम पंचायत महादेव भर में बेसहारा पशु उपेक्षित हालत में हैं जो दर-दर भटकने को मजबूर हैं। क्योंकि एक छोटी सी पगडंडी से लेकर सड़कों, चरागाहों, खेतों आदि में ये झुंडों में आ धमके हैं और थोड़ा सा बिगड़ने पर जानलेवा हमला कर दे रहे हैं जिससे मंडी जिला के भी एक बड़े भाग में लोग दहशत की स्थिति में हैं। छात्रों और बुजुर्गों व लोगों को भी संबंधित के यहां आना जाना बड़ा ही कठिन हो गया है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही बेसहारा पशुओं के आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

# शशांक गौड़ हेड ब्वॉय व साइशा हेड गर्ल नियुक्त

## माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में ओथ सेरेमनी और टैलेंट हंट शो का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में सिल्वर ऑक हाउस को बेस्ट हाउस ट्रॉफी से नवाजा गया।

**माउंट** मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में ओथ सेरेमनी और टैलेंट हंट शो का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि ओथ सेरेमनी के दौरान स्कूल के शशांक गौड़ को हेड ब्वॉय और साइशा सूद को हेड गर्ल नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही स्कूल के चारों सदनों के लिए प्रतिनिधियों का चयन किया गया। सिल्वर ऑक हाउस की कमान जानवी अवस्थी को सौंपी गई, कृतिका ठाकुर उपकप्तान बनीं, आरव ठाकुर को डिसिप्लिन कप्तान, आकांक्षा ठाकुर को को-करिकुलर कप्तान और मंथन ठाकुर को स्पोर्ट्स कप्तान नियुक्त किया गया।

स्प्रूस हाउस की कप्तान दीपशिखा बनीं, उपकप्तान अर्णव ठाकुर, डिसिप्लिन कप्तान श्रेया, को-करिकुलर कप्तान शिवांगी और स्पोर्ट्स कप्तान राजीव चुने गए। चिनार हाउस की कप्तान अर्शिया चौहान, उपकप्तान एना रावत, डिसिप्लिन कप्तान राधिका, को-करिकुलर कप्तान उर्वी अवस्थी और स्पोर्ट्स कप्तान वेदान्तिका रहीं।

टीक हाउस की कमान कृतिका कौंडल के हाथों में सौंपी गई, आदित्य ठाकुर उपकप्तान, दक्ष पठानिया डिसिप्लिन कप्तान, शानवी ठाकुर को-करिकुलर कप्तान और आर्यन स्पोर्ट्स कप्तान बने। इस अवसर पर कार्तिक को आल ओवर स्पोर्ट्स कप्तान घोषित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल कमेटी के चेयरमैन आरसी गुलेरिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की और सभी छात्रों को उनके चयन पर बधाई दी। सिल्वर ऑक हाउस को बेस्ट हाउस ट्रॉफी से नवाजा गया।

इसी दिन स्कूल में हर वर्ष की भांति टैलेंट हंट शो का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार प्रस्तुतियां दीं। सोलो सॉन्ग में कार्तिक, विहान और आशीष ने अपनी गायकी से सबका मन मोह लिया।

# न्यू क्रिसेंट स्कूल की छात्रा नव्या की सफलता पर खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



न्यू क्रिसेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंद्रनगर की छात्रा नव्या ठाकुर ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नव्या की इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल है। शिक्षकों, परिजनों और सहपाठियों ने उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि किरण शर्मा ने कहा कि नव्या शुरू से ही मेधावी, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित रही है। विद्यालय के निदेशक विजय शर्मा ने नव्या की सराहना करते हुए कहा कि नव्या ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण से कोई भी छात्र-छात्रा राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकता है। हमारी संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है।

नव्या की माता नीतू ठाकुर ने भावुक स्वर में कहा कि नव्या बचपन से ही बहुत मेहनती और अनुशासित रही है। उसने हर कठिनाई का सामना करते हुए दिन-रात पढ़ाई की। हमें उस पर गर्व है और हम उसके सपनों को पूरा करने में हमेशा साथ रहेंगे।

# हिमालयन स्कूल सरकाघाट का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**हिमालयन** पब्लिक स्कूल सरकाघाट में शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है। हिमाचल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा की परीक्षा परिणाम में हिमालयन पब्लिक स्कूल ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है।

स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। गरिमा ठाकुर ने विज्ञान संकाय में 94.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। रिषीक डोगरा और आदित्य शर्मा 88 प्रतिशत अंक लेकर कर दूसरे स्थान पर रहे। अखिलेश ठाकुर रघुनंदन ने 86त्न अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन राजकुमार शर्मा तथा प्रिंसिपल प्रेमलता डोगरा ने सभी विद्यार्थियों अध्यापकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि भविष्य में भी सभी विद्यार्थी इसी तरह कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिचय देते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## मयंक शर्मा ने प्राप्त किया पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मॉडल इंसीट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार टिहरा का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत और सराहनीय रहा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। दसवीं की इस परीक्षा में सबसे अधिक अंक मयंक शर्मा ने 97.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि सार्थक शर्मा ने 97.7 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान जबकि प्रगुन ठाकुर ने 97.5 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बता दें कि मॉडल इंसीट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार में कुल 33 छात्र परीक्षा में बैठे थे जिसमें से 21 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। प्रधानाचार्य दीनानाथ पठानिया ने इस सफलता के लिए छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी है और भविष्य में विद्यालय और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# नॉन मेडिकल में तंजिल अव्वल

## 12वीं के रिजल्ट में पैराडाइज स्कूल सुंदरनगर का शानदार प्रदर्शन

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणामों में पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है। विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।जमा दो परीक्षा परिणामों के नॉन मेडिकल संकाय में तंजिल ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

ओम वशिष्ठ ने 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अनुष्का गुप्ता ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे हैं। इसके साथ मेडिकल संकाय में अदिति शर्मा ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। निखिल कुमार ने 90 प्रतिशत और अंजलि ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। वहीं स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परिणामों में पैराडाइज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन भी बेहद उत्कृष्ट रहा है।

इसके अंतर्गत अंग्रेजी में अनुष्का गुप्ता ने 87 प्रतिशत,भौतिकी में तंजिल ने 90 प्रतिशत, रसायन विज्ञान में तंजिल ने 97 प्रतिशत, गणित गणित में तंजिल ने 88 प्रतिशत, जीव विज्ञान में अदिति शर्मा ने शत प्रतिशत, फिजिकल एजुकेशन में अदिति शर्मा एवं प्रांजल और कंप्यूटर साइंस में तंजिल एवं अनुष्का गुप्ता ने भी शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जय सिंह, समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी वर्ग ने इस शानदार उपलब्धि पर छात्रों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# प्रभादयाल अध्यक्ष, भीम राज बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**धर्मपुर** किसान उत्पादक संघ-एफपीओ ने एफपीओ ध्वाली क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया। इसमें प्रभादयाल को अध्यक्ष, भीम राज शर्मा को उपाध्यक्ष, राजमल को सचिव चुना गया और ओम चंद को एफपीओ वर्किंग कमेटी के लिए डेलीगेट चुना गया। बैठक की अध्यक्षता एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने की और वर्किंग कमेटी के सदस्य मेहर सिंह पठानिया और खेम राज भी उपस्थित रहे।

बैठक में ध्वाली क्षेत्रीय कमेटी के तहत ग्राम पंचायत ध्वाली, तनेहड़, बिंगा और समौड़ के आरली और पारली परयाल में जून माह तक एक सौ शेयर होल्डर्स बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके अलावा इस क्षेत्र में शिवा परियोजना के अन्तर्गत लगे बागवानी के पौधों से तैयार हो रहे फलों के भंडारण और उन्हें मंडियों तक पहुंचाने के लिए पैकिंग और मॉर्केटिंग की व्यवस्था एफपीओ के माध्यम से करने के लिए परियोजना तैयार की जाएगी, ताकि फलों की मॉर्केटिंग सही तरीके से हो और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

इसके अलावा इस क्षेत्र में सोयाबीन की खेती पहले से लगे शिवा प्रोजेक्ट के बगीचों में अंतर फसलिये विधि से करने का भी निर्णय लिया गया जिसके लिए बीज कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर से उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा हल्दी की खेती का भी क्लस्टर तैयार किया जाएगा जिसके चलते यहां के दो दर्जन किसानों ने तीन क्विंटल बीज एफपीओ से लेकर बिजाई कर दी है। इसके अलावा एफपीओ के सभी प्रकार के उत्पादों की बिक्री के लिए सेल्ज सेंटर स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। इस सेंटर के माध्यम से किसानों को जैविक व रसायनिक खाद, बीज और अन्य उत्पाद उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**आत्मनिर्भर** स्वयं सहायता समूह से जुड़कर फूड प्रोसेसिंग में लिखी सफलता की नई इबारत, 3 महिलाओं को दिया रोजगार

# प्रदेश सरकार के प्रोत्साहन से रक्षा देवी प्रतिमाह कमा रही एक लाख

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**प्रदेश** सरकार की ओर से मिले प्रोत्साहन एवं स्वयं की मेहनत से ग्रामीण स्तर पर महिलाएं अब आत्मनिर्भर हिमाचल की संकल्पना को साकार करने में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं, रक्षा देवी। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी रक्षा देवी कभी एक गृहिणी के तौर पर सामान्य रूप से अपना जीवन यापन कर रही थीं। सरकार से मिली मदद एवं मार्गदर्शन ने उनके जीवन की धारा ही बदल दी। आज वे एक सफल उद्यमी के रूप में कार्य कर रही हैं व 3 अन्य महिलाओं को रोजगार भी दिया है।

बल्ह घाटी के मैरमसीत क्षेत्र में बैरी गांव की रक्षा देवी ने बताया कि पहले वह एक गृहिणी थीं। शीतला स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनने के बाद उन्होंने अपने हुनर को पहचाना। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज के उत्पाद जैसे मल्टीग्रेन कचौरी, मल्टीग्रेन सिड्डू, कोदरे की चाय और मिठाइयां इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर से मिला है। इसी बीच उनके गांव में हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना – जाईका– (जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी) शुरू हुई। रक्षा देवी ने बताया कि वह केवीएम की प्रधान भी हैं।

बकौल रक्षा देवी उनका समूह अपने हाथों से मल्टीग्रेन आटा, कोदरे, जौ, चावल तथा ज्वार का आटा, लोकल चावल, लाल चावल, अलसी, लोकल सीरा, क्राफ्ट तथा बहुत सा हैंडमेड सामान तैयार करता है। इसके अलावा हम कचौरी ऑर्डर पर या रोजाना दुकान पर भी बनाते हैं।

उनका दावा है कि उनके उत्पाद प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए हैं जो कि जहर मुक्त हैं और स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हैं। एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर के समीप स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री के उद्देश्य से जाईका के तहत रिटेल आउटलेट शीतला स्वयं सहायता समूह की सदस्य रक्षा देवी को दिया गया। इस समूह का गठन खंड परियोजना प्रबंधन इकाई (बीपीएमयू) मंडी के तहत किया गया है। समूह मुख्य रूप से बाजरा उत्पादों जैसे लड्डू और पंजीरी और स्थानीय रूप से बने उत्पादों जैसे अचार, चटनी, स्क्वैश, घी, शहद और मक्का, ज्वार, धान, रागी के आटे और हस्तशिल्प पर काम कर रहा है। स्व-निर्मित उत्पादों की खरीद के लिए प्रदेश भर के लगभग 15 अन्य समूहों के साथ भी जुड़ा है। वर्तमान में रिटेल आउटलेट से प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपए की आमदनी हो रही है।

प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए रक्षा देवी ने कहा कि रिटेल आउटलेट से हम अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रिटेल आउटलेट में तीन महिलाएं काम कर रही हैं जिनके लिए भी रोजगार का रास्ता खुल गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटियों की प्रतिभा को राजेश ठाकुर ने किया प्रणाम



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दस जमा दो की वार्षिक परीक्षा में विधानसभा क्षेत्र गगरेट की बेटियों ने सफलता के झंडे गाड गगरेट का नाम रोशन क्या किया कि इन बेटियों के सम्मान में पूर्व विधायक राजेश ठाकुर खुद इनके घर पहुंच इनकी सफलता को प्रणाम किया। राजेश ठाकुर ने इन बेटियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित कर इनकी प्रतिभा को प्रणाम किया तो इनके परिजनों को भी यह कहकर प्रफुल्लित किया कि आज उनकी पहचान बेटियों के कारण ही बनी है। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने दस जमा दो विज्ञान संकाय में प्रदेश भर में प्रथम रही मरवाड़ी गांव की महक के घर पहुंच कर महक को सम्मानित करते हुए कहा कि महक ने अपनी मेहनत के बूते आज समूचे जिला ऊना को प्रदेश भर में महका दिया है। उन्होंने मेरिट सूची में तृतीय स्थान पाने वाली जोह गांव की कनक, अंबोटा गांव की पलक ठाकुर, आठवां स्थान पाने वाली मवा सिंधियां की तनिष्का व नंगल जरियालां की दीक्षा वर्मा को भी नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ पंचायत समिति चेयरपर्सन रीता धीमान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने छात्रा साक्षी को दी बधाई



**अनंत ज्ञान, पंजावर।** ग्राम पंचायत पंजावर वार्ड नंबर 5 की जमा दो की छात्रा साक्षी पुत्री रविंद्र पाल ने पूरे हिमाचल में पांचवा स्थान प्राप्त करके अपने गांव का अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश ने भी वीडियो कॉलिंग से छात्रा और उसके अभिभावकों से बातचीत करके बधाई दी। साक्षी ने कहा कि वे डॉक्टर बनना चाहती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कांग्रेस रणजीत राणा वह प्रधान ग्राम पंचायत नीलम मनकोटिया मजबूत थे। उन्होंने साक्षी का डॉक्टर बनने का सपना करने के लिए पूरा सहयोग करेंगे और भविष्य में डॉक्टर बने और हमारी यह कामना रहेगी।

### गुग्गा जाहर वीर बैस्कां में लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, जोल।** सोहारी टकोली और तलमेहड़ा की पहाड़ियों के मध्य स्थित हजारों लोगों की आस्था का केंद्र गुग्गा जाहर वीर बैस्कां में रविवार को युवा शक्ति रौणखर द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हालांकि इस दुर्गम स्थान पर किसी भी तरफ से कोई सड़क सुविधा नहीं है फिर भी युवाओं के जोश से इस स्थान पर भंडारे का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय कदम है। पिछले कल भी सभी के सामूहिक प्रयास से गांव रौणखर में बाबा पहाड़िया का भंडारा भी युवा शक्ति रौणखर द्वारा आयोजित किया गया था। आज के इस भंडारे में सेवानिवृत प्रवक्ता जीवन मोंगनिल, राजीव कुमार, करण शर्मा, मदन मोहन, मोहन लाल, खरयालता पंचायत के उप प्रधान अशोक कुमार मोनू, दिनेश कुमार, नीरज कुमार, समित कुमार, अंकुश, अंकित मोंगनिल, सोनू विनय कुमार, कमल देव, अभिषेक डोगरा, मिट्ठू, चड्डा, स्वातू, अनु इत्यादि युवाओं ने भाग लिया।

### राहड़ गोत्र परिवारों ने लगाया भव्य भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से राहड़ गोत्र के सैकड़ों परिवार हर साल ग्राम पंचायत कुठेड़ा जसवालां में एकत्र होकर पारंपरिक वार्षिक भंडारे का आयोजन करते हैं। जेष्ठ माह के पहले रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रहती है, जहां पूरा माहौल एक 'मिनी पंजाब' की तरह जीवंत हो उठता है। पारंपरिक पंजाबी संस्कृति, पहनावे, व्यंजन और भक्ति संगीत इसकी खास पहचान बन चुके हैं। आयोजन समिति के प्रधान गुलजारी लाल हब्बोली, सचिव गुरबचन सिंह बसाल और सदस्य केवल कृष्ण सैनसोवाल ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर साल इसे और भी भव्य रूप दिया जाता है।

### शशि सैनी जिला लेक्चरर संघ के अध्यक्ष बने

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की ऊना जिला कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थानाकलां में सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 472 डेलिगेट ने जिला प्रधान व महासचिव का चयन किया। शशी सैनी जिला प्रधान के पद पर निर्वाचित हुए, महासचिव पद के लिए संजीव कुमार निर्वाचित हुए हैं। प्रधान पद के शशि और वरुण लखन पाल के बीच मुकाबला हुआ , चुनाव अधिकारी दीप सिंह खन्ना व टीम ने इसकी जानकारी दी। लेक्चरर संघ के प्रांतीय प्रेस सगठन सचिव राजन शर्मा ने जिला कार्यकारिणी के चुनावों कुशल प्रबंधन के लिए थानाकलां स्कूल के प्रिंसिपल संजीव का आभार व्यक्त किया है।




कन्या पाठशाला और ब्वायज स्कूल को मर्ज करने पर भड़के अभिभावक, कहा–

# स्कूल मर्ज होने से बेटियां नहीं रहेंगी सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिक्षा विभाग और सरकार द्वारा ऊना सदर में स्थित उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या और सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वायज को मर्ज किया जा रहा है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल कन्या बाजार के बीच में स्थित है। युवा बेटियों के लिए एक सुरक्षित और बढ़िया वातावरण में पढ़ाई कर रही है, यदि मर्ज करने की कोई योजना है तो स्कूल प्रबंधन कमेटी, स्थानीय अभिभावक व अन्य लोग इस प्रपोजल का कड़ा विरोध करते है।

इस संबंध में स्कूल प्रबंधन कमेटी तथा अभिभावकों की एक बैठक रविवार को एमसी पार्क ऊना में हुई जिसमें लगभग 82 अभिभावकों ने भाग लिया तथा इस मुद्दे पर अपने-अपने विचार रखें। स्कूल प्रबंधक कमेटी की अध्यक्ष गुरप्रीत कौर ने बताया कि विद्यालय में कुल 600 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, जिनमें से 250 बाहरी गावों जिनमें लालसिगी, रामपुर, झलेड़ा, डंगोली, मलाहत, रैसरी, अरनियाला अपर व लोअर, कुरियाला, बसोली ,कुठार, ईसपुर, बल खालसा, सैली, बहाल, कोटला कलां, बरनोह आदि दूर-दूर के गामों से छात्राएं आती हैं। कक्षा 6 से 10 तक इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करवाई जाती है कक्षा 11वीं और 12वीं के सभी संकाय उपलब्ध हैं।

विद्यालय में प्रयोगशालाएं कंप्यूटर लैब अन्य हर प्रकार की गतिविधियां बहुत ही मॉडर्न ढंग से करवाई जाती हैं। अभिभावकों ने बताया की विद्यालय के पिछली और पुलिस थाना सदर है इससे बेटियों की सुरक्षा और भी पुख्ता है, पिछले दिनों बाजार में एक हत्याकांड होने से अभिभावकों की चिंता और भी बढ़ गई है।



ऊना के स्कूलों को मर्ज किए जाने के विरोध में उपस्थित अभिभावक।

### धरने की चेतावनी

**सभी** विभागों ने एक मत से कहा कि यदि सरकार द्वारा हमारी मांग न मानी गई तो स्कूल प्रबंधन कमेटी और अन्य अभिभावक अनिश्चितकालीन धरने पर विभाग के कार्यालय के आगे बैठ जाएंगे, यदि किसी अभिभावक या बच्चे को अनहोनी घटना का शिकार होना पड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी विभाग और सरकार पर होगी। इसलिए सरकार से हम अपील करते हैं कि कन्या विद्यालय को जहां है वहीं रहने दिया जाए अन्यथा हमें दूसरा रास्ता अपने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### प्राइवेट स्कूलों का रुख

**बैठक** में अभिभावकों ने बहुत ही कड़े शब्दों में सरकार को चेतावनी दी है कि यदि कन्या विद्यालय को दूसरे विद्यालय में सरकार मर्ज करती है तो हम सभी अभिभावक बेटियों के प्रमाण पत्र लेकर प्राइवेट स्कूलों का रुख करेंगे। हमने ठान लिया है कि कुल 600 की 600 छात्राएं प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिलवा देंगे, परंतु दूसरे स्कूल में अपने विद्यालय को हर हाल में मर्ज नहीं होने देंगे। इसी में अभिभावकों छात्राओं अध्यापकों और शिक्षा विभाग की भलाई रहेगी। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए स्कूल प्रबंधन कमेटी ने जो मेहनत की है उसे पर पानी नहीं फिरने देंगे। इस विद्यालय के बच्चों ने हर प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने नाम कमाया है पिछले वर्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा मे बच्चों द्वारा लगाई गई विधान सभा में एक छात्रा का चयन होकर सरकार द्वारा उसे सम्मानित भी किया जा चुका है। कन्या विद्यालय की उपलब्धियां को देखते हुए विभाग द्वारा इस इस उत्कृष्ट विद्यालय का दर्ज दिया जा चुका है।

# जमा दो के परीक्षा परिणामों में ऊना जिले का वर्चस्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल के भौगोलिक और जनसंख्या के अनुसार छोटे जिले ने हिमाचल शिक्षा बोर्ड के परिणाम में बड़ा धमाका किया है। इसमें निजी स्कूलों के छात्रों ने अच्छी भूमिका निभाई है, लगभग पांच लाख आबादी वाले जिले ने दसवीं के बाद जमा दो में भी धाक जमाई है। इससे पहले सीबीएसई परीक्षा परिणाम में भी यह जिला प्रदर्शन को लेकर अग्रणी रहा है। इसमें वीपीएस बहडाला ऊना, स्कॉलर्स यूनिफाइड ऊना, एसएसआरवीएम ऊना, रुद्रा इंटरनेशनल, डीएवी आदि के बच्चों ने मेरिट में स्थान पाया है।

शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो (कक्षा 12वीं) के परीक्षा परिणामों में ऊना जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में धूम मचाई है । स्टेट टॉपर सहित ज़िले के 13 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

गगरेट क्षेत्र की महक ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल कर न केवल ऊना जिले बल्कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने

**स्टेट टॉपर सहित जिले के 13 छात्र मेरिट सूची में शामिल**


वीडियो कॉल के माध्यम से छात्रों को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महक की यह उपलब्धि न केवल एक अकादमिक सफलता है, बल्कि हर उस बेटी के लिए प्रेरणा है जो ऊंचाइयों को छूने का सपना देखती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिले के 13 विद्यार्थियों का प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करना, शिक्षा के क्षेत्र में जिले की निरंतर प्रगति का प्रमाण है।

उन्होंने विशेष रूप से हरोली क्षेत्र के लोअर बढ़ेडा की नवनीत कौर को प्रदेश भर में तृतीय स्थान, बिलना के गगन दीप सिंह और पंजावर की साक्षी को चौथा स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने पलक ठाकुर, कनक शर्मा, कृतिका शर्मा , साक्षी, शगुन, अनन्या ठाकुर, दीक्षा वर्मा, तनिक्षा ठाकुर, अंशिका और लवप्रीत को मेरिट सूची में आने की बधाई दी । उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने भी परीक्षा परिणामों में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

## केरल के भ्रमण पर 18 छात्र रवाना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत कक्षा 10 वीं और 12वीं के जिला ऊना के 12 लड़कियां और 6 लड़कों को केरल भ्रमण के लिए शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी अनिल कुमार ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।



टूअर पर रवाना होने के दौरान मौजूद छात्र व अन्य।

इस योजना के तहत भारत के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। विभागीय आदेशों की पालना करते हुए सरकारी स्कूलों के कुल 18 बच्चों को केरल राज्य के भ्रमण के लिए 17 मई से 25 मई तक के लिए रवाना किया गया है। शिक्षा उपनिदेशक ने इन बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस टूर में अंजू कुमारी प्रवक्ता गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल संतोषगढ़ बॉयज की निगरानी में रहेंगे और भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर आलोक कुमार अधीक्षक ग्रेड 1 पुष्पा रानी जिला नोडल अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दियोली में श्रीमद् भागवत कथा 20 को

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट क्षेत्र के वैष्णो देवी मंदिर दियोली में आगामी 20 मई से 26 मई तक श्रीमद् भागवत कथा आयोजन होने जा रहा है । कथा व्यास पंडित मनी प्रसाद जी वृंदावन धाम वाले भगवद महिमा का गुणगान करेंगे। जिसके उपलक्ष्य में 19 मई को 4 बजे कलश यात्रा निकलेगी। कथा के आयोजकों राकेश व सुनीता ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी श्रीमद् भागवत कथा 19 मई शाम चार बजे कलाश यात्रा दियोली माता वैष्णो देवी मंदिर से शुरू होगी और दियोली गांव के बबलू से कलश को भरने के माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी। कथा 20 मई को राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के प्रवचनों से शुभारंभ किया जाएगा।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में हैमर बॉल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डॉ. पंकज राणा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी 12 से 15 जून तक उपमंडल बंगाणा के डुमखर क्रिकेट खेल मैदान में आयोजित होगी। हिमाचल प्रदेश टीम के कोच सुमित शर्मा ने

**हैमर बॉल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न**

**राणा ने खेल भावना को सर्वोपरि रखने का दिया संदेश**

चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की, जिनमें अभी, हर्षित, कपिल, सूर्यांश, राजकुमार, सात्विक, अक्षित कटोच, अर्णव, तुषार, उत्कर्ष, आरव शर्मा, आदित्य ठाकुर, अयान राणा, संचित जसवाल, शुभम और सूर्य शामिल हैं। कुछ समय में चयनित खिलाड़ियों का शिविर भी लगाया जाएगा।

आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों से समय का पालन करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में जगदीश सहोता, यशवीर सिंह राणा, विनोद शर्मा, सीमा शर्मा, ममता, निशा, नरेश कुमार, नवल शर्मा, गौरव शर्मा और गुरदेव सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।

प्रतियोगिता का समापन खिलाड़ियों की सराहना और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ किया गया।

आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलता रहे।

## बंगाणा में माता का जागरण 24 को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा मुख्यालय में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से सराबोर एक भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर है। मां भगवती विशाल जागरण कमेटी द्वारा आयोजित सातवां विशाल जागरण 24 मई को श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक समर्पण का अनुपम संगम बनने जा रहा है। इस वर्ष के आयोजन की विशेषताएं इसे अब तक के सबसे भव्य जागरणों में से एक बनाती हैं। मां भगवती की असीम कृपा से, आयोजन स्थल पर एक भव्य 51 फुट ऊंचा माता का भवन निर्मित किया जाएगा, जिसे नव-ज्योतियों और रंग-बिरंगी रौशनी से सजाया जाएगा।

यह भवन न केवल श्रद्धालुओं की भक्ति का प्रतीक बनेगा, बल्कि मां भगवती के प्रति समर्पण और सामाजिक एकता की भी मिसाल प्रस्तुत करेगा। सातवें विशाल जागरण की विशेष बात यह है कि इसमें हिमाचल की शान, सुप्रसिद्ध भजन गायिका बंदना धीमान अपनी मधुर और भावपूर्ण भजनों से मां भगवती की महिमा का गुणगान करेंगी।

## उपमुख्यमंत्री के ओएसडी से मिले आउटसोर्स कर्मी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

स्थानीय भरवाईं रेस्ट हाउस में आउटसोर्स कर्मियों ने उप मुख्यमंत्री के ओएसडी धनवीर सिंह ठाकुर से मुलाकात की और अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर संदीप कुमार ने आउटसोर्स कर्मियों की अगुवाई की। ओएसडी धनवीर सिंह ठाकुर ने आउटसोर्स कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और सरकार में उप मुख्यमंत्री तक इस समस्या को पहुंचाने का आश्वासन दिया। आउटसोर्स कर्मियों ने अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की।



चिंतपूर्णी में उपमुख्यमंत्री के ओएसडी से मिलते आउटसोर्स कर्मचारी ।

बताते चलें कि चिंतपूर्णी मंदिर में 35 के लगभग आउटसोर्स कर्मचारी हैं जो कि सरकार से पक्की नौकरी मांग रहे हैं। आउटसोर्स कर्मियों का कहना है कि वे लंबे समय से मंदिर में काम कर रहे हैं और उनकी सेवाओं को नियमित किया जाना चाहिए।

आउटसोर्स कर्मियों ने ओएसडी धनवीर सिंह ठाकुर से मुलाकात के बाद सरकार से उम्मीदें बढ़ गई हैं। अब देखना यह है कि सरकार आउटसोर्स कर्मियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाती है।

## पत्नी को कैंसर और बेटे की रीढ़ की हड्डी खराब

**अनंत ज्ञान, जोल**

ग्राम पंचायत सोहारी के टिंगू गांव के दलित परिवार से संबंधित प्रकाश चंद के परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रकाश चंद मजदूरी का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था, तभी उसकी पत्नी को कैंसर की बीमारी ने घेर लिया। पत्नी के उपचार पर लाखों रुपए खर्च किए गए और

**मुसीबतों का पहाड़**



इसी दौरान उनके बेटे को अब रीढ़ की हड्डी में समस्या पैदा हो गई है।

प्रकाश चंद ने बताया की घर में जो भी जमा पूंजी थी वो उसे पत्नी के इलाज पर खर्च कर चुके है और अब बेटा भी बेड पर पड़ा है।

पंचायत प्रधान सोहारी संजीव संधू ने कहा की इस परिवार पर ऐसी संकट की मार पड़ी है कि बयान करना भी मुश्किल है। उन्होंने दानी सज्जनों से अपील करते हुए कहा की कृपया परिवार की मदद करें।

## रेलवे स्टेशन पर कोच संकेतक बोर्ड लगाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**




जिला मुख्यालय में 20 से अधिक कोच वाली ट्रेन और कई अन्य ट्रेन आती हैं, लेकिन कोच संकेत होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ता था। जिला ऊना के मुख्य रेलवे स्टेशन पर कोच संकेतक बोर्ड लगने की संभावना बढ़ गई हैं पिछले काफी समय से कोच संकेतक बोर्ड की मांग युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा उठाई जा रही थी। अब रेलवे द्वारा इन्हें लगाने का निर्णय लिया गया है।

आप को बता दें कि शनिवार रात हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी के इंतज़ार में काफी यात्री प्लेटफॉर्म पर नीचे ही बैठे थे। जब ये स्थिति अरुण द्वारा देखी गई तब उन्होंने तुरंत ट्वीट के माध्यम से रेलवे को शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर रेलवे अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आदेश जारी किए।

इस पर अरुण को अंबाला मंडल की ओर संपर्क भी किया गया। जिस पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि ऊना रेलवे स्टेशन पर दर्जनों रेल गाड़ियां आवागमन करती हैं और हजारों यात्री सफर करते हैं लेकिन रेलवे की बदइंतजामी के चलते यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती हैं। ऐसे में रेलवे जल्द उचित कार्रवाई करें ताकि किसी भी यात्री को असुविधा न हो।

देवभूमि हिमाचल की ये एक मात्र ब्रांड गेज रेलवे लाइन है ऐसे में देश भर के लोगों का यहां आना जाना लगा रहता हैं।

**सहायता** अमोदिनी योजना के तहत 67 पात्र महिलाओं का चयन

# महिलाओं को हर माह मिलेगा राशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष परिषद ने अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिला ऊना की 67 पात्र महिलाओं का चयन किया हैं। चयनित महिलाओं को हर माह 750 रुपए प्रत्येक की दर से राशन वितरण किया जाएगा।

यह जानकारी हिमोत्कर्ष अमोदिनी सेवा प्रकल्प प्रभारी एवं परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी।



फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 से शुरू इस प्रकल्प के तहत पिछले 12 वर्षों में दानवीर लोगों के सहयोग से 675 पात्र विधवा महिलाओं को 50 लाख रुपए का राशन वितरित किया जा चुका है। पिछले वित्तिय वर्ष में 56 महिलाओं को यह सुविधा प्रदान की गई थी।

उन्होंने बताया कि नए सत्र 2025-26 के लिए 67 महिलाओं को चुना गया हैं। इन महिलाओं को अप्रैल 2025 से लेकर मार्च 2026 तक हर महीने सहायता के रुप में राशन वितरित किया जाएगा। हिमोत्कर्ष पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकल्प में परिषद के सदस्यों के साथ-साथ जिला के दानवीर लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि चयनित महिलाओं को हर तीन माह बाद आयोजित कार्यक्रम में राशन सामग्री प्रदान की जाती है।

**675 पात्र महिलाओं को वितरित किया जा चुका है राशन**

उन्होंने बताया कि 25 मई रविवार को सुबह सवा 10 बजे होटल सुविधा पैलेस ऊना में आयोजित कार्यक्रम में इस वर्ष की पहली तिमाही का राशन वितरित किया जाएगा।

### इन महिलाओं को मिलेगा राशन

**योजना** के तहत सोमा देवी, माया देवी, प्रवीण कुमारी, कश्मीरी देवी, मंजू बाला, सुमन देवी, रक्षा देवी, मीना कुमारी, विमला देवी, प्रवीण कुमारी, ज्योति देवी, बलविंद्र कौर, परविंद्र कौर, रानी देवी, बलजीत कौर, रंजीत कौर, निशा देवी, उषा देवी, सरिता रानी, सुरजीत कौर, सुरेंद्र कौर, रामकली, मनोरमा, प्रिया देवी, कमला देवी, वीना कुमारी, परमजीत कौर, सुनीता देवी, सुनीता देवी, राज बेगम, अंजू बाला, निशा देवी, निर्मला देवी, तृप्ता देवी, आशा देवी, निर्मला देवी, कमलेश रानी, तारो देवी, जीवन देवी, कृष्णा देवी, रामकली, लीला देवी, विमला, प्रवीण कौर, सुनीता देवी, हसीना वीवी, निर्मला देवी, सुनीता देवी, नीतू देवी, नीलम, नीलम देवी, प्रमिला देवी, सुमन लता, कमला देवी, शीला देवी, रजनी देवी, मोनिका, वीना कुमारी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, सुनीता रानी, चंचला देवी, कुलविंद्र कौर, संजयबाड़ा, तारो देवी, वीना कुमारी, बलविंद्र कुमारी शामिल हैं।

## लोहारा स्कूल में समीक्षा, प्रांशुल और मन्नत ने हासिल की पोजिशन



समीक्षा कौंडल और अन्य टॉपर का मुंह मीठा करवाते स्कूल प्रबंधन।

**अनंत ज्ञान, घनारी।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के जमा दो कक्षा के परीक्षा परिणाम में लोहारा स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन हुआ है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत रहा, जिसमें समीक्षा कौंडल पुत्री अशोक कुमार ने 500 में से 430 अंक लेकर प्रथम स्थान व प्रांशुल राजपूत ने 426 लेकर दूसरा स्थान व मन्नत धीमान 424 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कला संकाय में कोमल ने 500 में से 387अंक लेकर प्रथम , कृतिका और अंकिता ने 383 अंक लेकर द्वितीय तथा तनु वाला ने 378 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कौंडल ने बच्चों का मुंह मीठा करवाया और उन्हें शुभकामनाएं दी व समस्त अध्यापकों को भी बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य में प्रवीण कुमार अरुणा देवी, पंकज कुमार, राजकुमार, रविंद्र कुमार, विपन कुमार, रामचंद, मीनू राणा, प्रतीक, मंजीत जस्वाल, रंजना रानी, राकेश कुमार राजीव, ऋषिकेश, रजनीश शास्त्री, मुकेश कुमार, सुमन देवी, सुमन रानी, सुरेखा व मीना कुमारी व अन्य समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## गोशाला में भूख और प्यास से गोवंश की मौत से हड़कंप

**संजीव जसवाल, पंजावर**



ग्राम पंचायत कुठेड़ा जसवालां में एक गोशाला में भूख और चारे के अभाव में गोवंश दम तोड़ रहा है। करीब पच्चीस गोवंश की मौत ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। लोगों ने गोशाला प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

जिले में कुछ अंतराल में गोशालाओं की लचर व्यवस्था की खबरें आती रही हैं। अब उस समय हद हो गई जब लोगों ने कुठेड़ा जसवालां की गौशाला से मृत गोवंश को एक अनजान व्यक्ति उठाकर कहीं लेकर जा रहा था। गोशाला में कुछ ही समय में 25 गोवंश ने दम तोड़ा है।

हैरानी की बात है कि जब स्थानीय लोगों ने गोशाला में देखा तो वहां कुछ सूखी तूड़ी बांधे हुए गोवंश के लिए रखी थी और जो गोवंश वहां मृत पड़े थे।

सूखी तूड़ी के अलावा वहां हरे चारे का प्राबधान तो दूर किसी पौष्टिक आहार की व्यवस्था नहीं थी। चार गौवंश अन्य गोवंश के बीच मृत पड़े थे और एक दो अंतिम सांसे गिन रहे थे। ऐसा मंजर शायद किसी ने सोचा तक नहीं होगा। यहां तक कि मृत गोवंश को दबाने की जगह खुले में उनका चमड़ा शेष अवशेषों को निकालकर खुले में फेंकने के मामले की जांच भी मांगी गई है। गांव के सुरेश कुमार, दिलबाग सिंह प्रधान ग्राम पंचायत वीरेंद्र कुमार ने चिंता व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि जिले में चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट ने 7 गोशालाएं बनाई थीं। इनमें प्रबंधन पंचायतों को सौंपा था।

गाय के लिए 700 रुपए प्रतिमाह खर्च भी ट्रस्ट वहन कर रहा था। ऐसी अव्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया है। लोगों ने जब विरोध जताया तो पुलिस ने एक गोवंश का पोस्टमार्टम भी कराया है जिससे एक साथ गोवंश की मौत के रहस्य से परदा हट सके।

गोशाला प्रतिनिधि की मानें तो दो महीने से सहयोग राशि भी उपलब्ध नहीं हो पाई। हरे चारे और गर्मी के कारण गोवंश की मौत हुई है। डीसी जतिन लाल का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। हालांकि मसला प्रशासन की ओर से जुड़े ट्रस्ट का भी है ऐसे में इस मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# सलग्रां में तीन बच्चों पर 4 शिक्षक फिर भी परीक्षा परिणाम रहा शून्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर जहां सभी बच्चे खुश हैं। वहीं, एक स्कूल ऐसा भी है, जहां पर बच्चों का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा है।

लाहौल-स्पीति जिले के सलग्रां का परिणाम दूसरे साल भी शून्य रहा। इस स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने (कला संकाय) में परीक्षा दी थी। हैरानी की बात है कि चार अध्यापक होते हुए भी तीनों विद्यार्थी फेल हो गए। बीते वर्ष दो विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। दोनों ही फेल हो गए। इस बार तीन विद्यार्थियों के लिए चार प्रवक्ता तैनात थे। चार प्रवक्ता होने पर भी तीनों बच्चों का फेल होना व्यवस्था व शिक्षा विभाग पर सवाल खड़े करता है। राजनीतिक विषय के प्रवक्ता का हालांकि फरवरी माह में तबादला भी हो गया था। सारा साल उन्होंने बच्चों को ही दिया। चार प्रवक्ताओं के होते हुए तीनों बच्चों का फेल होना घाटी में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजीत पाल का कहना है कि प्रवक्ताओं ने पूरा साल बच्चों को पढ़ाया था, कहां कमी रह गई इसकी समीक्षा की जाएगी। उधर, लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर का कहना है कि पहले सरकार ने घाटी में स्कूल बंद करवा दिए, अब जहां कम बच्चों पर अधिक अध्यापक हैं, उन स्कूलों में परिणाम शून्य होना प्रशासन व शिक्षा विभाग पर प्रश्न खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन और शिक्षा विभाग गंभीर नहीं हैं। घाटी की सारी व्यवस्था चरमरा गई है। सनद रहे कि उपमंडल उदयपुर के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सलग्रां का परिणाम शून्य फीसदी रहा है, यहां अध्ययनरत तीनों विद्यार्थी परीक्षा में फेल हो गए हैं। यह खबर शिक्षा के लिहाज से जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, लाहौल के एकमात्र आदर्श स्कूल जहालमा का भी परीक्षा परिणाम बेहद खराब रहा है।

इस विद्यालय में अध्ययनरत 12 विद्यार्थियों में से 9 परीक्षार्थी परीक्षा में फेल हो गए हैं। स्कूल का परीक्षा परिणाम 25 फीसदी रहा है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का जमा-दो का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 70 फीसदी रहा। लाहौल के 19 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में जमा-दो कक्षा में 91 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। हालांकि, गोशाल और मालंग स्कूल में एक भी विद्यार्थी नहीं है। जमा दो की परीक्षा में लाहौल के इन स्कूल में पढ़ रहे 91 में से 64 विद्यार्थी पास हुए और 27 परीक्षार्थी फेल हुए हैं। परीक्षा में सिस्सू, कोलंग, दारचा, गोंदला, शांशा, लोट, मडग्रां, चिमरेट और तिंगरेट का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

# राजपाल बने प्रवक्ता संघ के प्रधान, देवी सिंह महासचिव



जिला प्रवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी व साथ में अन्य गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


जिला कुल्लू के ढालपुर स्थित पीएम श्री राजकीय शहीद बालकृष्ण विद्यालय के प्रांगण में रविवार को जिला प्रवक्ता संघ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए।

इसमें राजपाल ठाकुर को प्रधान व देवी सिंह को महासचिव चुना गया। चुनाव राजेश सैनी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस मौके पर जिले के 281 प्रवक्ताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से राजपाल ठाकुर को प्रधान एवं देवी सिंह को महासचिव चुनाव। नवनिर्वाचित प्रधान राजपाल ने बताया कि उनके लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी प्रवक्ता संघ ने दी है और वह प्रवक्ताओं के हक में एकजुट होकर उनकी समस्याओं को सरकार व विभाग के समक्ष रखेंगे और सब एकजुटता से संघ के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में प्रतिबद्ध रहेंगे, ताकि प्रवक्ताओं को निकट भविष्य में कोई समस्या न आए।

# कैमरा, एक्शन, कट, ओके से गूंजेगा रथ मैदान

## ढालपुर स्थित रथ मैदान में पहली बार होगी फिल्म की शूटिंग

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



फिल्म की शूटिंग के लिए तैयार हो रहा कुल्लू का रथ मैदान।

हिमाचल प्रदेश में जब भी फिल्मों की शूटिंग की बात आती है, तो मनाली हमेशा से सबसे पसंदीदा जगहों में से एक रहा है और यह हमेशा बॉलीवुड फिल्म निर्माताओं के लिए शूटिंग स्थलों की सूची में शीर्ष पर रहा है। मनाली की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता ने हमेशा बॉलीवुड निर्देशकों का ध्यान खींचा है, लेकिन पहली बार कुल्लू जिला मुख्यालय के रथ मैदान में फिल्म की शूटिंग होने जा रही है।

पहली बार किसी बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट की शूटिंग होने जा रही है। शूटिंग की तैयारियां जोरों पर हैं। 22 मई को ढालपुर मैदान में शूटिंग शुरू होगी, जो कि दो दिन तक चलेगी। रथ मैदान में फिल्म के हिसाब से सैट तैयार हो रहा है। अभिनेता चंकी पांडे, वरुण शर्मा, संदीप, पुलकित सम्राट वाला जी प्रोडक्शन तले बन रही फिल्म 'राहु केतु' की शूटिंग के लिए कुल्लू आएंगे। कोडिनेटर रमेश रंजनू ने बताया कि वाला जी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही फिल्म की शूटिंग दो दिनों तक कुल्लू के रथ मैदान में होगी। उसके बाद मनाली सहित कसोल में भी फिल्म के शूट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां स्थानीय लोगों को भी फिल्म में काम करने का मौका मिल रहा है। कुल्लू-मनाली की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता ने हमेशा ही बॉलीवुड निर्देशकों का ध्यान खींचा है। चाहे वह फिल्म आपकी कसम में सदाबहार राजेश खन्ना हो या ये जवानी है दीवानी में दिलों की धड़कन रणबीर कपूर हों; मनाली के मनोरम दृश्य हमेशा बॉलीवुड निर्देशकों की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। 1991 में ऋषि कपूर, अश्विनी भावे और जेबा बखियार अभिनीत हीना जैसी दशकों पुरानी फिल्मों से लेकर हाल की ब्लॉक-बस्टर फिल्म ये जवानी है दीवानी (2013 में रिलीज) तक, बॉलीवुड फिल्मों की छायांकन मनाली की तस्वीर परिपूर्ण पृष्ठभूमि के साथ एक अलग ऊंचाई पर पहुंच गई है। कई फिल्मों की शूटिंग मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में हुई है और अब पहली बार कुल्लू का रथ मैदान शूटिंग के लिए सज गया है। (अनंत ज्ञान)

### मिलेगी नई पहचान

**स्थानीय** पर्यटन कारोबारियों की माने, तो इस शूटिंग से कुल्लू को एक नई पहचान मिलेगी। शूटिंग के दौरान दर्जनों लोगों को भी रोजगार मिलेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन कारोबार को भी पंख लगेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### तुर्की कंपनी के रेलवे सर्वेक्षण को किया जाए रद्द

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** अपर वैली बचाओ संगठन के अध्यक्ष नारंतक शर्मा ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर को तुर्की की कंपनी के रेलवे सर्वेक्षण को रद्द करने के संबंध में ज्ञापन दिया। इसमें बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे परियोजना में तुर्की कंपनी की भूमिका और प्रस्तावित मार्ग के पुनर्विचार की मांग की गई है। समिति का तर्क है कि तुर्की कंपनी का इस परियोजना में शामिल होना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है क्योंकि तुर्की पाकिस्तान का समर्थन करता है और कश्मीर पर भारत विरोधी बयान देता रहा है। इसके अलावा, परियोजना से एक लाख से अधिक पेड़ों की कटाई हो सकती है, जिससे जैव विविधता और जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रस्तावित मार्ग से बागवानी और स्थानीय आजीविका पर भी आघात हो सकता है, जिससे हजारों परिवारों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ सकती है। इसके अलावा, एक नई अलाइनमेंट सर्वे भारतीय एजेंसियों द्वारा कराई जाए, जिसमें स्थानीय आजीविका और पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता मिले। समिति ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया कि तुर्की की रेलवे परियोजना से क्षेत्र के पर्यावरण और स्थानीय लोगों के हितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने समिति की मांगों को सुना और केंद्र सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### आनी में एक माह से एसडीएम का पद खाली

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय में पिछले एक माह से उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) का पद रिक्त पड़ा है, जिससे क्षेत्र की जनता को प्रशासनिक कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एसडीएम के तबादले के बाद से यह पद खाली है और कार्यभार कभी तहसीलदार आनी को तो कभी एसडीएम निरमंड को सौंपा जा रहा है। इस स्थिति को लेकर क्षेत्र में रोष व्याप्त है। स्थानीय विधायक लोकेंद्र कुमार ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार जान-बूझकर आनी में एसडीएम की नियुक्ति नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की जनता के साथ सरासर अन्याय है और ऐसा प्रतीत होता है कि आनी विधानसभा क्षेत्र को पिछड़ा बनाए रखने की सरकार सोची-समझी साजिश चल रही है। विधायक ने स्थानीय कांग्रेस नेताओं पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज कर केवल तबादलों के डीओ (अनुशंसा) नोट देने में लगे हैं।विधायक व क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि प्रदेश सरकार आनी में जल्द से जल्द एसडीएम की नियुक्ति करे, ताकि प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाई जा सके और लोगों को राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### जेएनवी के लिए तीन छात्राएं हुईं चयनित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय कटराईं की तीन छात्राओं वैष्णवी, शताक्षी और माधवी का जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में चयन हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने तीनों छात्राओं, उनके अभिभावकों और समस्त स्टाफ मेंबर्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं के लिए गर्व की बात है और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। तीनों छात्राओं को इस नई उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उम्मीद है कि वे अपने भविष्य में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगी।

### विश्वेश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** निरमंड के सिरकोटी स्थित विश्वेश्वर महादेव मंदिर में चार दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को विधिवत पूर्णाहुति और देवी-देवताओं की भावभीनी विदाई के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान 15 मई को आरंभ हुआ था और इसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। 14 मई की संध्या को देवता विश्वेश्वर महादेव अपने मुख्य मोहरों के साथ कोठी से नवनिर्मित मंदिर में पधारे थे। इसके बाद 15 मई से मंदिर में विधिवत रूप से प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया आरंभ हुई। 17 मई को क्षेत्र की आराध्या देवी माता अंबिका, देवता माटी सिंह और देवता भूतेश्वर महादेव ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की दिव्यता में वृद्धि की।

# 2 से 7 जून तक रायसन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएसपीबी-इंडिया की ओर से रायसन नेत्र अस्पताल, जिला कुल्लू में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है।

यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजीव मोहन ने दी। एनएसपीबी-इंडिया न केवल कुल्लू, बल्कि पूरे राज्य में प्रदान की जा रही नेत्र देखभाल सेवाओं को बढ़ाते हुए ग्रामीण पहाड़ी लोगों की सेवा करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है। यह पूरे भारत में अंधेपन की रोकथाम के लिए पंजीकृत राष्ट्रीय स्तर का प्रमुख संगठन है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का यह प्रथम नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 2 जून से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दृष्टि का उपहार देने के इस नेक कार्य में सभी अपना सहयोग दें तथा जिले में इसका प्रचार-प्रसार करें।

# जल्लूग्रां सरानाहुली मेले में रही लालड़ी नाटी की धूम

## नन्हें कलाकारों ने भी खूब नचाए दर्शक, पारंपरिक परिधानों में नाची महिलाएं

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



मेले में पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर कुल्लवी नाटी करती हुईं महिलाएं।

खंड स्तरीय जल्लूग्रां सरानाहुली मेले में लालड़ी नाटी की धूम रही। क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर सबसे पहले लालड़ी नाटी में खूब धमाल मचाई, जबकि कुल्लवी नाटी पर भी महिलाएं खूब थिरकी।

इसके अलावा दिन के कार्यक्रम में नन्हें कलाकारों ने दर्शक खूब नचाए। मेले का शुभारंभ सरस्वती माता के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि समाज सेवी हरी सिंह ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान दवेंद्र शर्मा, युवक मंडल व महिला मंडल रहे, जबकि सरस्वती वंदना के बाद रिबन काटकर मेला शुरू किया। इसके बाद स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने मेला कमेटी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेले हमारी संस्कृति के परिचायक हैं। मेले में हमारी संस्कृति झलकती है और मेले से मेल मिलाप होता है। उन्होंने कहा कि मेले मनोरंजन का भी एक अच्छा साधन हैं और लोग मेलों में खूब आंनद लेते हैं।

इस अवसर पर स्थानीय प्रधान दवेंद्र शर्मा ने कहा कि यह मेला हर वर्ष भगवान नर्सिंग व माता पार्वती चोगासन के सम्मान में मनाया जाता है। मेले को मनोरंजक बनाने के लिए हर वर्ष मेला कमेटी एवं स्थानीय पंचायत द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस मेले को कामयाब बनाने के लिए स्थानीय महिला मंडल व युवक मंडल का भी सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने बताया कि लालड़ी नाटी में क्षेत्र के 14 महिला मंडलों ने भाग लिया।

# ताइपे ताइवान मास्टर्स गेम्स में किशन लाल ने जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला लाहौल-स्पीति निवासी व वर्तमान में शिक्षा विभाग कुल्लू में कार्यरत अधिकारी किशनलाल राणा ने ताइपे ताइवान में मास्टर्स गेम्स में कांस्य पदक हासिल कर देश व प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

किशन लाल राणा ने बताया कि वह इस बार अपनी लाहौली टोपी व जोलुनू को पहनकर पारंपरिक अंदाज में ताइपे ताइवान मास्टर्स गेम्स में शामिल होने पहुंचे थे। वहीं, उन्होंने प्रतियोगिता के अपने पहले दौर में जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। इससे पहले भी किशन लाल राणा ने राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक अपने नाम किए हैं और देश व प्रदेश का मान-सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। किशन लाल राणा ने बताया कि उनकी यह उपलब्धि उन युवाओं को समर्पित है, जो आज के समय में उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और उनको एक प्रेरणा के रूप में मानते हैं। उन्होंने बताया कि अगर युवाओं का दृढ़ निश्चय तय हो और प्रण कर लिया हो तो कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है। उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने साथियों, परिजनों व युवा साथियों को दिया है। साथ ही विश्वास जताया कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमा सकें और देश व प्रदेश का नाम पुनः स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जा सके।

# 5 कलाकारों के चित्र लोगों को कर रहे आकर्षित

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नगर में कला प्रदर्शनी के शुभारंभ मौके पर गणमान्य लोग।

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर के प्रदर्शनी कक्ष में भारत के विभिन्न हिस्सों के पांच प्रतिभाशाली कलाकारों की एक मनोरम कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार पोमी कौशिक ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित कला संग्रहकर्ता और कला प्रेमी उपस्थित थे, जिन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और कलाकारों की रचनाओं की सराहना की।

इस कला प्रदर्शनी में पांच कलाकारों रुदराज, रुद्रदेव, माधवी, मोहक राणे और मुग्धा की कला कृतियां प्रदर्शित की जा रही हैं। चित्रकार रुदराज के चित्रलिपि आधारित चित्र प्राचीन लिपि से समानता रखते हैं, जो गहरे, रहस्यमय हैं और दर्शकों में जिज्ञासा जगाते हैं। उनकी कला दर्शकों को एक अनोखे और आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ती है। रुद्रदेव के कोयला और गेरुआ चित्र अमूर्त और मोहक हैं। उनके चित्रों में विविध आकार और रूप हैं, जो मानव भावनाओं को उतेजित करते हैं। उनकी कृतियां दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ती हैं। चित्रकार माधवी की कलाकृतियां हिमाचल को अपना घर बनाने के उनके निर्णय से प्रेरित हैं। वह हिमाचल प्रदेश के विभिन्न परिदृश्य को चित्रित करती हैं और उन्हें अपने केंद्रीय विषय मनुष्य और प्रकृति के बीच जुड़े हुए संबंध के साथ बुना करती हैं। उनके परिदृश्य यर्थाथवाद और कल्पना का संगम हैं। चित्रकार मुग्धा की कला आध्यात्मिक प्रतीकवाद का अन्वेषण करती है। वह विभिन्न माध्यमों, रंगों और बनावटों के साथ प्रयोग करना पसंद करती है, जो उनकी कृतियों को एक अद्वितीय और गहरा अर्थ प्रदान करता है। चित्रकार के सिरेमिक कार्य प्रकृति के रूपों, विशेष रूप से समुद्र से प्रेरित हैं। उनके प्रेरणादायक सिरेमिक कलाकृतियों में कोरल, मछली जैसे रूपों को रूपांकनों में शामिल किया गया है, जो दर्शकों को समुद्रों की सुंदरता और विविधता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह प्रदर्शनी अनुभवी चित्रकारों की कलात्मक विविधता को देखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। इस प्रदर्शनी में लगभग 55 चित्र और असंख्य छोटे चित्र प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी 23 तक अवलोकन के लिए खुली रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# सुकृति शर्मा ने विज्ञान संकाय में मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** निरमंड खंड के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्सू के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय में कला संकाय में 82.7 फीसदी और विज्ञान संकाय में 87.5 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा। इस वर्ष के परिणामों ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि सुकृति पुत्री डॉ. जगदीश शर्मा टिकरी निवासी ने 440 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि निताशा ठाकुर पुत्री आलम चंद ने 432 अंक लेकर द्वितीय स्थान और निकिता अग्रवाल पुत्री दीपक अग्रवाल ने 424 अंक लेकर तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ये परिणाम आया है।

# जल्द शुरू होगा मनाली के लिए बाइपास सड़क का कार्य : गौड़



मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ मेले में लोगों को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली के रामबाग से मनाली गांव के लिए बनने वाले बाइपास सड़क का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

विधायक मनाली गांव में हिडिंबा माता के जन्मोत्सव में मनाए गए मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मनाली शहर की तर्ज पर मनाली गांव को भी 24 घंटे पीने के पानी की आपूर्ति की जाएगी। गांव के भीतर बन रही अतिरिक्त सड़क को भी जल्द बनाया जाएगा। मेले की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। इससे पहले उन्होंने माता हिडिंबा व मनु महाराज सहित उपस्थित देवी-देवताओं से माथा टेक कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मेले में कुल्लवी नाटी सहित वॉलीबाल प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। सीनियर वर्ग में अलेउ की टीम ने मनाली गांव को हराकर वॉलीबाल प्रतियोगिता जीती। मनु युवक के प्रधान किरण ठाकुर व सदस्य नील चंद ने बताया कि वॉलीबाल में सीनियर वर्ग की विजेता टीम को 31 हजार ईनाम से सम्मानित किया। सौरभ राणा बेस्ट खिलाड़ी के इनाम से सम्मानित हुए। फुटबॉल प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में बूम शंकर टीम पहले व पाड़ो टीम दूसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में रामबाग टीम पहले व अलेउ टीम दूसरे स्थान पर रही।

**आंदोलन** मेगा हाइड्रो प्रोजेक्ट के विरोध में 23 मई को उदयपुर में होगी विरोध रैली

# प्रकृति के साथ खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त: जस्पा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



23 मई को होने जा रहे प्रदर्शन को लेकर चर्चा करते हुए लाहौल-स्पीति एकता मंच के सदस्य।

लाहौल के उदयपुर मंडल के पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति एकता मंच अध्यक्ष सुदर्शन जस्पा ने कहा है कि लाहौल घाटी के चिनाव बेसिन पर प्रस्तावित लगभग 15 से अधिक बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं का घाटी की जनता विरोध कर रही है।

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के खिलाफ घाटी के लोगों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इन प्रस्तावित परियोजनाओं में जिस्पा 300 मेगावाट, स्टीगरी 98 मेगावाट, छतड़ू 120 मेगावाट, मयाड़ 120 मेगावाट, तांदी 104 मेगावाट, राशेल 130 मेगावाट, सेली 400 मेगावाट, शंगलिंग 44 मेगावाट, तेलिंग 94 मेगावाट, बरदंग 126 मेगावाट, तिंगरेट 81 मेगावाट, गोंधला 144 मेगावाट, कोकसर 90 मेगावाट, रहोली डूगली 420 मेगावाट, पुर्थी 300 मेगावाट, साच खास 260 मेगावाट और डुगर 380 मेगावाट प्रमुख हैं, इन परियोजनाओं से लाहौल घाटी का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहेगा। सुदर्शन जस्पा ने हाल ही में हिमाचल सरकार द्वारा तेलंगाना सरकार के साथ मयाड़ 120 मेगावाट तथा सेली 400 मेगावाट परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर इन परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने की कवायद का पुरजोर विरोध करते हुए बताया कि यह निर्णय पूरे लाहौल घाटी की अति संवेदनशील भौगोलिक परिस्थिति, जलवायु तथा जनजातीय अधिकारों को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए लिया गया है।

इन परियोजनाओं के निर्माण से न केवल संपूर्ण लाहौल घाटी की बेहद उपजाऊ जमीन, जैवविविधता और लुप्तप्राय प्रजातियां समाप्ति हो जाएंगी, बल्कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों में जीवन-यापन कर रहे संपूर्ण लाहौलवासियों को भी जबरन विस्थापित होना पड़ सकता है। किन्नौर और उत्तराखंड जैसे तमाम उदहारण हमारे समक्ष हैं, जहां इन बड़ी परियोजनाओं के लिए होने वाले ब्लास्टिंग, सुरंग निर्माण और मलबा डंपिंग के कारण भूस्खलन और बाढ़ से भयानक तबाही हुई है। लाहौल घाटी की औसत ऊंचाई समुंद्र तल से लगभग 9000 फुट है, जोकि अभय शुक्ला समिति की सिफारिश के अनुसार 2000 फुट ज्यादा है तथा भूकंप की दृष्टि से भी जिला अति संवेदनशील जोखिम क्षेत्र 4 तथा 5 में आता है। पिछले कुछ वर्षों में मौसम में हुए अमूलचूल परिवर्तन से जिले के मयाड़, जहालमा, शांशा, तोजिंग तथा शकस जैसे ज्यादातर नालों में बाढ़वारी ने कहर ढाया है, ऐसे में इस बात का आकलन लगाया जा सकता है कि विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति के साथ खिलवाड़ संपूर्ण लाहौल घाटी के लिए खतरे का कारण बन जाएगा, जो कि किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। इसके लिए संपूर्ण घाटी को एकजुटता के साथ इन परियोजनाओं के खिलाफ लामबंद होने की आवश्यकता है। इसी के मद्देनजर आगामी 23 मई को प्रातः 11 बजे उदयपुर के मृकुला माता मंदिर प्रांगण से एक विशाल विरोध रैली का आयोजन उदयपुर मंडल के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी महिला मंडलों, युवक मंडलों, जन संगठनों तथा समस्त लाहौल-स्पीति के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि इस रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपनी व संपूर्ण लाहौल घाटी की आवाज को बुलंद करें।

# धर्म चंद ऑल इंडिया संपादक संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल पत्रकार संसद जिला कुल्लू के अध्यक्ष डीआर जोशी ने धर्म चंद यादव को ऑल इंडिया संपादक संघ हिमाचल के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।



उन्होंने कहा कि पत्रकार जगत और जिला कुल्लू के लिए यह गौरव की बात है। जोशी ने कहा कि धर्म चंद यादव हिमाचल प्रदेश पत्रकार संसद के संस्थापक सदस्य हैं और पिछले करीब 35 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के पद पर उनकी ताजपोशी से पत्रकारिता जगत में खुशी की लहर है। जोशी ने कहा कि 60 वर्ष की आयु में भी पत्रकारिता के प्रति धर्मचंद यादव का समर्पण और लगन सराहनीय है। प्रदेशाध्यक्ष के पद पर उनकी ताजपोशी से पत्रकारिता जगत में खुशी की लहर है। जन हित से जुड़ा कोई भी मामला हो, निर्भीकता से जड़ तक जाने के बाद सदैव सच्चाई सामने लाकर उनका हक दिलाते हैं। अधिकारियों से तालमेल में इनका कोई सानी नहीं। 60 वर्ष की आयु में भी सच्चाई सामने लाकर अपनी कलम की तेज धार से कइयों की चूहलें हिला देते हैं। विकासात्मक खबर हो या फिर क्राइम, बड़ी ही शिद्दत से जन-जन तक सच्चाई पहुंचाते हैं। वर्तमान में करंट न्यूज वेब पोर्टल के मालिक धर्म चंद यादव पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखे युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। पोस्ट कार्ड पर खबर लिखने और तार के माध्यम से खबर भेजने से लेकर आज के तकनीक के दौर में भी अपने आप को व्यवहारिक बनाए हुए हैं, इस क्षेत्र में युवाओं की धमक के बीच भी अडिग खड़े हैं। उस दौर से लेकर आज के इस सोशल मीडिया के दौर में भी इन्हें खबर के पीछे उसकी तह तक जाते देखना सच में सुकून देता है। हर वक्त नौजवान पत्रकारों को नई टिप्स देते रहते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोठी गैहरी, विकास खंड सदर बल्ह मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**ग्राम** पंचायत कोठी गैहरी विकास खंड बल्ह मंडी जिला मंडी द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यक्तानुसार विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 25-05-2025 को दोपहर 2 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यालय में स्वीकार की जाएगी। निविदाएं दिनांक 27-05-2025 को दोपहर 1 बजे के बाद निर्माण कमेटी, ग्राम पंचायत पदाधिकारियों व निविदादाओं के समक्ष पंचायत कार्यालय कोठी गैहरी में खोली जाएगी।

सामग्री का विवरण मात्रा, जिसमें मूल्य वांछित हैः- 1. रेत (KANSA QUERRY) Per cubic meter 2. रेत (CRUSHER) Per cubic meter 3. बजरी (KANSA QUERRY) Per cubic meter 4. बजरी 10, 20,40mm (CRUSHER) Per cubic meter 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर - Per cubic meter 6. पत्थर (Cut Stone) Per cubic meter 7. ईंट- प्रति ईंट, 8. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe, 9. जेसीबी Per Hours, 10. सटरिंग - Per Square Meter, 11. सीमेंट ढुलाई, 12. सुचना पट्ट -4*4 फुट, 13. पानी का टैंक, 14. कंप्रेशर।

**शर्तें:** 1.निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री Per Bag मंडी से कोठी गैहरी कार्य स्थल तक ठेकेदार/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7.सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8.) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जाएगी अन्यथा सप्लाईकर्ता स्वयं उतरदायी होगा। 9. निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।


**प्रधान, ग्राम पंचायत कोठी गैहरी, विकास खंड बल्ह मंडी।**

# सोलन अस्पताल में नहीं एंडोस्कोपी की सुविधा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

तीन जिलों के केंद्र बिंदु क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों को एंडोस्कोपी की सुविधा नहीं मिलने से शिमला और चंडीगढ़ के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। दरअसल जिला सोलन के किसी भी सरकारी हॉस्पिटल में मरीजों को एंडोस्कोपी की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

इससे मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि जिला सोलन में एंडोस्कोपी करवाने वाले मरीजों की तादाद कम हो। रोजाना सोलन हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों में मरीजों को एंडोस्कोपी की जरूरत पड़ती है, लेकिन जब जिले में एंडोस्कोपी की सुविधा नहीं मिल पाती, तो उन्हें मजबूरन चंडीगढ़ या फिर आईजीएमसी जाना पड़ता है। ऐसे में मरीज सरकार से भी खफा हैं। हालांकि, जिले के निजी क्लीनिकों में एंडोस्कोपी जरूर होती है, लेकिन यहां महंगे दामों पर टेस्ट करवाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)




## क्या होती है एंडोस्कोपी

**एंडोस्कोपी** एक गैर सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें डॉक्टर एक लचीली ट्यूब के जरिए शरीर के अंदर की जांच करते हैं। इस ट्यूब में कैमरा और लाइट होती है, जिससे डॉक्टर शरीर के अंदर के अंगों की तस्वीर देख सकते हैं। एंडोस्कोपी से शरीर के अंदर के अंगों का सीधा नजारा मिलता है। इससे कुछ स्थितियों का पता चलता है और उनका इलाज भी किया जा सकता है। हालांकि, एंडोस्कोपी के कई प्रकार होते हैं, जो शरीर के अलग-अलग हिस्सों को देखते है। एंडोस्कोपी का इस्तेमाल पाचन तंत्र, श्वसन प्रणाली, मूत्र पथ और महिला प्रजनन प्रणाली की जांच के लिए किया जाता है। एंडोस्कोपी से सर्जरी में भी मदद मिलती है।

*सोलन जिले में अभी तक किसी भी सरकारी हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी की सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही है। किसी मरीज को एंडोस्कोपी की जरूरत होती है, तो उसे तुरंत प्रभाव से या तो आईजीएमसी या फिर चंडीगढ़ रैफर कर दिया जाता है।*

**डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सोलन।**

## डॉक्टर की भी करनी होगी तैनाती

**सोलन** में अब तक कहीं पर भी एंडोस्कोपी मशीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन यदि आने वाला दिनों में सरकार इसे जिले में इंस्टॉल कर भी दे, तो एक परेशानी यह सामने आएगी कि इसके लिए गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट की भी जरुरत पड़ेगी। एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट आमतौर पर एंबेस्कोपिक प्रक्रियाओं को करने के लिए जिम्मेदार होता है। जानकारी के अनुसार सोलन हॉस्पिटल में जिला सोलन ही नहीं, बल्कि सिरमौर और अपर शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में उपचार के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा जिला सोलन की आबादी भी लाखों तक पहुंच गई है, लेकिन रोजाना कई रोगियों को एंडोस्कोपी की जरुरत पड़ने पर उन्हें शिमला या चंडीगढ़ का रुख करना पड़ता है। अब तक जिले में एंडोस्कोपी की सुविधा से मरीज वंचित ही हैं। इससे लोगों को जहां एकतरफ परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी ओर उन्हें शिमला या चंडीगढ़ के चक्कर भी काटने पड़ रहे हैं। सोलन से विधायक डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल, जब प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री बने, तो लोगों को उम्मीद जगी थी कि सोलन हॉस्पिटल में भी एंडोस्कोपी की सुविधा मिल जाएगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है।

# राजधानी का अस्तित्व मिटाने पर तुली है सुक्खू सरकार: मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल की सुक्खू सरकार प्रदेश की राजधानी शिमला से अनेक विभागों के मुख्यालयों को धर्मशाला स्थानांतरित कर राजधानी का अस्तित्व मिटाने पर उतारू हो गई है। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश सरकार के उस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। इसके तहत उच्च शिक्षा निदेशालय, रेरा का मुख्यालय और सूचना विभाग के मुख्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि हिमाचल मंत्रिमंडल में शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, मंडी और कुल्लू जिलों से आधा दर्जन से अधिक मंत्री है और विधानसभा उपाध्यक्ष भी सिरमौर से आते हैं, लेकिन सरकार के इस तुगलकी फरमान पर सारे मंत्री गूंगे बहरे बनकर बैठ गए हैं। यह सारे मंत्री अपने क्षेत्र के लोगों के हितों के प्रति उदासीन रवैया अपना रहे हैं। जिला प्रवक्ता ने कहा कि इन जिलों के लोगों ने इन मंत्रियों को यहां से आम लोगों के हितों की रक्षा और क्षेत्रों के विकास के लिए चुनकर भेजा था, लेकिन उनके मंत्रिमंडल में रहते इस प्रकार से शिमला से अनेक विभागों के मुख्यालय धर्मशाला स्थानांतरित करना बिलकुल भी तर्कसंगत नहीं है।

# अवैध डंपिंग पर महिला मंडल ने आवाज की बुलंद

**अनंत ज्ञान, शिमला/सुन्नी**

शिमला ग्रामीण के तहत जैशी में निर्माणाधीन सुन्नी जलविद्युत परियोजना से एसजेवीएनएल द्वारा की जा रही अवैध डंपिंग को रोकने के लिए ग्राम पंचायत चेबड़ी की महिला मंडल ने थाना प्रभारी सुन्नी को लिखित शिकायत दी।

एसजेवीएनएल परियोजना के तहत बांध बनाने वाली कंपनी द्वारा अवैध रूप से डंपिंग एवं सतलुज में मिट्टी व मग गिराए जाने के विरोध में महिला मंडल ने आवाज बुलंद की है। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा नियमों को दरकिनार कर कार्य किया जा रहा है, जिसकी बार-बार मौखिक शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई किसी विभाग द्वारा नहीं की जा रही है। बांध के लिए जिन स्थानीय लोगों की जमीन ली गई है, उन्हें काम नहीं दिया गया है, जबकि बाहरी क्षेत्र से लोगों को लाकर काम पर लगाया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ खास लोगों की गाड़ियां प्रोजेक्ट में लगाई गई है, जबकि नियमों के अनुसार स्थानीय लोगों व जिनकी जमीन एक्वायर की गई है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया की कंपनी द्वारा जब खड़ेली नाला के पास डंपिंग का महिलाओं ने विरोध किया, तो कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें पुलिस कार्रवाई की धमकी दी। महिला मंडल ने शिकायत में कहा कि खैरा गांव के नजदीक कहीं भी डंपिंग न की जाए क्योंकि इससे नाला बंद हो जाएगा तथा पानी खेतों की तरफ मुड़ जाएगा, जिस से फसलें खराब हो जाएंगी।


डैम निर्माण का डंप किया मलबा।

उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इस परियोजना से प्रभावित सभी गांव वासियों की समस्या पर ध्यान दें तथा कोई स्थायी व्यवस्था बनाएं। पंचायत प्रधान छविंद्र पाल का कहना है कि लंबे समय से यहां जो कंस्ट्रक्शन की जा रही है, उसके लिए एक डंपिंग साइट निर्धारित की गई है, जबकि कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा चयनित स्थान पर डंपिंग न कर यहां-वहां डंपिंग की जा रही है, जो कि सरासर गलत है। पंचायत की ओर से भी इन्हें नोटिस दे चुके हैं, लेकिन जब यह ग्राम वासियों के साथ बैठक करते हैं, तो सारी शर्तें मान लेते हैं तथा उसके बाद फिर से अपनी मर्जी से डंपिंग करने लगते हैं। कंपनी द्वारा डंपिंग साइट को डेवलप करने की बात कही गई थी, जो कि आज तक डेवलप नहीं की गई है। यही वजह है कि अब आसपास के गांवों की महिलाएं भी खुलकर कंपनी के खिलाफ अपना विरोध जता रही हैं। सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना के एचओपी संजीव अग्रवाल ने कहा कि हमें ग्रामवासियों का सहयोग नहीं मिल रहा है तथा समय-समय पर ग्रामवासी हमारा विरोध कर रहे हैं। उन्होंने मीटिंग का हवाला देकर बाद में बात करने को कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेएनवी की प्रवेश परीक्षा में 80 अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन के प्राचार्य सुरेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल को कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में 80 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तीर्ण सभी विद्यार्थी अपने-अपने अनुक्रमांक की जांच कर लें। उत्तीर्ण अभ्यर्थी के अभिभावक 19 मई से विद्यालय में आकर प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया बारे बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन जिले के 53-सोलन तथा 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों, आईटीआई, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा विभिन्न निर्वाचन साक्षरता की गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह जानकारी संबंधित उपमंडलाधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट की कार्य प्रणाली के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा प्रश्नोत्तरी से रचनात्मक कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया गया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### शारीरिक दक्षता परीक्षण 20 को पुलिस मैदान में

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में खनन रक्षक की भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों का शारीरिक दक्षता परीक्षण 20 मई को पुलिस मैदान सोलन में प्रातः 7 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी खनन अधिकारी एवं चयन समिति के सदस्य सचिव हरविंद्र सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि सभी पात्र उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षण में भाग लेने के लिए डाक के माध्यम से सूचना पत्र भेज दिए गए हैं। उन्होंने सभी पात्र उम्मीदवारों से आग्रह किया कि इस परीक्षण के लिए निर्धारित स्थान, समय व तिथि पर संपूर्ण मूल दस्तावेजों के साथ पहुंचना सुनिश्चित बनाएं। हरविंद्र सिंह ने कहा कि इस परीक्षण के लिए 196 पात्र उम्मीदवारों को बुलाया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार खनन निरीक्षक विशाल वर्मा के मोबाइल नंबर 79867-06048 तथा सहायक खनन निरीक्षक जगदीप सिंह के मोबाइल नंबर 92055-60671 पर संपर्क कर सकते हैं।

### राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप में खेलेगा अभिनव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** द रोज ऑर्किड वर्ल्ड स्कूल के छात्र अभिनव धीमान ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय इंटर-स्कूल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में अंडर-17 श्रेणी में द्वितीय स्थान हासिल करने पर निदेशक ललित शर्मा, प्रिंसिपल ममता सैनी और निदेशक एकेडमिकस अंजू अरोड़ा ने बधाई दी। निदेशक ललित शर्मा ने कहा, अभिनव की यह उपलब्धि प्रशंसनीय है और हमें उनकी मेहनत पर गर्व है। प्रिंसिपल ममता सैनी ने कहा, अभिनव की सफलता स्कूल के लिए गर्व की बात है। आगामी स्तरों पर और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अभिनव को अपनी मेहनत जारी रखने की सलाह दी गई है। अंजू अरोड़ा ने कहा, हमें उम्मीद है कि अभिनव अपनी इस सफलता को बनाए रखेंगे और शतरंज के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### गोरखा समुदाय ने विश्व शांति की कामना की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ऐतिहासिक नाहन शहर के जलापड़ी स्थित माता संसारी मंदिर में रविवार को गोरखा समुदाय की अटूट आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। समुदाय के लोगों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मां संसारी देवी की आराधना की, साथ ही कोटली, मझौली और शंभूवाला में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसमें विश्व में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। रविवार को इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में सिरमौर गोरखा सभा के प्रधान खेम बहादुर, योगेंद्र गुरुंग, किरण राणा, सूरज राणा, अनिल ठाकुर, किरण बहादुर, रवि राणा, जीती थापा, सुशील बहादुर, निमो ठाकुर, शकुंतला थापा, जितेंद्र थापा सहित बड़ी संख्या में गोरखा समुदाय के परिवारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पूजा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच मां संसारी देवी का पवित्र भोग वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि मां संसारी देवी की कृपा सदैव समुदाय पर बनी रहे और विश्व में शांति स्थापित हो।

### उच्च रक्तचाप के बारे में लोगों को दी जानकारी

**आशीष, दाड़लाघाट।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के तहत 40 से अधिक गांव में उच्च रक्तचाप के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च रक्तचाप के महत्व और इसकी गंभीर चिकित्सा जटिलताओं के बारे में बताना और इसकी रोकथाम, पहचान और प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा। स्वास्थ्य सखियों ने 450 से अधिक लोगों को उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी प्रदान की और उन्हें सक्रिय जीवनशैली अपनाने और उचित भोजन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अधिक वजन वाले, शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं रहने वाले, अधिक शराब पीने वाले और उच्च नमक आहार लेने वाले लोगों में उच्च रक्तचाप का खतरा अधिक होता है। इसके अलावा स्वास्थ्य सखियों ने बताया कि उच्च रक्तचाप को नियमित जांच, दवा और डॉक्टर की सलाह के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### रक्तदान कर जीवनदान का दिया संदेश

**हेमराज, शिलाई।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा शिलाई में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रक्त दानदाताओं ने रक्तदान किया। कैंप का उद्घाटन अभिषेक सिंह ठाकुर बीडीओ एवं एसडीएम शिलाई ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान कर प्रेरणा दी तथा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और मिशन की सराहना करते हुए संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का धन्यवाद किया। साथ ही सोलन जोन से आए हुए जोनल इंचार्ज महात्मा विवेक कालिया ने भी शिरकत की उन्होंने बताया कि स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं तथा सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से ही सारा कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने अभिषेक का भी धन्यवाद किया और जिन्होंने रक्तदान किया है उनका भी धन्यवाद करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से कार्य में आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया है। (अनंत ज्ञान)

# शत-प्रतिशत रहा लक्ष्य शिक्षण संस्थान का परिणाम





**अनंत ज्ञान, अर्की**

लक्ष्य शिक्षण संस्थान के जमा दो के परीक्षा परिणाम में अंकिता शर्मा 448/500 (89.6 फीसदी) अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। नित्यम ने 434/500 (86.9 फीसदी) दूसरा स्थान, तेजेश्वर ने 425/500 (85 फीसदी) तीसरा स्थान, वंस तथा नेहा शर्मा ने 422/500 (84.4 फीसदी) लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। नंदिनी ने 405/500 (81 फीसदी) पांचवा स्थान प्राप्त किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रिंसिपल वीना गुप्ता ने सभी छात्रों तथा उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस का सारा श्रेय अध्यापकों को जाता है, जिनके अथक परिश्रम से छात्रों ने इतना अच्छा परीक्षा परिणाम दिया है।

## दाड़लाघाट का परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट स्कूल का जमा दो का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विज्ञान विषय में 22 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 18 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। इसमें विशाल ने 452 अंक लेकर प्रथम स्थान, ध्रुव ने 428 अंक लेकर द्वितीय और अभिषेक ने 418 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में कुल 81 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें से 79 उत्तीर्ण हुए। इसमें वेशाली ने 451 अंक के साथ प्रथम स्थान, पूजा शर्मा ने 448 अंक लेकर दूसरा स्थान और यशस्वी ने 445 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में कुल 23 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।

## बोहलियों स्कूल का रिजल्ट सराहनीय

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी जमा दो कक्षा के घोषित नतीजों में बोहलियों स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कशिश 446 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। इंदु 431 अंक व वंशिका 429 अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। स्कूल की प्रिंसिपल पुनम वर्मा ने बताया कि 22 में से 20 बच्चों की फर्स्ट डिवीजन आई है और 2 छात्र सेकेंड डिवीजन में पास हुए हैं। स्कूल के 10 छात्रों के अंक 70 प्रतिशत से ऊपर व 6 छात्रों के अंक 80 फीसदी से उपर आए हैं।

## यूपीपीसीएस के साथ राजनीति में जाने की इच्छा रखती है कल्पना

**नाहन।** नाहन में स्थित पीएम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की होनहार छात्रा कल्पना देवी ने प्रदेश भर में शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। आर्ट्स संकाय में उन्होंने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। कल्पना की इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे स्कूल और गांव में खुशी की लहर है। कल्पना ने अपनी सफलता के बाद कहा, मैं सबसे पहले यूपीपीसीएस के सिविल सेवा की तैयारी करूंगी, ताकि देश की सेवा कर सकूं या फिर मैं राजनीति में जाना चाहती हूं क्योंकि मेरा सपना समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## 103 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आयुष विभाग द्वारा सोलन जिले की ग्राम पंचायत सकोड़ी में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध करवाई गई। यह जानकारी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने दी। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 103 रोगियों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने स्वास्थ्य शिविर का दौरा किया और वहां उपस्थित चिकित्सकों से आयुष विभाग की कार्यप्रणाली एवं रोग निदान संभावनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अवगत करवाया कि स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों से आग्रह किया कि आयुष प्रणाली के लाभों के विषय में जन-जन को जागरूक करें।

# हाई स्कूल बीनू के क्लास रूम का काम अधूरा, छात्र परेशान

**प्रेम कश्यप, कंडाघाट**



कंडाघाट उपमंडल के हाई स्कूल बीनू के विकास में जन सहयोग योजना के तहत दो कमरों का निर्माण पहले करीब डेढ़ साल से लेट-लतीफी से लटका रहा। इसके बाद निर्माण शुरू हुआ, तो काम अधूरा छोड़ दिया गया। विभाग और प्रशासन इसकी तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना कर भुगतना पड़ रहा है। हाई स्कूल बीनू में पांच कक्षाओं के लिए केवल तीन क्लास रूम थे।

बजट का प्रावधान न होने के कारण लोगों ने थोड़ा पैसा खुद इकट्ठा कर विकास में जन सहयोग योजना के तहत अंशदान कर दो कमरों के लिए 10 लाख स्वीकृत करवाए। इसके बाद भी करीब डेढ़ साल तक काम शुरू नहीं हुआ। मामला जिला शिकायत निवारण समिति सोलन में उठाया गया। इसके बाद प्रशासन, शिक्षा विभाग और बीडीओ कार्यालय कंडाघाट हरकत में आए। भवन निर्माण पूरा करने के लिए संबंधित पंचायत और एसएमसी को दो महीने का समय लिखित रूप से दिया गया, लेकिन कमरों का निर्माण तो हुआ, लेकिन दरवाजों, खिड़कियों का काम महीनों से अधूरा है। कमरे में दरवाजे और खिड़कियां नहीं लगाई गईं। इससे कमरे शिक्षा विभाग के हेंड ओवर नहीं हुए। क्लास रूम बिना स्कूली बच्चे परेशानी झेल रहे हैं। खंड विकास अधिकारी कंडाघाट राजेश ठाकुर से इस विषय हुई बात में उन्होंने बताया कि वह सरकारी कार्य से बाहर हैं। इस मामले कोई प्रतिक्रिया अभी नहीं दें सकते। कार्यालय जाकर वह इस पर कार्रवाई करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# जिला परिषद वार्ड का परिसीमन राजनीति से प्रेरित: प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नौहराधार संगड़ाह भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने जिला परिषद वार्ड परिसीमन को राजनीति से प्रेरित करार दिया।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत जाम्मू कोटी, पंचायत खालाक्यार, पंचायत भाटगढ़, पंचायत कोटी धीमान, पंचायत छोउभोगर, खुड़, जरग बिलकुल ददाहु के आसपास हैं, लेकिन इन पंचायत को जिला परिषद वार्ड ददाहु से काटकर जिला परिषद वार्ड संगड़ाह में मिलाया जा रहा है, जबकि संगड़ाह की दूरी कम से कम 30 किलोमीटर है। इसी प्रकार पंचायत लाना पालार, सेज भी बिलकुल संगड़ाह के नजदीक हैं, लेकिन इन पंचायतों को भी जिला परिषद वार्ड संगड़ाह से काटकर नोहराधार जिला परिषद वार्ड में मिलाया जा रही है, इसके साथ ही महल क्षेत्र की पंचायत दिउडी खड़ाह, गैंहल, बियोंग टटवा, बड़ोल इन पांच पंचायतों को भी जिला परिषद वार्ड संगड़ाह से काटकर जिला परिषद वार्ड नोहरा धार में मिलाया जा रहा है, ताकि महल क्षेत्र की एकता को तोड़ा जा सके क्योंकि महल क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। रावत ने बताया कि पहले रेणुका के कांग्रेसी विधायक स्वर्गीय डॉ. प्रेम सिंह ने महल लाधी क्षेत्र की एकता को तोड़कर लाधी क्षेत्र की 11 पंचायतों को रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र से काटकर शिलाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र में मिलाया था, अब विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी यही काम कर रहे हैं। जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला परिषद परिसीमन में छेड़खानी नहीं करनी चाहिए।



## डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में हुई नशा मुक्त भारत अभियान की बैठक

# सिरमौर में नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाएं अधिकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय सभागार में जिला सिरमौर में नशा मुक्त भारत अभियान के क्रियानवयन संबंधी बैठक आयोजित हुई। इसमें पुलिस, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ गैर-सरकारी सदस्यों ने भी भाग लिया।

डीसी ने जिला स्तर पर नशा मुक्ति अभियान समिति के तहत विस्तृत प्रस्ताव बनाने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्वास्थ्य, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। अभियान को सफल बनाने के लिए इन विभागों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी अहम योगदान अपेक्षित है। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोडा ने वर्ष 2025-26 के लिए बनाई गई कार्य योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए समिति द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना को नशामुक्त भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार को विस्तृत प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रदेश के साथ-साथ जिले में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक है, जिसे रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य योजना बनाने व उसे धरातल पर क्रियानवित करना आवश्यक है। नशे की प्रवृत्ति को रोकने में अभिभावकों का सबसे अहम योगदान होता है इसलिए उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को नशे के दुष्परिणामों बारे स्वयं जागरूक करें तथा बच्चों में नशे के लक्षण पाए जाने पर उन्हें छुपाएं न, बल्कि नशे की लत छुड़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग व नशा मुक्ति केंद्रों का सहयोग लें।

## स्वीप कार्यक्रम से मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला सिरमौर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य मतदाता सूची में नाम जोड़ना, नाम हटाना एवं विद्यमान प्रविष्टियों में संशोधन के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है। चुनावों में वोटरों की सहभागिता एवं लोकतंत्र में महत्व के बारे में भी विभिन्न आयोजनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रथम स्तर पर जिले में स्थित उच्च शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थानों एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से प्रतिमाह कम से कम दो बार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। संस्थानों में संबंधित नोडल अधिकारी इन गतिविधियों का नियमित रूप से संचालन करवाएंगे। इसके अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदान केंद्र क्षेत्र में मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप की जानकारी देंगे तथा भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, सिरमौर के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफोर्म का अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार करेंगे और संबंधित मतदाताओं/संभावित मतदाताओं को इनमें जोड़ने का कार्य भी करेंगे।



**लाभ** बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह में प्रदेश सरकार दे रही 31 हजार रुपए की धनराशि

# मुख्यमंत्री शगुन योजना से साकार हुआ बेटी का विवाह

**एसपी जैरथ, नाहन**

प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह में वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शगुन योजना चलाई गई है।

इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बीपीएल परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक हो सके साथ ही उनके परिवार को आर्थिक तंगी के चलते बेटियों के विवाह में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस योजना के माध्यम से बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा 31 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री शगुन योजना के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे बहुत से परिवारों की बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। ऐसी ही एक लाभार्थी लक्ष्मी देवी, जो कि जिला सिरमौर के पांवटा साहिब की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि बेटी साक्षी की शादी अच्छे से करना उनका सपना था, लेकिन आर्थिक तंगी उनके लिए सबसे बड़ी बाधा बनी हुई थी। लक्ष्मी देवी की आमदनी इतनी नहीं थी कि वह शादी का पूरा खर्च उठा सकें, साथ ही रिश्तेदारों से मदद मिलना भी मुश्किल था क्योंकि सभी सीमित संसाधनों में जीवन व्यतीत कर रहे थे।



वह बेटी के विवाह के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं जुटा पा रही थी, जिस कारण उन्हें बेटी के विवाह में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। लक्ष्मी देवी ने बताया कि वह अपनी पुत्री के विवाह के लिए धन का बंदोबस्त कर रही थी, इसी दौरान उन्हें पता चला कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए 31 हजार रुपए की धनराशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके उपरांत लक्ष्मी देवी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री शगुन योजना के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपनी बेटी के विवाह के लिए मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन किया, तदोपरांत उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत मिलने वाली 31 हजार रुपए की धनराशि प्राप्त हुई। लक्ष्मी देवी ने बताया कि बेटी के विवाह में मुख्यमंत्री शगुन योजना के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता से उनकी बेटी के विवाह में कोई परेशानी आड़े नहीं आई और उनकी बेटी का विवाह धूमधाम से हो सका। लक्ष्मी देवी तथा उनके पूरे परिवार ने मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत प्राप्त 31 हजार रुपए की धनराशि के लिए प्रदेश सरकार तथा मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री शगुन योजना की जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब गीता सिंगटा ने बताया कि मुख्यमंत्री शगुन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए वधू की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक तथा बीपीएल परिवार से होना अनिवार्य है। इस के अतिरिक्त बालिका का विवाह राज्य से बाहर होने की स्थिति में भी इस योजना का लाभ मिलता है। मुख्यमंत्री शगुन योजना के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में या आंगनबाडी वर्कर्स तथा सुपरवाइजर के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत विवाह से दो महीने पहले या विवाह के छह महीने के भीतर भी आवेदन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन ने किया मां भगवती चौकी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन ने इस बार सपरून चौक के समीप शनिवार सायं 30वीं मां भगवती की विशाल चौकी और भंडारे का आयोजन किया।

मशहूर गायक मुनिदर चंचल एंड पार्टी यमुनानगर वाले ने देर रात्रि तक महामाई का गुणगान किया और अपनी सुरीली आवाज से भेंटों की प्रस्तुति देकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। शनिवार सायं सपरून चौक के समीप शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन ने हर वर्ष की भांति इस बार भी मां भगवती की चौकी का आयोजन किया। यूनियन के सदस्यों की टोली, जैसे ही ज्वालाजी से माता की साची ज्योति लेकर सपरून चौक के समीप पहुंची, तो परंपरा अनुसार यूनियन प्रधान धर्मपाल ठाकुर और कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने मां की ज्योति का फूलों की वर्षा कर और पटाखे फोड़कर पूरी भव्यता के साथ स्वागत किया। इसके बाद माता की ज्योति को शहरवासियों के दर्शनार्थ के लिए पूरे शहर में परिक्रमा करवाई गई। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों के बीच माता की ज्योति को पुराना बस स्टैंड से माल रोड होते हुए जागरण स्थल तक लाया गया।

शनिवार सायं करीब साढ़े सात बजे माता की ज्योति को चौकी स्थल सपरून में मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया। इसके बाद लोगों ने कतारों में लगकर ज्वालाजी से लाई गई माता की साची ज्योति के दर्शन कर और माता के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। माता के चरणों में शीश नवाने और उनसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। मां भगवती की चौकी में सोलन शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों ने मां के दरबार में हाजिरी भरी और आशीर्वाद प्राप्त किया। सोलन से पूर्व में भाजपा के प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप भी अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ जागरण में शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी स्कूल अब छात्रों के लिए किचन गार्डन प्लांट कर रहा निर्धारित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, शहर का प्रत्येक सरकारी स्कूल अब छात्रों के लिए किचन-गार्डन प्लॉट निर्धारित कर रहा है। पीएम एसएचआरआई जीएमएसएसएस धनास के अपने हालिया दौरे के दौरान, राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि परिसर के भीतर



प्रकृति के साथ व्यावहारिक बातचीत सीखने को गहरा करती है और पर्यावरण के प्रति आजीवन सम्मान को बढ़ावा देती है। इस आह्वान का जवाब देते हुए शिक्षा विभाग ने औपचारिक रूप से सरकारी स्कूलों में किचन-गार्डन कार्यक्रम शुरू किया है। बागवानी गतिविधियों में शामिल होकर, छात्र पौधों की देखभाल करने, विकास की जटिलताओं को समझने और टिकाऊ प्रथाओं के महत्व को समझने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करते हैं। यह व्यावहारिक प्रदर्शन पहले से ही छात्रों के बीच पर्यावरण साक्षरता को मजबूत कर रहा है। जिस उत्साह के साथ छात्रों ने इन उद्यानों को अपनाया है, वह इस अभिनव शैक्षिक अभ्यास की प्रभावशीलता के बारे में बहुत कुछ बताता है। प्रशासन इन उद्यानों का विस्तार करने और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि चंडीगढ़ का हर बच्चा आत्मविश्वास से कह सके, 'मेरा स्कूल, मेरा गौरव।'

### टंडन ने दिव्यांगजनों को बांटे अंग और कैलिपर्स फिटमेंट




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था नारायण सेवा संस्थान द्वारा रविवार को सेक्टर 49 के सामुदायिक केंद्र में दिव्यांगजनों को निशुल्क अंग और कैलिपर्स फिटमेंट शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एव हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यातिथि संजय टंडन ने नारायण सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को अपने पैरों पर खड़ा करने और उनको आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह एक नेक कार्य है ताकि वे लोग भविष्य में स्वावलंबी बनकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें और आम जन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में भागीदारी कर सकें।

### कैबिनेट मंत्री बेदी ने किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि नरवाना बार एसोसिएशन अति आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और अधिवक्ताओं एवं कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की सुविधाओं के अनुसार सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएंगी। बेदी नरवाना (जींद) बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने बार एसोसिएशन में डिजिटल सुविधाओं से लैस ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी बनने से अधिवक्ताओं को आधुनिक तकनीक की सुविधा मिलेगी। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से अब वकील उच्च न्यायालय और माननीय सर्वोच्च न्यायलय के फैसले और अन्य प्रमाणित दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा भविष्य में वकीलों की मांग पर सभी प्रकार के मामलों की प्रक्रिया भी डिजिटल प्लेटफार्म पर लाई जाएगी। इससे कानूनी शोध और विभिन्न केसों की तैयारी में अधिवक्ताओं को ऑनलाइन मदद मिलेगी साथ ही न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता दक्षता भी बढ़ेगी जिसका सीधा फायदा लंबित मामलों के जल्दी निपटान से संबंधित पक्षों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा की उनका प्रयास है की नरवाना शिक्षित, सुरक्षित और विकसित क्षेत्र बने, इसके लिए वह निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# सीएम ने महेंद्रगढ़ में 152 करोड़ की 30 परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को महेंद्रगढ़वासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 152 करोड़ 87 लाख 92 हजार रुपये लागत की 30 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, इनमें 81 करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपए की लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 71 करोड़ 38 लाख 62 हजार रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।




महेंद्रगढ़ विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पैसे जमा करवा रखे हैं, ऐसे 1450 नलकूप कनेक्शनों को अगले तीन महीने में जारी किया जाएगा। इसके अलावा 2023 तक जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वे भी जल्द पैसे जमा करवा दें। उनके कनेक्शन भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में एक नई अनाज मंडी बनाने की भी घोषणा की। साथ ही, गांव उस्मापुर, बारड़ा, खातौद या जड़वा में जमीन उपलब्ध करवाने पर पशु औषधालय और पशु चिकित्सालय बनाया जाएगा, इसके लिए उन्होंने एक करोड़ 51 लाख रुपए की घोषणा की। गांव डीगरोता के पशु औषधालय को 40 लाख रुपए की लागत से पशु चिकित्सालय में अपग्रेड किया जाएगा। एलडीए कॉलेज की फिजिबिलिटी चैक करवाकर इस कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव आकोदा में बिजली का सब-डिविजन स्थापित किया जाएगा। मकानों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को हटाया जाएगा। इसके लिए तीन करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि डालनवास गांव में 33 केवी तथा महेंद्रगढ़ शहर में 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। महेंद्रगढ़ विधानसभा में 56 कॉलोनियों में बिजली व्यवस्था की जाएगी। महेंद्रगढ़ से नारनौल तक 33 हजार केवी की बंद पड़ी लाइन को हटाया जाएगा।

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खातोद में जमीन उपलब्ध करवाने पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर बनाया जाएगा। चार माइनरों निहालवास, जैरपुर, सीसोठ, खायरा के पुनर्निर्माण के लिए छह करोड़ 60 लाख की घोषणा की। महेंद्रगढ़ विधानसभा में 180 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। सात सड़कों, जिनकी लंबाई 36 किलोमीटर है, की भी स्पेशल रिपेयर का कार्य जून माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

## खेल मंत्री ने पलवल में किए 1.60 करोड़ के विकास कार्यों के शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पलवल सहित हरियाणा प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास का सिलसिला लगातार जारी है। आने वाले पांच वर्षों में विकास कार्यों को लेकर पलवल की अपनी अलग ही पहचान होगी।

**बोले-विकास के बलबूते नई पहचान स्थापित करेगा पलवल**

खेल मंत्री रविवार को पलवल शहर के वार्ड नंबर-8 और 13 में लगभग 1.60 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलवल शहर के लाइन पार के इस्लामाबाद क्षेत्र को ईश्वर नगर और शमशाबाद के इलाके को सिद्धार्थनगर करने का प्रस्ताव है। इस पर कार्रवाई की जा रही है और यह प्रस्ताव कमेटी को भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के पूर्ण होने से यहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि वे स्वच्छता के मामले में पलवल को नंबर वन बनाएंगे, जिसके लिए उन्होंने आमजन से पलवल को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के गांव भी अब शहरों जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, नगर परिषद पलवल के अध्यक्ष डॉ. यशपाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एमसीएम में एनसीसी कैडेट्स के लिए लगाई 'पिपिंग सेरेमनी'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ ने एक चंडीगढ़ गर्ल्स बटालियन के सहयोग से सत्र 2025-26 के लिए एनसीसी आर्मी विंग की 'पिपिंग सेरेमनी' का आयोजन किया। यह गरिमामयी और सम्मानपूर्ण आयोजन नव-नियुक्त कैडेट लीडर्स को रैंक प्रदान करने के उत्सव के रूप में आयोजित किया गया, जो राष्ट्रीय कैडेट कोर की अनुशासन, नेतृत्व और प्रतिबद्धता की भावना को दर्शाता है।

इस अवसर को कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या नीना शर्मा ने अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति से गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि हमारी एनसीसी कैडेट्स दृढ़ता, शक्ति और नेतृत्व का प्रतीक हैं। उनके प्रयास उन मूल्यों का प्रतिबिंब हैं, जिन्हें हम एमसीएम डीएवी में मानते हैं, ऐसी महिलाओं का निर्माण जो ईमानदारी, साहस और विश्वास के साथ नेतृत्व करें।

उन्होंने गर्ल्स बटालियन एनसीसी और चंडीगढ़ ग्रुप मुख्यालय का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कैडेट्स के व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता के निर्माण में निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि यह सहयोग कॉलेज की उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## भाजपा चंडीगढ़ के पतन की जिम्मेदार : एचएस लक्की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सुंदरनगर पार्ट-2, मौली जागरां में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लो ने विशेष रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर एचएस लक्की, जिला अध्यक्ष सुरजीत ढिल्लो एवं ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्रा ने ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज भी जनता की सच्ची आवाज है, और हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह जनसमस्याओं को न केवल समझे बल्कि उन्हें पार्टी के माध्यम से हल करवाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाए।

लक्की ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस को और मजबूती से खड़ा करने के लिए हर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने आह्वान किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाएं तथा जनसेवा को अपना मूल मंत्र बनाएं।

लक्की ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने चंडीगढ़ जैसे सुंदर और सुव्यवस्थित शहर को बदहाल बना दिया है। शहर की सड़कों की हालत खस्ता है, जल निकासी व्यवस्था चरमरा गई है और लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक ठीक से नहीं मिल रहीं। लक्की ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चंडीगढ़ को विकास से नहीं, विनाश से जोड़ा है। निगम से लेकर प्रशासन तक सब कुछ भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है और जनता की आवाज़ को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समय संगठन को मजबूत करने का है ताकि भाजपा की जनविरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला किया जा सके।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि अब घर बैठने का वक्त नहीं है, हर गली, हर वार्ड, हर मोहल्ले में जाकर जनता को भाजपा की नाकामियों से अवगत कराएं और कांग्रेस का झंडा बुलंद करें।

सुरजीत सिंह ढिल्लो ने मनीमाजरा क्षेत्र की जमीनी समस्याओं पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़कों की हालत, पीने के पानी की कमी, पार्किंग की समस्या और अन्य नागरिक सुविधाओं की बदहाली जनता को भारी परेशानियों में डाल रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और समाधान करेगी।

### रियलटी शो विनर को मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का एक और 'आउट ऑफ द बॉक्स' आइडिया सामने आया है। अमेरिका की नागरिकता अब कानूनी प्रक्रिया और स्किल दस्तावेज ही नहीं बिग बॉस जैसे रियलिटी टीवी शो से भी पाई जा सकेगी। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने इसके लिए प्रोजेक्ट 'द अमेरिकन शो' बनाया है। इस अनोखे टीवी शो में अलग-अलग देशों से आए इमीग्रेंट्स अमेरिकी परंपराओं, रीति-रिवाज और देश भक्ति से जुड़े टास्क में हिस्सा लेंगे। विजेता को अमेरिकी नागरिकता दी जाएगी। इस रियलिटी शो का लाइव टेलीकास्ट नेटफ्लिक्स पर भी किया जाएगा। प्रोजेक्ट 'द अमेरिकन शो' के पहले एपिसोड में 12 कंटेस्टेंट शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### संजय राउत ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पर उठाए सवाल

**एजेंसी, मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि



विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार करना चाहिए था। यह कदम 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। राउत ने आरोप लगाया कि यह प्रतिनिधिमंडल सरकार द्वारा किए गए 'पापों और अपराधों' का बचाव करेगा। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति के रुख से सीएम स्टालिन नाखुश

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाए हैं। इसे लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। अब सीएम स्टालिन ने गैर भाजपा शासित राज्यों के सीएम को पत्र लिखा है। सीएम स्टालिन ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार अधिकार का उपयोग करते हुए 13 मई, 2025 को 14 प्रश्न उठाए हैं। इसमें किसी राज्य या फैसले का जिक्र नहीं है, लेकिन यह साफ है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल के मामले में की टिप्पणियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के संबंध में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल मेरे ही नहीं, बल्कि सभी राज्यों के लिए अहम है। सभी जानते हैं कि कैसे केंद्र सरकार ने राज्यपालों का उपयोग विपक्ष शासित राज्यों के कार्यों को बाधित करने के लिए किया है। वे नियमित कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों में बाधा डालते हैं और विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हैं। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

## अमेरिका में भीषण तूफान से 48 घंटों में 27 लोगों की मौत



अमेरिका में भीषण तूफान से घरों की छतें और दीवारें हवा में उड़ गईं। तूफान से कई मकान ढह गए।

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में भीषण तूफान से पिछले 48 घंटों में 27 लोगों की मौत हो गई। इसका मिसौरी और दक्षिण-पूर्वी केंटकी समेत 7 राज्यों में सबसे ज्यादा असर हुआ है। 27 में से 18 मौतें केंटकी में, 7 मौतें मिसौरी में और 2 मौतें नॉर्थ वर्जीनिया में हुईं। मौत का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। पॉवरआउटेज.यूएस के मुताबिक, रविवार सुबह तक 12 राज्यों में लगभग 6.60 लाख घर में बिजली सप्लाई ठप पड़ गई। तूफान के दौरान 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई घरों की छत और दीवार हवा में उड़ गई। शहर के शहर मलबे में बदल गए। हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हजारों लोगों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। केंटकी में तूफान की वजह से कई घर मलबे के ढेर में बदल गए। तबाही का एरियल व्यू। केंटकी में तूफान की वजह से कई घर मलबे के ढेर में बदल गए। (अनंत ज्ञान)

**12 राज्य प्रभावित 6.50 लाख घरों की बिजली गुल**

**तूफान की वजह से आए टॉरनेडो**

**तूफान** की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से यह भीषण टॉरनेडो में बदल गया। इस वजह से इन इलाकों में ज्यादा नुकसान हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह तूफान कई दिनों तक चलेगा। अगले कुछ हफ्तों तक भारी बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि टॉरनेडो लाने वाला यह सिस्टम अब कमजोर पड़ रहा है, लेकिन मेक्सिको बॉर्डर के पास एक और गंभीर तूफान की आशंका है, जिससे दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका में 2 करोड़ से ज्यादा लोग मुश्किल में पड़ सकते हैं।

### कैलिफोर्निया में कार विस्फोट में एक की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के पाम स्प्रिंग्स शहर में शनिवार को एक फर्टिलिटी क्लिनिक के बाहर जोरदार धमाका हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और क्लिनिक को गंभीर नुकसान पहुंचा। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने इसे जानबूझकर किया गया आतंकवादी कृत्य बताया है। एफबीआई लॉस एंजेलिस कार्यालय के प्रमुख अकील डेविस ने कहा कि क्लिनिक को जानबूझकर निशाना बनाया गया था, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि अधिकारी इस नतीजे तक कैसे पहुंचे। मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है। डेविस ने यह नहीं बताया कि मृतक ही संदिग्ध था या नहीं। हालांकि उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी और संदिग्ध की तलाश नहीं की जा रही है। डेविस ने यह भी बताया कि इस धमाके में चार लोग घायल हुए हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें आई चोटें कितनी गंभीर हैं। अधिकारियों को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या इस धमाके का कहीं सीधा प्रसारण किया गया था। (अनंत ज्ञान)

## आईएमएफ ने राहत कार्यक्रम में जोखिम को लेकर पाक को चेताया

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने राहत कार्यक्रम की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं। इसके साथ ही आईएमएफ ने पाकिस्तान को चेताया है कि भारत के साथ तनाव से योजना के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं।

**अगली किस्त जारी करने के लिए 11 नई शर्तें लगाईं**

रविवार को मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान पर लगाई गई नई शर्तों में 17,600 अरब रुपए के नए बजट को संसद की मंजूरी, बिजली बिलों पर ऋण भुगतान अधिभार में वृद्धि और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध को हटाना शामिल है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ द्वारा शनिवार को जारी कर्मचारी स्तर की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से इस कार्यक्रम के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो सप्ताह में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अबतक, बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हाल के अधिकांश लाभ को बरकरार रखा है।

आईएमएफ की रिपोर्ट में अगले वित्त वर्ष के लिए रक्षा बजट 2,414 अरब रुपए दिखाया गया है, जो 252 अरब रुपए या 12 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान की तुलना में सरकार ने इस महीने की शुरुआत में भारत के साथ टकराव बढ़ने के बाद रक्षा क्षेत्र के लिए 2,500 अरब रुपए या 18 प्रतिशत अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है। (अनंत ज्ञान)

## विदेशी निवेशकों ने मई में अब तक किया 18,620 करोड़ का निवेश

**एजेंसी, मुंबई**

विदेशी निवेशकों ने मई में अब तक 18,620 करोड़ रुपए का निवेश किया है। भारत पाकिस्तान तनाव के बावजूद विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में लगातार खरीददारी कर रहे हैं। इससे पहले अप्रैल में 4,223 करोड़ रुपए की खरीदारी के साथ



विदेशी निवेशक 2025 में पहली बार नेट बायर्स बने थे। साल के शुरुआती तीन महीनों में 1.4 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली की थी। विदेशी निवेशकों ने पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में 78,027 और 34,574 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे। मार्च में 3,973 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई थी। अप्रैल के दो कारोबारी हफ्तों में 25,897 करोड़ रुपए की खरीददारी का रिकॉर्ड बनाया था। (अनंत ज्ञान)

## रूस और चीन चांद पर बनाएंगे स्वचालित परमाणु ऊर्जा स्टेशन

**एजेंसी, मॉस्को**

चीन और रूस की दोस्ती चांद तक पहुंच गई है। दोनों देश 2035 तक चंद्रमा पर स्वचालित परमाणु ऊर्जा स्टेशन बनाने जा रहे हैं, जिसे 2035 तक तैयार किया जाना है। इसे लेकर मॉस्को और बीजिंग ने सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कॉस्मोस और चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन ने इस महीने की शुरुआत में दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।




इस पावर स्टेशन के प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय चंद्र रिसर्च स्टेशन (ILRC) का हिस्सा होने की उम्मीद है। रोस्कॉस्मोस ने 8 मई को बताया कि ILRC के दीर्घकालिक मानवरहित संचालन के लिए मौलिक अंतरिक्ष अनुसंधान और परीक्षण प्रोद्योगिकी का संचालन करेगा, जिसमें चंद्रमा पर मानव उपस्थिति की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय चंद्र रिसर्च स्टेशन की घोषणा पहली बार साल 2017 में की गई थी। इसमें वेनेजुएला, बेलारूस, अजरबैजान, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, निकारागुआ, थाइलैंड, सर्बिया, पाकिस्तान, सेनेगल और कजाकिस्तान जैसे देशों की भागीदारी है। आईएलआरएस को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के 100 किलोमीटर के भीतर स्थित होने की उम्मीद है। इसमें दीर्घकालिक स्वायत्त संचालन और अल्पकालिक मानव मिशन शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)


**सियासत** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर के शामिल होने से कांग्रेस में मतभेद

## थरूर पर भाजपा का दांव कांग्रेस के लिए सिरदर्द

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर के शामिल होने की घोषणा के बाद कांग्रेस में मतभेद बढ़ गए हैं। उन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में जमीन-आसमान का फर्क है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मामले में ईमानदारी नहीं, सिर्फ शरारत दिखाई है और वह ध्यान भटकाने का खेल खेल रही है क्योंकि उसका नैरिटव 'पंचर' हो गया है।





उन्होंने यह भी कहा कि यह अच्छी लोकतांत्रिक परंपरा रही है कि आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले सांसद अपनी पार्टी नेतृत्व से अनुमति लेते हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि थरूर पार्टी लाइन से भटक रहे हैं।

इन सब बातों को देखते हुए थरूर का सरकार का प्रस्ताव स्वीकार करना, पार्टी को चुनौती देने जैसा लग रहा है, लेकिन इन सब शिकवा-शिकायतों के बावजूद कांग्रेस शशि थरूर के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस पार्टी थरूर के बारे में फैसला लेने से पहले कई बातों पर विचार करेगी। सबसे जरूरी बात यह है कि केरल में आने वाले चुनाव में पार्टी को लेफ्ट फ्रंट और भाजपा से कड़ी टक्कर मिल रही है। बीजेपी कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। लिहाजा, कांग्रेस को पता है कि बीजेपी थरूर के कंधे पर रखकर बंदूक चला रही है, ऐसे में कोई फैसला लेने से पहले कांग्रेस हाई कमान विभिन्न पहलुओं पर विचार करेगा। दूसरा, शशि थरूर की छवि जेंटलमैन की है, पार्टी नहीं चाहेगी कि पार्टी से एक भद्रजन चला जाए। (अनंत ज्ञान)

**कांग्रेस के रुख पर भाजपा ने उठाए सवाल**

**कांग्रेस** के रुख पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा कि शशि थरूर की वाक्पटुता, उनके लंबे अनुभव और विदेश नीति पर उनकी गहरी समझ से कोई इनकार नहीं कर सकता, तो फिर कांग्रेस पार्टी और खासकर राहुल गांधी ने उन्हें क्यों नहीं चुना? क्या यह असुरक्षा है? जलन है या सिर्फ उन लोगों के प्रति असहिष्णुता है जो हाई कमान से आगे निकल जाते हैं?


## मायावती ने भतीजे को चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया

**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी है। आकाश को चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। यह नंबर-2 की पोजिशन है। यानी, मायावती के बाद अब पार्टी में आकाश होंगे। आकाश को अब तक का सबसे बड़ा पद दिया गया है। पार्टी ने पहली बार चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर का पद बनाया है। इससे पहले आकाश नेशनल को-ऑडिनेटर थे। बसपा तीन हिस्सों में बंटी है। उत्तर भारत, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत। इसे तीन नेशनल को-ऑडिनेटर देखते हैं। तीन नेशनल को-ऑडिनेटर राजा राम, रामजी गौतम और रणधीर सिंह बेनीवाल हैं। अब ये तीनों आकाश को रिपोर्ट करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंग्लैंड दौरे के लिए कानितकर होंगे भारत-ए टीम के मुख्य कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत-ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी।



कानितकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे। भारत की 18 सदस्यीय टीम के 25 या 26 मई को इंग्लैंड रवाना होने की उम्मीद है। भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेला जाएगा। नॉर्थैम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के बाद भारत-ए टीम बेकनहम में 13 से 16 जून तक भारत सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले ए टीम से जुड़ जाएंगे। वहीं, क्रिकबज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम का चयन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसका चयन शुरू में 23 मई को किया जाना था, लेकिन आईपीएल के स्थगित होने और फिर से शुरू होने के कारण, इसमें देरी होने की संभावना है। वहीं, इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से लगभग दो सप्ताह पहले छह जून को रवाना होगी। (अनंत ज्ञान)

### हरभजन सिंह बोले- असली फैंस तो सिर्फ धोनी के ही हैं

**एजेंसी, बेंगलुरु।** करीब 10 दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आईपीएल 2025 की एक बार फिर से शुरुआत हो चुकी है। हालांकि, शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच चिन्नास्वामी में मुकाबला बारिश से धुल गया। इस लीग में हर फ्रेंचाइजी के बीच टक्कर के साथ-साथ फैंस के बीच भी जबरदस्त टक्कर देखने को मिलती है। इसी बीच भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का एक विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने एक शो पर कहा कि मौजूदा समय में एकमात्र भारतीय क्रिकेटर जिनके 'असली प्रशंसक' हैं, वह हैं चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी हैं। शो के दौरान हरभजन ने कहा कि धोनी के प्रशंसक असली हैं, जबकि अन्य खिलाड़ियों के प्रशंसकों को पैसों दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी क्रिकेटर के असली प्रशंसक हैं तो वह धोनी के हैं। बाकी को भुगतान किया जाता है। उनके अंदर कितनी क्रिकेट बची है और जब तक दम है खेलो भाई। (सीएसके) मेरी टीम होती तो शायद मैं कुछ और फैसला लेता। और सीधी सी बात है फैन तो चाहेंगे कि वह खेलें, क्योंकि वह उनके फैन जो हैं। (अनंत ज्ञान)



### प्रीमिला मोरार का बोल्ड अंदाज

**न्यूजीलैंड** के क्रिकेटर रचिन रवींद्र की पत्नी प्रीमिला मोरार न्यूजीलैंड की मैसी यूनिवर्सिटी से पासआउट हैं और 'द फूड ड्यूड्स एनजेड' कंपनी में काम करती हैं। प्रीमिला क्रिकेट की बहुत बड़ी फैन नहीं हैं, लेकिन रचिन रवींद्र को डेट करने के बाद उन्होंने खेल में अधिक रुचि लेना शुरू कर दिया है। वह अकसर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रचिन रवींद्र के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



### मनिका, मानव विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे

**एजेंसी, दोहा।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। बाईसवीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अंतिम 64 दौर में उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी ठक्कर ने भी शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया। 18 साल के अंकुर भट्टाचार्जी का सफर हालांकि शुरुआती दौर में खत्म हो गया। वह पुरुष एकल में हांगकांग के लैम सियू हैंग से 1-4 (11-4, 7-11, 9-11, 10-12, 8-11) से हार गए। युगल मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त मानुष शाह और दीया चिताले की जोड़ी ने अल्जीरिया के मेहदी बौलोसा और मालिसा नासरी पर 3-0 (11-2, 11-7, 11-6) से एकतरफा जीत दर्ज की।

## आईपीएल वढेरा-शशांक के अर्द्धशतक, बराड़ ने झटके 3 विकेट

# पंजाब किंग्स ने बेंगलुरु को 10 रन से हराया



रन लेने के बाद बात करते जायसवाल व सूर्यवंशी।

**एजेंसी, जयपुर**

पंजाब किंग्स की टीम नेहाल वढेरा और शशांक सिंह के आतिशी अर्द्धशतकों के बाद बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के तीन विकेट की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हराकर प्लेऑफ के करीब पहुंच गई।

इस जीत से पंजाब किंग्स के 12 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरह 17 अंक हो गए हैं। इससे वह 2014 के बाद पहली बार तालिका में शीर्ष दो स्थान की दौड़ में शामिल है। कोच रिकी पोंटिंग की टीम को प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित करने के लिए महज एक और अंक की जरूरत है।

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए वढेरा (70 रन) और शशांक (नाबाद 59 रन) के आतिशी अर्द्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 219 रन बनाए। वढेरा ने महज 37 गेंद की पारी में पांच चौके और पांच छक्के जड़े। यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उनके अलावा शशांक सिंह ने 30 गेंद की नाबाद पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के जमाए। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर की जगह उतरे बराड़ ने गजब की गेंदबाजी की और 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जिससे राजस्थान रॉयल्स की अपने घरेलू दर्शकों के सामने आखिरी मैच में जीत की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी जबकि उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरूआत की थी।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (50 रन) और ध्रुव जुरेल (53 रन) के अर्धशतक के बावजूद राजस्थान की टीम सात विकेट पर विकेट पर 209 रन ही बना सकी। (अनंत ज्ञान)

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| आर्या क.हेटमायर ब. देशपांडे | 08 | 07 | 1/0 |
| प्रभसिमरन क. सैमसन ब. देशपांडे | 21 | 10 | 3/1 |
| ओवेन क. सैमसन ब. मफाका | 00 | 02 | 0/0 |
| वढेरा क. हेटमायर ब. आकाश | 70 | 37 | 5/5 |
| अय्यर क. जायवाल ब. पराग | 30 | 25 | 5/0 |
| शशांक (नाबाद) | 59 | 30 | 5/3 |
| उमरजेई (नाबाद) | 21 | 09 | 3/1 |
| **अतिरिक्त** | 09 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **219/9** | | |

**विकेट पतन** : 1-19, 2-34, 3-34, 4-101, 5-159.
**गेंदबाजी :** फारूकी 3-0-39-0, देशपांडे 4-0-37-2, मफाका 3-0-32-1, पराग 3-0-26-1, हसरंगा 3-0-38-0, आकाश 4-0-48-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. ओवेन ब. बराड़ | 50 | 25 | 9/1 |
| सूर्यवंशी क. बार्टलेट ब. बराड़ | 40 | 15 | 4/4 |
| सैमसन क. यानसेन ब. उमरजेई | 20 | 16 | 1/1 |
| पराग ब. बराड़ | 13 | 11 | 0/1 |
| जुरेल क. ओवेन ब. यानसेन | 53 | 31 | 3/4 |
| हेटमायर क. बार्टलेट ब. उमरजेई | 11 | 12 | 1/0 |
| दुबे (नाबाद) | 07 | 07 | 0/0 |
| हसरंगा क. प्रभसिमरन ब. यानसेन | 00 | 01 | 0/0 |
| मफाका (नाबाद) | 08 | 02 | 2/0 |
| **अतिरिक्त** | 07 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **209/7** | | |

**विकेट पतन** : 1-76, 2-109, 3-114, 4-144, 5-181, 6-200, 7-200.
**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-60-0, यानसेन 3-0-41-2, बार्टलेट 1-0-12-0, बराड़ 4-0-22-3, चहल 4-0-30-0, उमरजेई 4-0-44-2.

## केएल राहुल ने 35 गेंदों में लगाया अर्द्धशतक



विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते गिल व अरशद खान।

**एजेंसी, जयपुर**

रविवार को आईपीएल का 60वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया। इस मैच में दिल्ली जीत के साथ प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखने उतरी है। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।

पहले बल्लेबाजी करने आए दिल्ली के ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल और फाफ डुप्लेसिस ने थोड़ी देर पारी को संभाला लेकिन डुप्लेसिस कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 10 गेंदों में 5 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें अरशद खान ने सिराज के हाथों कैच करवाया। उसके बाद अभिषेक पोरेल ने राहुल को साथ दिया और 18 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें साई किशोर ने बटलर के हाथों कैच करवाया। समाचार लिखे जाने तक दिल्ली ने 2 विकेट के नुकसान पर 106 रन बना लिए थे। राहुल (66) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनका साथ अक्षर पटेल दे रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## हमने दिखाया कि परिस्थिति चाहे जो भी हो, हम जीतना चाहते हैं : अय्यर

**एजेंसी, जयपुर**

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बात से खुश हैं कि उनकी टीम ने राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाजों द्वारा दबाव में लाए जाने के बाद सही मानसिकता का प्रदर्शन किया जिससे मेहमान टीम रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्ले-ऑफ में एक कदम आगे बढ़ गई। पंजाब ने पांच विकेट पर 219 रन बनाए लेकिन यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 4.5 ओवर में 76 रन बना दिए। पर हरप्रीत बराड़ ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब किंग्स के लिए मौका बनाया। मैच के बाद अय्यर ने कहा, ''खिलाड़ी जोश में थे। हमने दिखाया कि परिस्थिति चाहे जो भी हो हम जीतना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब विपक्षी टीम अच्छा खेलती है तो हाव-भाव पर असर पड़ता है। बराड़ नेट्स में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आज उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी मानसिकता पूरे समय जबरदस्त रही। उनका दृष्टिकोण और रवैया शानदार रहा। '' अय्यर ने खुलासा किया कि उन्हें 'उंगली में चोट' लगी है, लेकिन नहीं पता कि यह चोट कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा, ''पता नहीं क्या हुआ है। कल अभ्यास के दौरान मुझे गेंद लगी। जांच करानी होगी।'' वहीं घरेलू टीम के कप्तान संजू सैमसन ने अफसोस जताया कि वे पावरप्ले की लय बरकरार नहीं रख पाए। सैमसन ने कहा, ''विकेट और आउटफील्ड को देखते हुए यह संभव था। हमारे बल्लेबाजी क्रम और पावर-हिटर्स के साथ हमें लगा कि यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हमें बस अपना काम पूरा करना है और पारी को खत्म करना है। '' (अनंत ज्ञान)



## कोहली ने टीम इंडिया की सफलता के लिए कई त्याग किए : फिंच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्हें एक ऐसे बल्लेबाज और एक ऐसे कप्तान के रूप में जाना जाएगा जिसने खेल के सबसे पुराने प्रारूप की प्रतिष्ठा को ऊपर उठाने के लिए वह सब किया जो वह कर सकते थे।



टेस्ट में कोहली की कप्तानी में भारत ने कुछ ऐसे रिकॉर्ड्स बनाए, जो पहले कभी नहीं देखे गए। खासकर विदेशी परिस्थितियों में कोहली की टीम ने कई इतिहास रचे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरॉन फिंच ने इसका खुलासा किया है।

उन्होंने बताया है कि कैसे कोहली ने टीम इंडिया को खुद से हमेशा ऊपर रखा और जो किया टीम की जीत के लिए किया। फिंच की बात से भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री भी सहमत दिखे।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पिछले कुछ वर्षों में एक बल्लेबाज के रूप में कोहली की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन इसके पीछे उनका निस्वार्थ है। फिंच ने बताया कि कैसे कोहली ने अपने घर में टेस्ट सीरीज के दौरान स्पिन-फ्रेंडली पिचों का समर्थन किया ताकि उनकी टीम को जीत हासिल करने का बेहतर मौका मिल सके, भले ही इस तरह की रणनीति से उनके प्रदर्शन पर असर पड़े। (अनंत ज्ञान)

## ईसीबी ने डाटा विश्लेषकों वाइल्ड और लेमन को किया बर्खास्त : रिपोर्ट

**एजेंसी, लंदन**



इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से कुछ सप्ताह पहले अपने डाटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया, क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से शुरू होगा।

'द डेली टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के मुताबिक, ''इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी।'' रिपोर्ट के मुताबिक, ''लीमन और वाइल्ड क्रमश: इंग्लैंड के वरिष्ठ डाटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक है। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी भागीदारी समाप्त कर रहे हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया, ''दोनों ही इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज में शामिल नहीं होंगे। इस सीरीज से हैरी ब्रुक कप्तान के तौर पर अपने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करेंगे।'' मैकुलम केवल डाटा पर आधारित दृष्टिकोण में विश्वास नहीं रखते हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान का मानना है कि यह खेल के लंबे प्रारूप की की तुलना में टी20 प्रारूप के लिए अधिक उपयुक्त है।

मैकुलम को यह भी लगता है कि सहायक कर्मचारियों की कम संख्या माहौल को सरल बनाये रखने में मददगार होती है। उन्होंने कहा, ''इस दृष्टिकोण के तहत इंग्लैंड के खिलाड़ियों को अपनी तैयारी और प्रदर्शन के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जायेंगे । इसके साथ ही मैच वाले दिनों में ड्रेसिंग रूम को अव्यवस्थित होने से बचाने के लिए सहायक कर्मचारियों की संख्या में कमी की गई है।'' वास्तव में इंग्लैंड का दृष्टिकोण भारत के विपरीत रहा है, जहां राहुल द्रविड़ के युग में डाटा पर अधिक जोर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, ''खिलाड़ी अपने स्तर पर विश्लेषकों की सलाह ले सकते हैं लेकिन उन्हें अंतर्मन पर अधिक भरोसा करने की सलाह दी जाएगी।'' (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेटर खुद के बारे में जानकर उठा सकते हैं अपनी क्षमता का अधिकतम लाभ : द्रविड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पेशेवर तौर पर क्रिकेट से जुड़ने की चाह रखने वाले लोगों को सफलता के लिए खुद को परख कर अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने की सलाह दी।

कोच के तौर पर भारत को टी-20 विश्व चैंपियन बनाने के बाद मौजूदा सत्र में आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के साथ काम कर रहे द्रविड़ ने ' जियो हॉटस्टार' के 'हल्ला बोल' के एपिसोड में कहा, ''क्रिकेट में अच्छा होना और सिर्फ क्रिकेट का अभ्यास करना निश्चित रूप से आपको कुछ सफलता दिलायेगा। मैंने हालांकि, जिन अच्छे और महान खिलाड़ियों के साथ काम किया है या ड्रेसिंग रूम साझा किया है, उनमें एक चीज सामान्य देखी है, वह यह है कि वे वास्तव में अपनी क्षमता के बारे में जानते थे।'' टेस्ट क्रिकेट में द्रविड़ भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आप एक व्यक्ति के तौर पर खुद को पहचानते हैं और लगातार विकसित होते रहते हैं, तो आपके पास अपनी क्षमता को अधिकतम करने का सबसे अच्छा मौका होता है।'' द्रविड़ ने स्पष्ट किया कि वह तुलना में विश्वास नहीं करते।



द्रविड़ ने कहा, ''यह व्यक्तिगत मामला है, आप खुद को दूसरे लोगों के साथ आंक नहीं सकते, खुद की तुलना दूसरे लोगों से नहीं कर सकते। आपका काम खुद से और आपको जो कौशल मिले हैं, उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करना है। यह तभी संभव है जब आप मैदान पर एक क्रिकेटर के रूप में और मैदान के बाहर एक व्यक्ति के रूप में भी विकसित होंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## गोल्फर दीक्षा डागर संयुक्त नौवें पायदान पर

**एजेंसी, हिल्वरसम (नीदरलैंड्स)**

डच लेडीज ओपन में तीन भारतीयों ने कट में बनाई जगह

भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर डच लेडीज ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से नौवें पायदान पर है। दीक्षा ने आखिरी छह होल में तीन बर्डी और एक बोगी लगाई जिससे उनका कुल स्कोर तीन अंडर का है।

अन्य भारतीयों में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर की नंबर एक खिलाड़ी हिताक्षी बक्शी ने 73 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में 71 का कार्ड खेला था। वह संयुक्त रूप से 26वें पायदान पर है। कट में प्रवेश करने वाली तीसरी खिलाड़ी अवनी प्रशांत रहीं। पहले दौर में 77 का कार्ड खेलने वाली इस खिलाड़ी ने दूसरे दौर में सात शॉट का सुधार किया और संयुक्त 51वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-75) कट में जगह बनाने से चूक गयी जबकि प्राणवी उर्स ने चोट के कारण शुरुआती दौर के बाद नाम वापस ले लिया। (अनंत ज्ञान)



## आईपीएल लखनऊ सुपर जायंट्स के नाम 11 मैचों में 10 अंक, लेकिन नेट रन रेट माइनस 0.469

# लखनऊ को प्लेऑफ में बने रहने के लिए हैदराबाद के खिलाफ जीतना जरूरी

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने 'करो या मरो' मैच में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण एक सप्ताह के निलंबन के बार फिर से शुरू हो रही इस लीग में एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडकर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है, लेकिन नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा। सनराइजर्स के कुछ खिलाड़ियों के लिए लय हासिल करने का एक अच्छा मौका होगा खासकर नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भारत ए के इंग्लैंड दौरे से पहले कुछ उपयोगी पारियां खेलना चाहेंगे।

लखनऊ की टीम के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी निराशा कप्तान पंत का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के बाद वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से 128 रन ही बनाए है। यह इतना निराशाजनक है कि चीजों में यहां से सुधार की ही उम्मीद की जा सकती है।



पंत का नाम भारतीय टेस्ट टीम की उपकप्तानी के लिए चर्चा में है। आईपीएल एक अलग प्रारूप है, लेकिन वह इंग्लैंड दौरे की टीम और कप्तान तथा उपकप्तान जैसी बड़ी घोषणा से ठीक पहले कुछ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

लखनऊ की टीम हालांकि, अपने मुख्य बल्लेबाज निकोलस पूरन (410 रन) से भी एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन चाहेगी। वह शुरुआती पांच-छह मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद वह प्रभावित करने में नाकाम रहे। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम (348 रन) और मिचेल मार्श (378) से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। मध्यक्रम में आयुष बडोनी (326 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी खेल नहीं दिखा पाया है। डेविड मिलर अब तक सिर्फ 160 रन बनाए है।

रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में नाकाम रहे हैं लेकिन दिग्वेश राठी ने अपने पहले सत्र में 12 लेकर प्रभावित किया है। चोटिल मयंक यादव की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से गेंदबाजी में पैनापन आयेगा। टीम हालांकि तेज गेंदबाजी में अनुभवी शारदुल ठाकुर, आवेश खान और आकाश दीप से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिन्दु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**लखनऊ सुपरजायंट्स:** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।